3 बस्तर संभाग
विधायक नाग की भेंट मुलाकात में 32 ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस...

6 अभिमत
आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

10 संस्कारधानी
हड़ताल पर रहे अधिकारी-कर्मचारी, जिले भर में ठप्प रहा...

11 विदेश-व्यापार
अमेरिका ने शुरू किया दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 30 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 309 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### देश में कोरोना के 14 हजार से अधिक मामले

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आकर 30 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही,इस महामारी में अब तक जान गंवाने वालों की संख्या 525077 तक पहुंच गई है। इसके अलावा, बीते 24 घंटे में 14,506 नये मामले भी सामने आए और अब कुल मामलों की संख्या 99,602 तक पहुंच गई है। इस बीच हालांकि, 11574 मरीजों ने कोरोना को मात भी दी। इनके साथ ही कुल ठीक हो चुके मरीजों का आंकड़ा 42808666 तक पहुंच गया है।

### गृह मंत्रालय ने उदयपुर हत्याकांड की जांच एनआईए को सौंपी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को राजस्थान के उदयपुर में एक युवक की निर्मम हत्या की घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय ने बुधवार को एक ट्वीट करके यह जानकारी दी। ट्वीट में कहा गया है, गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल तेली की निर्मम हत्या की जांच करने का निर्देश दिया है।

### रोहित की कोविड रिपोर्ट एक बार फिर से पॉज़िटिव

**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा की बुधवार सुबह की कोरोना रिपोर्ट फिर से पॉजिटिव आई है, इससे उनके एजबेस्टन टेस्ट में खेलने पर संशय बरकरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम और गुरूवार को सुबह उनका दो बार फिर से आरटीपीसीआर टेस्ट होगा, उसके बाद ही कोई आख़िरी निर्णय लिया जाएगा।

### तीस्ता मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की टिप्पणी अस्वीकार्य

**नयी दिल्ली।**भारत ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड एवं दो अन्य लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय द्वारा 'उत्पीड़न' कहे जाने को अवांछित एवं भारतीय न्याय व्यवस्था में दखलंदाजी करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि हमने तीस्ता सीतलवाड एवं दो अन्य लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय की टिप्पणी को देखा है।

# कांकेर सीसीएफ के स्टेनो का वीडियो वायरल : सांठ-गांठ कर दिए जाते हैं ठेके, सरकारी कार्यालय में खुलेआम होती है डील

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

कांकेर सीसीएफ के स्टेनों का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें सरकारी कार्यालय में वह खुलेआम रकम लेते दिखाई देता है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों की ठेकेदारों से सांठ-गांठ है। जिससे अंचल में कुछ ही ठेकेदारों को काम दिया जाता है। इसके कारण स्थानीय जनप्रतिनिधि काफी नाराज हैं। मिली जानकारी अनुसार अधिकारियों के सांठ-गांठ से तंग आकर यह वीडियो किसी जनप्रतिनिधि ने ही बनवाकर वायरल किया है। वीडियो में स्टेनों के टेवल में वकायदा उनका नाम राजेश कनकइया लिखा दिखाई देता है। वीडियो में कनकइया पीले कलर का चेक शर्ट पहले हुए हैं। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि सीसीएफ के स्टेनो राजेश कनकइया को कोई व्यक्ति उनके कार्यालय में 500-500 की नोटों का बंडल देता है। अधिकारियों के इस खुल्ला खेल से स्थानीय जनप्रतिनिधि काफी नाराज हैं। सीसीएफ पर आरोप है कि वह ठेकेदारों और क्षेत्र के सभी डीएफओ के बीच समन्वय का काम करते हैं। सभी डीएफओ पर कुछ ही ठेकेदारों को काम देने का दबाव बनाया जाता है।










इसमें अधिकारियों की मिली भगत है। जनता के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कड़ी-से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।
**संतराम नेताम,** उपाध्यक्ष, बस्तर विकास प्राधिकरण



इस संदर्भ में मुझे कोई जानकारी नहीं है। लेकिन यदि कोई गलत करता है तो उस पर कार्यवाही होनी चाहिए।
**मोहन मंडावी**
सांसद, कांकेर



वही इस मामले को लेकर कांकेर विधायक, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठया।

## सीएम बघेल ने दी भरतपुर-सोनहत को 188 करोड़ के कार्यों की सौगात




### सुदूर वनांचल में आवागमन को सुलभ बनाने सड़क निर्माण और उच्चस्तरीय पूल निर्माण प्रमुख रूप से शामिल

**पायनियर संवाददाता ‹ बैकुंठपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बैकुण्ठपुर में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कुल 188 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत के 43 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिनमें 29 करोड़ 28 लाख रुपए लागत के 10 कार्यों का भूमिपूजन तथा 159 करोड़ 47 लाख रुपए लागत के 33 कार्यों का लोकार्पण किया गया। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मानव रहित यान अभ्यास का सफल परीक्षण

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



मानव रहित यान 'अभ्यास' यानी हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट का ओडिशा स्थित चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से बुधवार को सफल उड़ान-परीक्षण किया गया। उड़ान परीक्षण के दौरान यान ने सतह और कम ऊंचाई पर उच्च कौशल का प्रदर्शन किया। लक्षित विमान पर पूर्व-निर्धारित कम ऊंचाई वाले मार्ग में जमीन पर स्थित नियंत्रक से निशाना साधा गया जिसकी रडार और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल प्रणाली सहित विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा निगरानी की गई। यह यान रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान ने डिजाइन और विकसित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को अभ्यास के सफल उड़ान परीक्षण के लिए बधाई दी और कहा कि इस प्रणाली के विकास से सशस्त्र बलों के लिए हवाई लक्ष्यों से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

## रेलकर्मियों की यूनियन ने किया, सेना में अग्निपथ भर्ती योजना का देशव्यापी विरोध

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की सबसे बड़ी यूनियन ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन ने सेना में अग्निपथ भर्ती योजना को देश की सुरक्षा एवं युवाओं के रोज़गार के लिए प्रतिकूल करार दिया है और इसे वापस लिये जाने की मांग को लेकर बुधवार को देशभर में धरना एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि 16-17 जून को मुम्बई में आयोजित कार्य समिति की बैठक में लिये गये प्रस्ताव के अनुसार एआईआरएफके आह्वान पर बुधवार को पूरे देश में भारतीय रेलवे पर संबद्ध यूनियनों ने शाखा स्तर से लेकर जोनल स्तर तक केन्द्र सरकार की 'अल्पकालिक रोज़गार' के तहत 'अग्निपथ योजना' के तहत सेना में भर्ती योजना का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित कर अपना रोष व्यक्त किया।

## कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा से एक दिन पहले केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। कुलगाम के नवापोरा, मीर बाजार में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई, जिसे संयुक्त सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादी के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया था। सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जैसे ही सुरक्षा बलों ने संदिग्ध स्थान की घेराबंदी की, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलियां चला दीं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा, मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और तलाशी अभीयान अभी जारी है।मारे गए आतंकवादियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। कुलगाम जिले में पिछले तीन दिनों में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले गत 27 जून को कुलगाम में नौपोरा-खेरपोरा, त्रुबजी गांव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था।




# एमवीए सरकार आज विस में करेगी फ्लोर टेस्ट का सामना

**वार्ता ‹ मुंबई**
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की सरकार को गुरुवार को विधानसभा में शक्ति परीक्षण कराने और बहुमत साबित करने का निर्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडनवीस के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार की रात राज्यपाल से मुलाकात की और बहुमत प्रदान करने के लिए एमवीए को तत्काल निर्देश देने की मांग की। इसके तुरंत बाद राजभवन द्वारा मंगलवार देर रात विधानसभा सचिव को इस आशय का तीन पन्नों का पत्र जारी किया गया। राज्यपाल ने पिछले नौ दिनों में देखे गए कानूनी और प्रक्रियात्मक मुद्दों के साथ-साथ राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर मुख्यमंत्री के खिलाफ विश्वास मत के एकल सूत्री एजेंडे के साथ गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के लिए सहमति व्यक्त की है। राज्यपाल ने कहा, राज्य के संवैधानिक प्रमुख के रूप में, मुझे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार सदन के समर्थन और विश्वास के साथ काम करे। इस प्रकार, मैंने मुख्यमंत्री को 30.06 .2022 को सदन के पटल पर बहुमत प्रदान करने का आह्वान करते हुए एक पत्र जारी किया है। विधानसभा का विशेष सत्र सुबह 11 बजे बुलाई जाएगी और शाम पांच बजे खत्म होगी। विधायिका के अंदर और बाहर पर्याप्त सुरक्षा के प्रावधानों के साथ दिन की कार्यवाही की वीडियोग्राफी और लाइव प्रसारण किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडनवीस ने कल रात राजभवन जाकर कोश्यारी से मुलाकात की तथा सदन में शक्ति परीक्षण कराने की मांग की। फडनवीस ने कोश्यारी से मुलाकात के बाद राजभवन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना के 39 विधायक उद्धव ठाकरे नीत महा विकास अघारी (एमवीए) सरकार के साथ नहीं हैं अतः राज्य सरकार अल्पमत में है इसलिए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से सदन में बहुमत सिद्ध करने के लिए कहा जाय। फडनवीस ने इस संबंध में कोश्यारी को एक पत्र भी सौंपा।

## उद्धव ठाकरे ने किया इस्तीफे का ऐलान, विधान परिषद भी छोड़ी



सुप्रीम कोर्ट से फ्लोर टेस्ट का रास्ता साफहोने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने फेसबुक लाइव करके कुर्सी छोड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने विधान परिषद से भी इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। वह कल विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट में नहीं जाएंगे। उन्होंने इस फेसबुक लाइव में अपनी उपलब्धियों के साथ बगावत पर दुख व्यक्त किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि अच्छे लोगों को नजर जल्दी लगती है। उद्धव ठाकरे ने सोनिया गांधी और शरद पवार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जिनको उन्होंने बहुत कुछ दिया वे नाराज हैं और जिन्हें कुछ नहीं दिया वे आज भी साथ हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर आपने मुझसे बात करने की कोशिश की होती तो मैं जरूर बात करता। मैं आज भी बात करने को तैयार हूं। मैंने आपको अपना माना था। आपसे दगा की उम्मीद नहीं थी। मुझे पता चला है कि मुंबई में केंद्र सरकार ने सुरक्षा के लिए अलग से फोर्स भेजी है। यहां आप लोगों के आने पर सीआरपीएफ दाखिल होने वाली है। मुझे शर्म आ रही है। क्या आप शिवसैनिकों के खून से मुंबई के रास्ते लाल करने वाले हैं? ठाकरे ने कहा, कांग्रेस ने भी मंत्रिमंडल से निकलने की बात की। आज शिवसैनिकों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्हें घर से निकलने से रोका जा रहा है। कल के फ्लोर टेस्ट से मुझे मतलब नहीं है। आपके पास कितनी संख्या है मुझे मतलब नहीं है। आप शायद कल विरोधियों का बहुमत सिद्ध ही कर देंगे। जिनको शिवसैनिकों ने बड़ा किया। आपको याद रखना चाहिए कि उस बालासाहेब के बेटे को कुर्सी से उतारने का पुण्य आपने किया है। आपको बड़ा किया यह मेरा पाप है और मैं उसे भोग रहा हूं।

## उपराष्ट्रपति का चुनाव छह अगस्त को

**वार्ता ‹ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com




देश के 16वें उपराष्ट्रपति का चुनाव छह अगस्त को होगा। चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार पांच जुलाई को उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी और उसके बाद से नामांकन प्रारंभ हो जाएगा और नामांकन की आखिरी तारीख 19 जुलाई होगी। उम्मीदवार स्वयं अथवा उनके प्रस्तावक एवं अनुमोदक किसी भी कार्यदिवस में 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 20 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 22 जुलाई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ तो शनिवार छह अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना होगी। मतदान संसद भवन परिसर में होगा। मतदान स्थल पर कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के निर्वाचित 233 एवं मनोनीत 12 सदस्य तथा लोकसभा के निर्वाचित 543 सदस्य मतदान में भाग लेंगे। इस प्रकार से कुल 788 सांसदों का निर्वाचक मंडल होगा। इस बार लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह उपराष्ट्रपति चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी होंगे। उनकी सहायता के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त किये जाएंगे। चुनाव में सदस्यों को आयोग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले विशेष पेन से मतपत्र में रोमनलिपि में प्राथमिकता दर्ज करनी होगी। उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि के रूप में 15 हजार रुपए जमा कराने होंगे।

## पीएम की अध्यक्षता में हुई मंत्रि मंडल की बैठक

# देश में बनेंगे तीन लाख पैक्स, कम्प्यूटरीकरण पर होंगे 2516 करोड़ रुपये खर्च

**वार्ता ‹ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com




देश में कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास और सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए 63 हजार प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) का कम्प्यूटरीकरण किया जायेगा तथा इसके लिए प्रत्येक समिति पर लगभग चार लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। कुल 2516 करोड़ रुपये की लागत से पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जायेगा जिससे 13 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों में ज्यादातर छोटे और सीमांत हैं। इससे पैक्स को पंचायत स्तर पर नॉडल डिलीवरी सेवा केन्द्र के रूप में तैयार करने में मदद मिलेगी। डाटा स्टोरेज के साथ क्लाउड आधारित एकीकृत साफ्टवेयर,साइबर सुरक्षा, हार्डवेयर, मौजूदा अभिलेखों का डिजिटलीकरण, अनुरक्षण और प्रशिक्षण इसके मुख्य घटक हैं। सहकारिता मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि पंचायत स्तर पर सहकारिता की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए देशभर में अगले पांच वर्ष में तीन लाख प्राथमिक कृषि साख समितियों का गठन किया जायेगा। एक पैक्स के कम्प्यूटरीकरण पर कुल 3.91 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे, इनमें केन्द्र सरकार का हिस्सा 75 प्रतिशत होगा जबकि शेष राशि राज्य और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) उपलब्ध करायेंगे। पैक्स के कार्य क्षेत्र में व्यापक विस्तार किया गया है और इसके लिए बैंक मित्र भी काम करेंगे। पैक्स के अधीन कोल्ड स्टोरेज, भंडारण गृह, लॉकर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें, कॉमन सर्विस सेंटर, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), दुग्ध एवं शहद उत्पादन और मत्स्य पालन, नल से जल, सिंचाई व्यवस्था और गोबर गैस से ऊर्जा उत्पादन भी होगा। पैक्स में अभी तक इन व्यवसायों का कोई प्रावधान नहीं है। देश भर में पैक्स के एक समान कामकाज के लिए राज्यों की सहमति से मॉडल बाईलाज बनाया जायेगा और पारदर्शी तरीके से व्यापार के संचालन के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया जायेगा। सरकार बहुराज्यीय सहकारिता समिति के कामकाज में आमूल-चूल परिवर्तन करेगी। इसका मसौदा तैयार किया जा रहा है और इसे 15-20 दिनों के अंदर सार्वजनिक किया जायेगा। सरकार सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए नयी सहकारिता नीति भी लायेगी। जैविक खेती की पैदावार का विपणन और वितरण भी सहकारिता क्षेत्र करेगी। अमूल के माध्यम से लोगों को जल्द ही जैविक उत्पाद मिलने लगेंगे। सहकारिता से जुड़े सदस्यों को अब व्यापक प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें इस क्षेत्र के अलावा व्यापार तथा आवश्यक अन्य जानकारी होगी।

### घरेलू उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री के विनियमन को सरकार की मंजूरी

सरकार ने देश में खनिज तेल की खोज और उत्पादन करने वाली कंपनियों को घरेलू बाजार में तेल को किसी भी ग्राहक को बेचने की छूट दे दी है और यह निर्णय अक्टूबर से लागू होगा। घरेलू कच्चे तेल के निर्यात पर पाबंदी पहले की तरह बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति के इस फैसले की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए संवाददाताओं से कहा, ''आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल की समिति ने देश में उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री पर नियंत्रण समाप्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत सरकार ने एक अक्टूबर से घरेलू कच्चे तेल और कंडेनसेट के आवंटन की व्यवस्था समाप्त करने का निर्णय लिया है।'' ठाकुर ने कहा कि इस निर्णय से खनिज तेल के अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) का काम करने वाली कंपनियां अपने उत्पादन का विपणन स्वतंत्र रूप से कर सकेंगी। इन कंपनियों को उत्पादन में सरकार की हिस्सेदारी के अनुबंध -पीएससी की उस शर्त में तदनुसार छूट दी जाएगी जिसके तहत वे अभी अपने कच्चे तेल को सरकार या उसकी नामित या सरकारी कंपनियों को ही बेच सकती हैं। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को घरेलू बाजार में अपने क्षेत्रों से कच्चा तेल बेचने की स्वतंत्रता होगी तथा सरकारी राजस्व जैसे रॉयल्टी, उपकर, आदि की गणना सभी अनुबंधों में एक समान आधार पर की जाती रहेगी। स्पष्ट किया कि इन कंपनियों पर पहले की तरह, कच्चे तेल के निर्यात की अनुमति नहीं होगी। सरकार का मानना है कि कि इस निर्णय से आर्थिक गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा, तेल की खोज और खनन करने वाली कंपनियों को तेल और गैस क्षेत्र में निवेश करने को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मोदी सरकार द्वारा 2014 से शुरू किए गए परिवर्तनकारी सुधारों की कड़ी में लिया गया निर्णय है। गौरतलब है कि भारत कच्चे तेल की अपनी करीब 80 प्रतिशत जरूरत के लिए आयात पर निर्भर करता है।

## मथुरा में मंडी समिति की दुकानों में आग से करोड़ों का अनाज खाक

**पायनियर संवाददाता ‹ मथुरा**
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के आगरा में मंडी समिति के चबूतरे पर बनी खुली दुकानों में लगी आग से बुधवार को करोड़ों रुपये का अनाज जलकर राख हो गया। आग से हजारों के नोट, दुकानदारों के बहीखाते एवं पाच मोटरसाइकिलें भी जल गई हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने और मण्डी में समुचित पानी का प्रबंध नहीं होने की जांच कराने की मांग करते हुए पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा देने, मण्डी समिति में चौबीसों घंटे एक दमकल की गाड़ी रखने और पीड़ित दुकानदारों को पक्की दुकान का आवंटन करने की मांग की है। मथुरा के फायर स्टेशन अधिकारी एनके सिंह ने कहा कि आग लगने की सूचना मिलने पर गाड़ियां समय से पहुंची थी। घटना की सूचना मिलने व गाड़ी भेजने का रिकॉर्ड रजिस्टर में मौजूद है। उन्होंने आग लगने के कारण का खुलासा नहीं किया, किंतु यह भी कहा कि नुकसान बहुत अधिक हुआ है पर नुकसान का सही आंकलन जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि दुकानदारों की मोटरसाइकिलों की टंकी में हुए विस्फोट से आग तेजी से फैल गई। उन्होंने व्यापारियों के नोट जलने, बहीखाते जलने की भी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि चार दमकल वाहनों ने दो घंटे से अधिक देर तक प्रयास करके आग पर काबू पाया।



सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग रोकथाम को छिड़ा अभियान

# मुजफ्फरनगर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की देखरेख में निकली जागरूकता रैली, महिला-पुरुष और छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

वार्ता ∢ मुजफ्फरनगर
www.dailypioneer.com

मुजफ्फरनगर में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग की रोकथाम के लिए अभियान चल रहा है। उत्तर प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए 29 जून से 3 जुलाई तक चलाए जा रहे इस वृहद जनजागरूकता अभियान के तहत बुधवार को एक रैली निकाली गई। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में निकली जन-जागरूकता रैली में साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग करते हुए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही इसके प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषण के बढने वाले खतरों के बारे में भी जानकारी दी गई।

**नगर पालिका से हरी झंडी दिखाकर की रैली रवाना**

अभियान के पहले दिन डीएम चन्द्रभूषण सिंह के कुशल निर्देशन



में एडीएम (प्रशासन) नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर जनजागरूकता रैली का शुभारम्भ नगरपालिका परिषद के परिसर से किया। रैली जो शिव चौक, झांसी रानी, कोर्ट रोड से होते हुए डीएम कार्यालय पर पहुंची। रैली में सैकड़ो महिलाएं, छात्र/छात्राएं एवं जनसामान्य पूरे जोश के साथ नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रैली में करीब 300 महिलाओ की संख्या रही।

**सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की दिलाई शपथ**

डीएम कार्यालय पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न किये जाने के सम्बन्ध में जनसामान्य को एडीएम (प्रशासन) ने शपथ दिलाई। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंकित सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पूरे जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोका जाएगा व लोगो को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, ईको मेला, महासफाई अभियान आदि का आयोजन किया जायेगा।

**साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की भमिका रही सराहनीय**

इस पूरे अभियान में साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट ने विशेष सहयोग प्रदान किया। ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि संस्था सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक देश के पर्यावरण के लिए बहुत घातक है।

हम सभी मिलकर इसकी रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करने का कार्य करेंगे। रैली में एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज मुजफ्फरनगर के अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। रैली में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इमरान अली, विपुल कुमार, मनीष कुमार, दिवाकर देव गहलौत, रविश प्रताप सिंह, शुभम तथा एसडी कालेज ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज मुजफ्फरनगर के अध्यापको व छात्र-छात्राएं उपस्तिथ रहे। विशेष साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारीगण राजू सैनी, मंगलेश प्रजापति, अमित त्यागी, ओपेंद्र सैनी, रेखा राठी, ललिता त्यागी, शर्मिला सैनी, मीनक्षी, प्रीति, अंजू, बबली, स्नेहा, रीता, पूनम, सैनी मंजू आदि सेकड़ो लोग मौजूद रहे।

## इंदौर में बैठकर अमेरिकियों से फ्रॉड :जामताड़ा ट्रिक से 20 हजार लोगों को लगाई 100 करोड़ की चपत, मास्टरमाइंड ने बताया तरीका

**इंदौर।** देश में साइबर क्राइम का गढ़ झारखंड का जामताड़ा जिला है। इंदौरियों ने जामताड़ा के ट्रिक से अमेरिका के लोगों को ठगा। शातिर ठगों ने 20 हजार अमेरिकियों को 100 करोड़ रुपए की चपत लगा दी। गिरोह के मास्टरमाइंड करण भट्ट को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में मास्टरमाइंड ने बताया, देश के कई बड़े शहरों में कॉल सेंटर के जरिए अमेरिका के लोगों से डॉलर में ठगी कर रहे थे। गिरोह के सदस्य रोजाना 15 हजार डॉलर खाते में जमा करा लेते थे। बता दें कि नवंबर 2020 में पुलिस ने आरोपी के लसूड़िया क्षेत्र से संचालित फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर पर छापा मारा था। यहां काम करने वाले 22 लोगों को गिरफ्तार किया था। दो माह पहले अमेरिकी जांच एजेंसी FBI (Feçeral Bureau of Investigation) की टीम ने पुलिस कमिश्नर हरि नारायण चारी मिश्र से मुलाकात की थी। FBI ने बताया कि भारत के कई इलाकों से फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों से ठगी की जा रही है। इसके बाद इंदौर पुलिस ने ऐसे कई कॉल सेंटर पर कार्रवाई की थी।

**कैसे करते थे साइबर क्राइम**

भारत में बैठकर फर्जी कॉल सेंटर से अमेरिका के लोगों को कॉल किया जाता था। कॉल स्पूफिंग के माध्यम से यह दशार्या जा रहा था कि कॉल अमेरिका से ही आ रहा है। आरोपी खुद को अमेरिका के SSN (सोशल सिक्योरिटी नंबर) अधिकारी बताकर बात करते थे। फजीर्वाड़े से वसूली गई राशि चीन, हांगकांग, पेरू के फर्जी खातों में जमा करवाकर हवाला के जरिए भारत मंगवाई जाती थी। मास्टरमाइंड करण भट्ट डार्क नेट से अमेरिकी नागरिकों का डेटा खरीदता था। आरोपियों के लैपटॉप, कंप्यूटर की जांच की तो 10 लाख से ज्यादा अमेरिकी नागरिकों का डाटा मिला। करण ने बताया कि फरारी के दौरान दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र में रहा।

# रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर: सस्ता होगा ट्रेन का किराया, जनरल कोच में कर सकेंगे सफर



वार्ता ∢ आगरा
www.dailypioneer.com

जनरल के टिकट पर ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। 29 जून से सभी ट्रेनों में यात्री अनारक्षित यानि जनरल के टिकट पर यात्रा कर सकेंगे। जनरल डिब्बों में सीट संख्या से टिकट यात्रा की बाध्यता खत्म हो जाएगी। ट्रेनों में जनरल कोच का टिकट 15 रुपये सस्ता हो जाएगा।

**जनरल कोच में आरक्षण व्यवस्था खत्म**

अभी ट्रेनों के जनरल कोच के मूल किराये में 15 रुपए आरक्षण शुल्क के भी शामिल किए जा रहे हैं। रेलवे द्वारा जनरल कोच में आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने से यात्रियों के 15 रुपए बचेंगे। साथ ही जनरल डिब्बों में सीट संख्या के आधार पर टिकट जारी करने की बाध्यता भी खत्म हो जाएगी।

**क्यूआर से अनरिजर्व**

रेल प्रबंधन क्यूआर कोड से अनरिजर्व टिकट देने की व्यवस्था भी शुरू करने जा रहा है। यात्रियों को काउंटर पर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। एमएसटी और प्लेटफॉर्म टिकट भी क्यूआर कोड के माध्यम से बन सकेगा। यात्री अब जर्नी ब्रेक और सर्कुलर टिकट की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे।

**पैसेंजर-मेमू चलेंगी**

रेल मंडल में बंद पड़ी पैसेंजर व मेमू श्रेणी की ट्रेनें शुरू हो जाएंगी। रेल मंडल प्रवक्ता का कहना है कि ट्रेनों में अनरिजर्व टिकट पर यात्रा शुरू हो सकेगी।

यात्रा से 48 घंटे पहले यात्री अपनी यात्रा की तारीख भी बदल सकेंगे। पिछले दो साल से यह सुविधा भी बंद थी।

जनरल कोच में बुधवार से यात्रियों को रिजर्वेशन कराकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। विंडो से टिकट खरीदकर सभी ट्रेनों के जनरल कोच में यात्रा कर सकेंगे। रिजर्वेशन चार्ज के रूप में रेलवे द्वारा वसूले जा रहे 15 रुपये भी नहीं लगेंगे।

# रियाज और गौस को तुरंत पकड़ा, सीएम ने इन 5 पुलिसकर्मियों के आउट ऑफ टर्म प्रमोशन का किया ऐलान

एजेंसी ∢ उदयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की निर्मम हत्या ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस मामले के दोनों आरोपियों पर एक्शन लिया जा रहा है। इस बीच राज्य की अशोक गहलोत सरकार ने उन सभी पांचों पुलिसकर्मियों को विशेष तोहफा दिया है जिन्होंने घटना में शामिल आरोपियों को पकड़ा था। राज्य सरकार ने उदयपुर की घटना में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पांच पुलिसकर्मियों तेजपाल, नरेन्द्र, शौकत, विकास एवं गौतम को आउट ऑफटर्म प्रमोशन देने का फैसला किया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि उदयपुर की घटना कोई मामूली वारदात नहीं है और जब तक अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उनके (आरोपियों के) कुछ संबंध नहीं हों ऐसा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस वारदात की जांच उसी को ध्यान में रखते हुए की जा रही है कि जिन्होंने हत्या की है, उनकी क्या साजिश थी, क्या षड्यंत्र था, किससे उनके संपर्क हैं, क्या वे किसी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के संपर्क में हैं, इन तमाम बातों का खुलासा होगा। बता दें कि उदयपुर के धानमंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिन दहाड़े दो मुस्लिम लोगों ने धारदार हथियार से कन्हैया लाल नाम के एक दर्जी की हत्या कर दी थी। पुलिस के मुताबिक धानमंडी थाना क्षेत्र में टेलर कन्हैयालाल की दिनदहाड़े गला काटकर हत्या की गई थी। वारदात को अंजाम देने के आरोप में रियाज मोहम्मद और गोस मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपियों को राजसमंद जिले के भीमा इलाके से अरेस्ट किया गया था। जयपुर में बुधवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक से पूर्व गहलोत ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''हम इस घटना को गंभीरता से ले रहे हैं।

# AIMIM विधायकों के आने से बिहार विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनी आरजेडी, बीजेपी फिर दूसरे नंबर पर पहुंची

एजेंसी ∢ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार विधानसभा में आरजेडी फिर सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के चार विधायकों के शामिल होने के बाद आरजेडी के कुल एमएलए की संख्या 80 हो गई है। तेजस्वी यादव की मौजूदगी में AIMIM के चार विधायकों ने बुधवार को आरजेडी की सदस्यता ली। वहीं, बीजेपी फिर से दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। बीजेपी के अभी विधानसभा में 77 विधायक हैं। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद 75 विधायकों के साथ आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। उपचुनाव में एक सीट पर जीत मिलने के बाद आरजेडी के विधायकों की संख्या 76 हो गई। इसी साल मार्च महीने में बीजेपी ने मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को तोड़कर उसके तीनों विधायकों को अपने खेमे में शामिल कर दिया था। इसके बाद आरजेडी को पीछे छोड़कर बीजेपी 77 विधायकों के साथ बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। पिछले कुछ दिनों से तेजस्वी यादव आरजेडी को फिर से नंबर वन पार्टी बनाने की कवायद में जुटे थे। इसके लिए वे एआईएमआईएम के नेताओं के संपर्क में थे। तेजस्वी एआईएमआईएम का अपनी पार्टी में विलय करवाना चाहते थे। हालांकि, बिहार में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के पांच में से चार विधायक तो मान गए, लेकिन एक विधायक अख्तरुल ईमान जो AIMIM के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं; आरजेडी में जाने के लिए राजी नहीं हुए।

# उदयपुर घटना पर इस्लामिक जेहाद का पुतला फूंका



वार्ता ∢ आगरा
www.dailypioneer.com

राजस्थान के उदयपुर में दिनदहाड़े हिन्दू युवक कन्हैया लाल की दुकान में घुस कर नृशंस हत्या की गई है उदयपुर में हत्या के बाद स्लामिक जेहादी हत्यारों ने धमकी भरा विडिओ जारी करना देश की संप्रभुता को चुनौती है। इस घटना को लेकर फतेहपुर सीकरी में हिंदू वादी संगठनों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है इस तरह की घटनाओं को भारत की जनता ,विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कभी बर्दाश्त नहीं करेंगें। इस जघन्य घटना व बर्बर इस्लामिक जिहाद व आतंकवाद के विरूद्ध फतेहपुर सीकरी बस स्टैंड चौराहे पर इस्लामिक जेहाद का पुतला दहन किया गया साथ ही बजरंग दल मांग करता है कि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी दी जाये जिससे आगे ऐसी घटनाओ पर अंकुश लगाया जा सके।

इस मौके पर आदित्य फौजदार पूर्व जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद यदुवीर माहुरा विभाग संयोजक आर के इन्दोलिया जिला संयोजक मनोज सिंघल भूदेव शर्मा वीरपाल माहुरा योगेंद्र लोधी मनोज शर्मा राहुल घाटी नितिन गर्ग सचिन गर्ग होला पहलवान रीतेश शुक्ला राघवेंद्र राणा राकेश बघेल यतेंद्र सिंह श्यामवीर सिंह बॉबी कुशवाहा मनीष सिंघल विलशन कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## उदयपुर हत्याकांड के विदेशों से जुड़े तार, आतंक फैलाने के लिए की थी कन्हैयालाल की हत्या!

वार्ता ∢ उदयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के उदयपुर में हुई घटना के तार विदेशों से भी जुड़े होने की बात सामने आ रही है। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के समर्थन करने पर गला काटने के मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने पुलिस अफसरों ने कई बातें रखी हैं। उदयपुर की घटना को लेकर बुधवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना प्रथम दृष्टया आतंक फैलाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के दूसरे देशों में भी संपर्क होने की जानकारी सामने आई है।

**सीएम बोले- सख्ती से हो उपद्रवियों पर कार्रवाई**

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एकबार फिर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। गहलोत ने कहा, 'इस घटना में मुकदमा UAPA के तहत दर्ज किया गया है इसलिए अब आगे की जांच एनआईए के द्वारा की जाएगी, जिसमें राजस्थान एटीएस पूरी तरह से सहयोग करेगी। पुलिस एवं प्रशासन पूरे राज्य में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं उपद्रव करने के प्रयासों पर सख्ती से कार्रवाई करें।'

**टीम को मिला आउट ऑफटर्म प्रमोशन**

इससे पहले सीएम गहलोत ने आरोपियों को पकड़ने वालों के लिए भी बड़ा ऐलान किया। अशोक गहलोत ने ट्वीट करते हुए कहा, 'उदयपुर की घटना में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी करने वाले पांच पुलिसकर्मियों तेजपाल, नरेन्द्र, शौकत, विकास एवं गौतम को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन देने का फैसला किया है।'

## सीएम योगी के हेलीकॉप्टर ने 51 घंटे बाद भरी उड़ान, पक्षी से टकराने के बाद आ गई थी तकनीकी खराबी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर वाराणसी आये चॉपर की तकनीकी खराबी मंगलवार को दूर हुई। करीब 51 घंटे के बाद चॉपर ने पुलिस लाइन के हेलीपैड से उड़ान भरी। दो दिन तक चॉपर की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। दो दिवसीय दौरे पर 25 जून को मुख्यमंत्री वाराणसी आये थे। 26 जून, रविवार सुबह पुलिस लाइन से मुख्यमंत्री को लेकर चॉपर ने उड़ान भरी। करीब डेढ़ हजार फुट ऊपर जाने पर पंछी के टकराने से पायलट ने आपात लैंडिंग कराई। इसके बाद मुख्यमंत्री बाबतपुर एयरपोर्ट से स्टेट प्लेन से लखनऊ रवाना हुए। जबकि चॉपर पुलिस लाइन में ही था। लखनऊ से आई इंजीनियरों की टीम ने दो दिन में खराबी दूर की। चॉपर के पंखे में खराबी आई थी। खराबी दूर होने के बाद मंगलवार दोपहर पौने एक बजे चॉपर ने उड़ान भरी।

## भाजपा का बड़ा सवाल, मुख्तार अंसारी को पंजाब की जेल में क्यों सुविधा दे रहे थे राहुल और प्रियंका गांधी

एजेंसी ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com



पंजाब की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर रूपनगर जेल में गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को वीआईपी सुविधा दिए जाने के आरोप लगने के एक दिन बाद यूपी भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा से पूछा कि अंसारी को 'किन चीजों के बदले यह सुविधाएं दी जा रही थीं। पंजाब के मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पंजाब की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर मुख्तार अंसारी को वीआईपी सुविधाएं देने का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेश भाजपा ने यह आरोप भी लगाया कि अंसारी पंजाब जेल के भीतर से अनैतिक और अवैध गतिविधियों में शामिल था। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने बताया, कांग्रेस का हाथ हमेशा से ही अपराधियों और माफ़ियाओं के साथ रहा है। भाजपा नेता अलका राय ने अपने पति कृष्णानंद राय की हत्या को लेकर प्रियंका गांधी को कई पत्र लिखकर उन्हें एक अपराधी को संरक्षण नहीं देने को कहा था। त्रिपाठी ने कहा, यूपी सरकार ने अंसारी को वापस लाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, लेकिन तत्कालीन पंजाब सरकार ने इसका विरोध किया क्योंकि वह अंसारी को सभी सुविधाएं मुहैया कराना चाहती थी। उन्होंने कहा, मैं राहुल और प्रियंका से पूछना चाहता हूं कि वे अंसारी को ये सुविधाएं क्यों दे रहे थे। एक गैंगस्टर को ये सुविधाएं उपलब्ध कराने के बदले कांग्रेस को क्या मिला। मौजूदा सरकार यह सिद्ध कर रही है कि अंसारी जेल के भीतर से अनैतिक और अवैध गतिविधियों में शामिल था। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने भी ट्वीट कर कांग्रेस से पूछा कि एक गैंगस्टर से उसका इतना लगाव क्यों था।

# राफेल से भी तेज हैं राज्यपाल, फ्लोर टेस्ट के आदेश पर संजय राउत का तंज

वार्ता ∢ मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र में सियासी घमासान के बीच राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने 30 जून को फ्लोर टेस्ट कराने का आदेश दे दिया है। इसके तुरंत बाद इस आदेश के खिलाफ शिवसेना सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। इस याचिका पर आज सुनवाई होनी है। एक दिन पहले ही देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के कुछ अन्य विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात की थी और फ्लोर टेस्ट करवाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि उद्धव सरकार सदन में बहुमत खो चुकी है।

राज्यपाल ने राज्य के विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर कहा, राज्य में वर्तमान स्थिति बहुत ही बुरी तस्वीर पेश कर रही है। सुप्रीम कोर्ट से भी उद्धव ठाकरे की टीम को झटका लगा। कोर्ट ने शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने पर 12 जुलाई तक रोक लगा दी। उद्धव ठाकरे के पास अब कुछ ही विधायक बचे हैं। शिवसेना सांसद संजय राउत ने इस बीच राज्यपाल पर तंज कसते हुए कहा, 'गवर्नर जेट की स्पीड से भी ज्यादा तेज हैं। राफेल जेट भी उनसे तेज नहीं है।' राउत ने कहा कि राज्यपाल ने फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष विधानसभा सत्र बुलाने का आदेश दिया है लेकिन उद्धव ठाकरे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं। जब तक विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने पर सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला नहीं करता तब तक ऐसा कोई भी कदम उठाना असंवैधानिक होगा। राउत ने कहा, हम कहते रहे हैं कि जब तक इन विधायकों पर कार्रवाई नहीं होती कोई फ्लोर टेस्ट नहीं हो सकता। हमने सारे काम कानूनी तरीके से किए हैं। हम कानूनी तरीके से लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर आप हमसे लड़ना चाहते हैं तो सामने आकर लड़ें। मैं राज्यपाल के बारे में बहुत कुछ नहीं कहना चाहता। वह राज्य के संवैधानिक मुखिया हैं लेकिन अगर इसी तरह से काम होता है तो हमसे जो हो सकेगा, हम करेंगे। बता दें कि शिवसेना के 40 से ज्यादा विधायक एकनाथ शिंदे के साथ चले गए हैं। वहीं शिंदे गुट भाजपा के साथ संपर्क में है। फ्लोर टेस्ट के लिए शिंदे गुट के विधायक गुवाहाटी से मुंबई के लिए रवाना हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि गुवाहाटी से मुंबई आने वाले 50 से ज्यादा विधायक हैं। इसमें निर्दलीय विधायक भी शामिल हैं। अब तक भाजपा इस बगावत में अपनी भूमिका होने से इनकार कर रही थी। लेकिन अब भाजपा भी खुलकर सामने आ गई है।

## महिला पुलिस अधिकारी चार लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य सतर्कता ब्यूरो ने प्राथमिकी से विभिन्न धाराओं को हटाने के एवज में एक महिला सहायक पुलिस निरीक्षक को चार लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि यह गिरफ्तारी मंगलवार शाम तरावड़ी थानांतर्गत सोखरा गांव निवासी नवजोत सिंह की शिकायत पर की। आरोपी की पहचान थाना करनाल के सेक्टर 32-33 थाने में तैनात सरिता देवी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने दहेज और दुष्कर्म मामले भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ परिवार के दो सदस्यों के नाम हटाने के एवज में आठ लाख रुपये रिश्वत मांगी थी। आरोपी रिश्वत के 10 हजार रुपये ले चुकी थी। उसके खिलाफ ब्यूरो के करनाल थाने में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

# भारत ने UN को दिया करारा जवाब, तीस्ता सीतलवाड़ की हिरासत पर उठाए थे सवाल

एजेंसी ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने OHCHR के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और दो अन्य की गिरफ्तारी की आलोचना को खारिज किया और कहा कि अधिकारियों ने स्थापित न्यायिक प्रक्रियाओं के अनुरूप काम किया था। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी ने मंगलवार को पोस्ट किए गए एक ट्वीट में तीस्ता सीतलवाड़ और पूर्व पुलिस अधिकारियों आरबी श्रीकुमार और संजीव भट्ट की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की थी और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की थी। ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि ओएचसीएचआर की टिप्पणियां 'पूरी तरह से अनुचित' थीं। उन्होंने कहा, हमने तीस्ता सीतलवाड़ और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के संबंध में मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्त कार्यालय द्वारा एक टिप्पणी देखी है। बागची ने कहा, ओएचसीएचआर की टिप्पणी पूरी तरह से अनुचित है और भारत की स्वतंत्र न्यायिक प्रणाली में हस्तक्षेप का गठन करती है। भारत में प्राधिकरण स्थापित न्यायिक प्रक्रियाओं के अनुसार कानून के उल्लंघन के खिलाफ सख्ती से काम करते हैं। इस तरह की कानूनी कार्रवाइयों को सक्रियता के लिए उत्पीड़न के रूप में लेबल करना भ्रामक और अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी ने अपने ट्वीट में कहा थाः हम तीस्ता सीतलवाड़ और दो पूर्व पुलिस अधिकारियों की गिरफ्तारी और हिरासत से बहुत चिंतित हैं और उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हैं। 2002 के गुजरात दंगों के पीड़ितों के साथ उनकी सक्रियता और एकजुटता के लिए उन्हें सताया नहीं जाना चाहिए। ट्वीट के अलावा, OHCHR ने इस मामले पर कोई बयान जारी नहीं किया। कई अधिकार समूहों और गैर सरकारी संगठनों, जैसे भारत और संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकारों के कार्य समूह (डब्ल्यूजीएचआर) ने सीतलवाड़ की गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा की गई यह कार्रवाई जकिया जाफरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में एक संदर्भ का परिणाम थी, जिसे 24 जून को तय किया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2002 की गुजरात हिंसा के पीछे एक बड़ी साजिश को खारिज कर दिया था, और फरवरी 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 62 अन्य को अदालत द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल द्वारा दी गई।

# विधायक नाग की भेंट मुलाकात में 32 ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस का हाथ

## कांग्रेस प्रवेश करने वाले ग्रामीणों को गमछा पहनाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ग्राम पंचायत सिकसोड के आश्रित गांव जूनागांवबड़ेगांव में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात करने पहुंचे जहां स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक नाग का रीति रिवाज से भव्य रूप से स्वागत किया इसके पश्चात विधायक गांव के विकास कार्यों के साथ साथ ग्रामीणों की समस्याओं एवं उनकी मांगों से रूबरू हुए ।

इस दौरान गांव के 32 ग्रामीणों ने विधायक अनूप नाग के समक्ष कांग्रेस में प्रवेश करने की इच्छा जारी की जिसका विधायक नाग ने ग्रामीणों की इच्छा का स्वागत करते हुए कांग्रेस प्रवेश करने वाले ग्रामीणों को परंपरा अनुसार गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी । उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा । जहां ग्रामीणों ने कहा की पुरे क्षेत्र समेत गांव दर गांव हो रहे विकास कार्यों, विधायक अनूप नाग की कार्यशैली, क्षेत्र के लोगो के प्रति उनका प्रेम और सुबह से लेकर रात तक जनता की सेवा में लगे रहते देख एवं कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी में प्रवेश करने की इच्छा उत्पन्न हुई। विधायक अनूप नाग ने ग्रामीणों की भावना का सम्मान करते हुए उनका कांग्रेस में प्रवेश कराया । विधायक अनूप नाग ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार बनने के पहले घंटे के अंदर ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जन घोषणा पत्र में किए गए अपने वादों को पूरा करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया था। पहले घंटे में ही उन्होंने किसानों द्वारा लिया गया कर्ज माफ करने का सबसे बड़े वादे को पूरा किया। विधायक नाग की माने तो चुनाव के दौरान जन घोषणा पत्र में से कुछ को छोड़ दें तो बाकी सारी घोषणाएं पूरी कर दी गई है। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नाग से देवगुड़ी निर्माण की मांग की जहां विधायक नाग ने उनकी आस्था का सम्मान करते हुए देवगुड़ी निर्माण की घोषणा की ।

विधायक अनूप नाग ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कुल 36 वादे किए थे। उन्होंने कहा कि मुझे बताते में गर्व हो रहा है कि भूपेश सरकार ने 36 में से 34 वादे पूरे किए हैं। लगभग वो सारे वादे जो कांग्रेस ने पूरे किए थे. चाहे वो किसानों का कर्ज माफ करने की बात हो। चाहे वो धान खरीदी की बात हो। सरकार ने धान खरीदी के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना को छत्तीसगढ़ में लागू किया है। छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार काम कर रही है। सरकार ने शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई. उच्च शिक्षा में प्रोफेसर की भर्ती की गई। इसके अलावा महिलाओं के उत्थान के लिए महिला सशक्तिकरण पर काम किया। विधायक नाग ने केंद्र की भाजपा सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा की वर्तमान समय में केंद्र की भाजपा सरकार हमारे संवैधानिक मूल्यों पर आए दिन अतिक्रमण कर रही है। जनता के बीच नफरत और असमानता को बढ़ावा दे रही है। बुलडोजर चला कर लोगों में भय का वातावरण पैदा कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी चाहे आजादी के पहले हो या आजादी के बाद लोगों को निरंतर जोड़ने का काम कर रही है।



**इन्होंने थामा कांग्रेस का हाथ :** रैनुराम पोटाई, लछिंदर पोटाई, राम जी राम, रामप्रसाद, रामलाल गावड़े, बुधन सिंह, नरेंद्र गावड़े, सुनील वट्टी, राजूराम गावड़े, मुकेश वट्टी, बृजलाल यादव, संजीव ध्रुव, दशरूराम आंचला, श्याम सिंह दर्रो, बाजरू राम दर्रो, सुरेंद्र नेताम, गोविंद तेता, राकेश ध्रुव, श्यामसाय गावड़े, मंतुराम पोटाई, संतलाल तेता, रामदयाल यादव, तुलसीराम मंडावी, लाल सिंह आंचला, सुकलाल मंडावी, सुंदर दर्रो, उमेश आंचला, रामदयाल यादव, संतोष जोशी, कुम्म सिंह यादव, पारसमंडी साहू ।

# महगांई भत्ता के लिए कर्मचारी फेडरेशन ने किया धरना प्रदर्शन और निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ◄ अंतागढ़
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने केंद्र के समान 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग को लेकर बाजार चौक अंतागढ़ में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली। रैली बाजार चौक से मुख्य चौक से होते हुए गोल्डन चौक में कर्मचारियों ने एक छोटी सी सभा करते हुए नारे बाजी की । कर्मचारी रैली के रूप में तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सभा में फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष पीलू राम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को केंद्र के समान ही महंगाई भत्ता दिया जाए। बढ़ती मंहगाई के समय में महंगाई भत्ता कर्मचारियों का अधिकार है। जिसे सरकार को देना चाहिए। वही सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश महासचिव रवि प्रकाश लोहसिंह ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा लेने की कोशिश न करे। उन्होंने कहा यदि सरकार का यही रवैया रहा तो अब उन्हें आंदोलन को और व्यापक रूप देने के लिए कदम उठाने पड़ेंगे। जिसकी रणनीति बनाई जा चुकी है। उन्होंने सीएम से न्यायोचित मांगों पर सार्थक कदम उठाने की अपील की। उन्होंने दो टूक में कहा कि कर्मचारी किसी भी सरकार की रीढ़ की हड्डी होती है, कर्मचारियों की धैर्य की परीक्षा ना ली जाए वरना आने वाले समय वर्तमान सरकार के लिए घातक साबित हो सकता है।

ज्ञात हो कि वर्तमान में केंद्र सरकार 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रही है, वहीं राज्य सरकार केवल 22 प्रतिशत ही दे रही है। बढ़ती महंगाई में कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फेडरेशन ने मांग की कि 12 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स के साथ तत्काल दिया जाए। साथ ही गृह भाड़ा भत्ता को सातवें वेतनमान के आधार पर पुनरीक्षण किया जाए। इस दौरान हीरालाल मांझी, सी एस ठाकुर वन परिक्षेत्र अधिकारी अन्तागढ़ , आशीष पवार,पूरनलाल नागेश्वर, कृष्णा पवार, अमरचंद नागराज, देवनाथ नायक, नोहरू राम मंडावी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, डीआर मंडावी, एचपी देवांगन, सीमा उईके, तुलसीराम गावडे, रघुनंदन कौशल, अरुण रामटेके, मोक्षम सार्वा, दीप्ति भुवार्य, दुर्जन कुमेटी, चुन्नी चिराम, सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बीटीओए नव निर्वाचित सदस्यों को चुनाव अधिकारी ने प्रदान की प्रमाणपत्र



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल स्थित बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न हो चुका है। जिसके बाद बुधवार को बीटीओए कार्यालय में बीटीओए के नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया।बता दें चुनाव अधिकारी दिनेश सिंह राठौर के द्वारा अध्यक्ष ए अनिल,सचिव गौरंग साहा, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे, उपाध्यक्ष आकाश गोयल, प्रकाश मंडल,सह सचिव आशीष सिन्हा एवं लक्ष्मण कुमार को प्रमाण पत्र दिया।इस दौरान सुपर कमेटी के राकेश सिंह गौतम, मृणाल राय,आर सी नाहक, रविंद्र सोनी, ए जे कुरियन, अमरीक सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

# मोहन मरकाम के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस ने किया फल वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम के अध्यक्षीय तीन वर्ष पूर्ण होने पर बीजापुर जिला कांग्रेस ने बाल आश्रम टुमारो फाउंडेशन में बच्चों एवं जिला चिकित्सालय बीजापुर में मरीजो से भेंट मुलाकात कर हालचाल जाना व फल वितरण किया,बाल आश्रम में बच्चो से जानकारी मिली कि पीने के पानी की दिक्कत है,तत्काल विधायक विक्रम मण्डावी ने अपने विधायक निधि से वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाये दी,और कहा कि इन तीन वर्षों में कांग्रेस ने संगठन व सत्ता के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित कर मजबूती के साथ सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवम जनता की आवाज उठाने का काम किया गया, कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण व जनकल्याणकारी योजनाओं की संगठन के माध्यम से प्रदेश वासियो तक व्यापक स्तर पर लाभ पहुंचाने का प्रयास संगठन द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। जिलाध्यक्ष लालू राठौर ने प्रदेश नेतृत्व कर्ता मोहन मरकाम को सफलतम तीन वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई व शुभकामनाये दी व कहा हमने आपके नेतृत्व में कांग्रेस का संगठन का एक एक कार्यकर्ता लगातार तीन वर्षों से प्रदेस से लेकर ब्लाकों,वार्डो व गाँवों तक सरकार की योजनाओं एवम संगठन के कार्यो से जनता के प्रति जुड़ाव को बढ़ाया,2018 में जनता ने जो जनादेश दिया था, हमने अपने कार्यकर्ताओं के दम पर उस जनसमर्थन को और मजबूत करने का काम किया है।

## नक्सली देर रात घर से अगवा कर ले गए सरपंच को, गला रेतकर हत्या

**बीजापुर।** जिले में माओवादियों ने एक नक्सल प्रभावित गांव के सरपंच की हत्या कर दी है। माओवादियों ने पुलिस की मुखबिरी करने के शक में वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि, सरपंच को मंगलवार की रात घर से उठाकर माओवादी जंगल की तरफ लेकर गए थे। वहीं, धारदार हथियार से गला रेत दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद शव को गांव के पास ही फेंक दिया था। मामला जिले के तोयनार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मोरमेड गांव का सरपंच रतिराम कुडियम कई दिनों से नक्सलियों के निशाने पर था। कई बार इसे नक्सलियों ने धमकी भी दी थी। वहीं मंगलवार की रात करीब 8 से 10 की संख्या में हथियारबंद माओवादी रतिराम के घर पहुंच गए। उस समय रतिराम अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था।

# कांग्रेस नहीं चाहती देश सशक्त हो और युवाओं को रोजगार मिल : सुभाऊ कश्यप

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह मे पूर्व विधायक व भाजपा नेता डॉज़ सुभाऊ कश्यप ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा की विपक्षी दल कांग्रेस के द्वारा जिस प्रकार से अग्निपथ योजना का विरोध किया जा रहा है वह किसी से छिपा नही है कांग्रेस नहीं चाहती देश सशक्त हो व युवाओं को रोजगार मिले वो सिर्फ देश मे अराजकता का माहौल निर्मित करने का काम कर रही है देश की जनता व युवा उनके बहकावे मे आने वाले नही है वही आगे कश्यप ने अग्निपथ योजना पर विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने बीते मंगलवार को भारतीय युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में सेवा हेतु एक अग्निपथ योजना को मंजूरी दी है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी पहल है जिसके माध्यम से देश के भविष्य निर्माता युवाओं को राष्ट्रसेवा और देश के लिए कुछ कर गुजरने का एक अमूल्य अवसर मिला है। वही विपक्षी दल कांग्रेस के द्वारा जिस प्रकार से इस योजना का विरोध किया जा रहा है वह किसी छिपी नही है कांग्रेस नही चाहती देश सशक्त हो व युवाओं को रोजगार मिले वो सिर्फ देश में आराजकता का माहौल निर्मित करने का काम कर रही है देश की जनता व युवा उनके बहकावे मे आने वाले नही है ।आगे कश्यप ने इससे उनमें क्षमताओं व कौशल का निर्माण होगा, साथ ही देश का रक्षातंत्र और भी सशक्त होगा।चार साल की सेवा के बाद सबसे बेहतरीन 25प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित कैडर में जगह मिलेगी।


Bandhan Bank
रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन: +91-79-26421671-75

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रकशन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (ध एक्ट), 2002 की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री मोहम्मद कैफ सुलेमानी श्री मोहम्मद दानिश 851/3116 और 851/3119 | सभी चल और अचल संपत्ती खसरा नंबर 239/24, पी एच नंबर 61, आरएनएम रायपुर-01, वार्ड नंबर 52, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, रकबा 600 वर्ग फीट, तहसील और जिला- रायपुर- 492001 स्थित है और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित है: उत्तर: अहमद खान का घर, पूर्व: पांडेजी का घर, पश्चिम: सड़क, दक्षिण: राजेश पटेल द्वारा बिक्री की गई भूमि | 17.06.2022/ 04.01.2022 | रु.17,12,041.10 ऋण खाता नं. 851/3116 और रु.4,37,38.72 ऋण खाता नं. 851/3119 कुल रु.17,55,779.82 | 23.06.2022 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा SARFEASI एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**स्थान: रायपुर**
**तारीख: 30/06/2022**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**बंधन बैंक लिमिटेड**



Bandhan Bank
रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी । ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है । अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है ।

| ऋणियों के नाम और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| श्री विनोद पटेल श्रीमती रश्मि पटेल 861/788 | सभी चल और अचल संपत्ती लगभग 1937 वर्ग फिट है, जो ख नंबर 1557/38, ऑल्ड नंबर 564, भाग पी.एच. नंबर 14/19-ए, वार्ड नं. 16, नई सरकारी स्कूल के पीछे, रूंगटा कॉलेज रोड, नेवार सीएसईबी कुरुद, कैलास नगर, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490001 स्थित है और जिसकी चतुर्दिशा निम्नलिखित है, उत्तर: प्लॉट नंबर 25, पूर्व: प्लॉट नंबर 32, पश्चिम: 30 फीट सड़क, दक्षिण: प्लॉट नंबर 23 | 07.12.2021 | 24.06.2022 | रु.17,64,585.61 |
| श्री मुकेश कुमार सिन्हा श्रीमती पूजा कुमारी सिन्हा 861/87 और 861/228 | सभी चल और अचल संपत्ती लगभग 1500 वर्ग फुट है, जो ख नं 1157/1, भाग पीएच नंबर 14/1, मौजा कुरुद, रूंगटा कॉलेज के पास, आस्था डेवलपर, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित है और जिसकी चतुर्दिशा निम्नलिखित है, उत्तर: विक्रेता की भूमि, पूर्व: 30 फीट रोड, पश्चिम: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि | 08.12.2021 | 24.06.2022 | रु.19,41,451.71 ऋण खाता सं. 861/87 और रु.98,119.75 ऋण खाता सं. 861/228 कुल रु.20,39,571.46 |
| श्री हरिशंकर चतुर्वेदी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी 861/372 और 861/633 | सभी चल और अचल संपत्ती लगभग 1481.87 वर्ग फिट है, जो एमआईजी-2 1452, इन्डस्ट्रीयल एस्टेट, एमपीएचबी, वार्ड नंबर 16, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490026 स्थित है और जिसकी चतुर्दिशा निम्नलिखित है, उत्तर: ईडब्ल्यूएस हाउस, पूर्व: सड़क, पश्चिम: एमआईजी-2/1453, दक्षिण: सड़क | 10.02.2022 | 24.06.2022 | रु.29,89,648.18 ऋण खाता सं. 861/372 और रु.1,87,212.99 ऋण खाता सं. 861/633 कुल रु.31,76,861.17 |
| श्री पिंसेटी वेंकट रमण श्रीमती पिंसेटी वेंकट लक्ष्मी 861/630 | सभी चल और अचल संपत्ती लगभग 1620 वर्ग फिट है, जो ख नं. पुराना 69/200, न्यू खसरा नं. 4709 का हिस्सा, ब्लॉक सी, पीएच नंबर 19, वार्ड नं. 10, कोहका, चंद्रा नगर, भिलाई, दुर्ग स्थित है और जिसकी चतुर्दिशा निम्नलिखित है, उत्तर: कमल की भूमि, पूर्व: खताल, पश्चिम: 25 फीट की सड़क, दक्षिण: पंडित का घर | 07.12.2021 | 24.06.2022 | रु.26,09,005.90 |
| श्री वीरेंद्र टांडी श्री कमल टांडी 861/624 | सभी चल और अचल संपत्ती लगभग 1800 वर्ग फिट है, जो खसरा नंबर 4709, प्लॉट नंबर ए, वार्ड नंबर 14, पीएच नंबर 14, इंदु आईटी स्कूल के पास, कोहका, चंद्र नगर, भिलाई, दुर्ग स्थित है और जिसकी चतुर्दिशा निम्नलिखित है, उत्तर: विक्रेता की भूमि, पूर्व: खताल, पश्चिम: 25 फीट की सड़क, दक्षिण: वेंकट भूमि | 07.12.2021 | 24.06.2022 | रु.31,85,771.46 |

**स्थान: दुर्ग**
**तारीख: 30/06/2022**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**बंधन बैंक लिमिटेड**

# भुंजिया जनजाति लोगों की नहीं बदली तस्वीर सहायक आयुक्त के कार्यप्रणाली पर सवाल

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गरियाबंद जिला के ट्रैवल ब्लॉक मैनपुर, छूरा, गरियाबंद, पर लाखों करोड़ों रुपए आवंटित करने के बाद भी कमार भुंजिया जनजाति लोगों की दशा और दिशा नहीं बदल पाई जबकि कमार परिवारों की आर्थिक स्थिति बढ़ाने बांस, टोकरी, सुपा, सहित अन्य निर्माण की व्यवस्था के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है साथ ही जंगल के बीचो-बीच निवासरत कमार, भुंजिया लोगों के सहुलियत दिलाने के लिए स्थानीय विकास कार्यक्रम अंतर्गत पुल पुलिया रपटा भवन चिकित्सा सहित आवास निर्माण के लिए लाखों रुपए आवंटित किया जाता है बकायदा कमार भुंजीया जनजाति के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आर्थिक शिक्षा रोजगार पेय जल मार्ग स्वास्थ्य जैसे अन्य सुविधा दिलाने के लिए 21 प्रकार की योजना संचालित होने की बात कही जाती है लेकिन अफसोस की बात है कि आज भी जंगल के रहवासी कमार

## राजीव गांधी की मंशा को सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में भी लगा ग्रहण



भुंजिया को इनमे से अधिकाश योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है खासकर मड़वाझरिया, बीजापदर, बासेनपानी, हल्दीकछर, तालपानी इलाके के कमार भुंजिया लोगों के बीच यह देखने को मिलता है यहां के कई कमार भुजिया आज भी जंगल के भरोसे हैं सिर्फ शासकीय राशन दुकान से राशन लेकर अपना गुजारा करने को मजबूर है और मजबूरी के चलते जंगल के बांस बल्ली को काटकर किसी तरह सुपा टोकरी बनाकर बाजार में जैसे-तैसे दाम पर बेचते अपनी छोटी मोटी जरूरत की पूर्ति किया जाता है मतलब कांग्रेस सरकार में भी राजीव गांधी की मनसा पूरी नहीं हो पा रही है हालांकि विभागीय सहायक आयुक्त द्वारा पूरे प्रोजेक्ट अनुसार कमार भुंजिया लोगों को लाभ दिला कर शिक्षा रोजगार पेयजल चिकित्सा सहित तमाम व्यवस्था मुहैया कराते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का दावा किया जाता है मगर यह दावा किस हद तक खोखली है यह कमार भुजिया निवासरत गांव की तस्वीर देख बयां होती है।

### शिक्षा से वंचित कमार बच्चे

राज्य सरकार द्वारा कमार भुंजिया जनजाति लोगों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर लगातार जोर दे रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी की सुस्ती से इन गांव के कई कमार भुंजिया जनजाति के बच्चे शिक्षा से कोसों दूर है जिनकी पूछ परख ना अधिकारियों की ओर से होती है और ना जनप्रतिनिधियों की ओर से ऐसे ही मडवाझरिया के कमार बस्ती से गोवर्धन के 13 एवम् 10 वर्ष का बेटा शिक्षा से कोसों दूर है जिन्हें शिक्षा से जुड़ने या दूर होने का जिम्मा गोवर्धन ने अपने बेटों पर छोड़ दिया है मगर इस बीच अधिकारियों ने भी ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कोई ठोस पहल नहीं किया शायद यही वजह है कि युवा पीढ़ी भी समाज की समानता से दूर है बताया जाता है कि बीजापदर, बासेनपानी हल्दीकछार मड़वाझरिया जैसे अन्य कमार भुंजिया गांव के बच्चे शिक्षा से दूर हैं और यह बात स्थानीय से लेकर जिला अधिकारी भी भली-भांति अवगत है मगर ताज्जुब की बात है कि आज तक ऐसे बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित नहीं किया गया ।

### सहायक आयुक्त गांव तक नहीं पहुंचने का दावा

सबसे खास बात तो यह की सहायक आयुक्त को ट्रैवल ब्लॉक जंगलों के बीच कमार भुजिया जनजाति निवासरत गांव का दौरा करना चाहिए वह अधिकारी अधिकांश कार्यालय पर नजर आते हैं तभी ग्रामीण सहायक आयुक्त पर बासेनपानी, हल्दीकछार मडवा झरिया तालपानी सहित अन्य कमार भुंजिया गांव तक नहीं पहुंचने का दावा कर रहे हैं ऐसे में कमार भुंजिया जनजाति लोगों के समस्या का निराकरण की उम्मीद किस तरह किया जा सकता है मतलब कमार भुंजिया जनजाति लोगों के बीच सहायक आयुक्त की गैरमौजूदगी मूलभूत एवं रोजगार से दूर रखने को बड़ा कारण माना जाता है।

# स्वाद के शौकीन छग की राजधानी रायपुरवासियों के लिए खुश खबरी





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

फाफाडीह रायपुर में श्रीधर रजवाडी स्वीट्स का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथी उदय भान सिंह चौहानजी (छग राज्य निर्माण के प्रणेता / वरिष्ठ समाज सेवी) विशेष अतिथी सोनल राजेश शर्मा (फैमिली कौंसलर महिला थाना रायपुर / अधिकृत संवाददाता गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स) के हाथों सनातन हिंदू धर्म के रीति रिवाज अनुसार प्रातः 9 बजे शुभ मुहूर्त में किया गया।

विशेष बात ये रही के इस अवसर पर मुख्य अतिथी व विशेष अतिथी के हाथों रिबन को खोलकर (काट कर नहीं) मुख्य द्वार की पूजा शॉप के मंदिर व कैश गल्ले की पूजा दिपक प्रज्जवलित कर की गयी

श्रीधर रजवाडी स्वीट्स के प्रोपराइटर सर्वश्री प्रभु सिंह सुमेर सिंह गंगा सिंह तेज सिंह सुरेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथी व विशेष अतिथी को राजस्थानी साफा पहना कर सम्मानित कर उमेद पेलेस जोधपुर की सुंदर तस्वीर भेंट की गयी

इस अवसर पर सोच विचार मीडिया से ममता जी व अभिषेक जी प्रोपराइटर बँधुओं के परिजन सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पारंपरिक राजस्थानी मिठाईयों स्वादिष्ट नमकीन और शाही समोसा कचोडी के लिये मशहूर श्रीधर रजवाडी स्वीट्स की अन्य शाखा श्यामगढ़ मध्यप्रदेश व कवर्धा छग में भी है।

# न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा मिशन एनर्जी फाउंडेशन का वार्षिक सम्मेलन





पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मिशन एनर्जी फाउंडेशन ने 23 और 24 जून.2022 को गोवा में अपना तीसरा वार्षिक सम्मेलन और पुरस्कार (सीईएम. डब्ल्यूएच आरएस. 2022) आयोजित किया। मिशन एनर्जी फाउंडेशन एक गैर.लाभकारी संगठन है जो अपने स्वयं के स्रोतों से स्वतंत्र रूप से सभी जानकारी संयंत्र डेटा एकत्र करता है और विजेताओं को अंतिम रूप देने के लिए उद्योग विशेषज्ञों की अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ डेटा का शोधध्विश्लेषण करता है। ये पुरस्कार विशेष रूप से सीमेंट क्षेत्र के लिए हैं और देश से लगभग 24 सीमेंट संयंत्रों ने पुरस्कार समारोह में भाग लिया। रिस्दा सीमेंट प्लांट एकमात्र ऐसी कंपनी है जिसे मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा प्लांट की स्थापना के बाद से बनाए गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मापदंडों के आधार पर तीनों श्रेणियों में सम्मानित किया गया था। रिस्दा सीमेंट प्लांट को 1. वर्ष.2022 का सीमेंट प्लांट, 2. स्थिरता के लिए नवाचारए एवं 3. पर्यावरण उत्कृष्टता के लिये पुरस्कार प्रदान किया गया । वर्ष 2022 के सीमेंट प्लांट के लिए मिशन एनर्जी फाउंडेशन ने क्लिंकर और सीमेंट ग्राइंडिंग में विशिष्ट बिजली की खपतए क्लिंकर में विशिष्ट गर्मी की खपत जैसे सभी महत्वपूर्ण प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों का विश्लेषण किया है और रिस्डा के लिए उन्होंने सभी मापदंडों में एक निरंतरता सुधार देखा है। विशेष मान्यता जो 5०5 मेगावाट से शुरू हुई और 12 मेगावाट तक पहुंच गई जिसके परिणामस्वरूप बिजली की लागत और उत्सर्जन में कमी आई। इसके साथ ही आरसीपी ने कंपनियों के टिकाऊपन एजेंडा को हासिल करने के लिए साल दर साल ताजे पानी की खपत में कमी और कार्बन डाई ऑक्साइड में कमी लाने के लिए जबरदस्त कार्रवाई की है और सभी पर्यावरणीय मानकों को निर्धारित मानकों से काफी नीचे बनाए रखा है। प्लांट हेड राजू रामचंद्रन ने इस अवसर पर टीम को बधाई दी और सराहना की। मुख्य निर्माण अधिकारी एनवीएल अनंत महोबे ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम की सराहना की।

# लिमतरा के चौहान चौक में जगतगुरु स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ सिमगा
www.dailypioneer.com



भाटापारा से जगन्नाथपुरी के लिए रवाना होते हुए ग्राम पंचायत लिमतरा पृथ्वीराज चौहान चौक में जगतगुरु गोवर्धन मठ शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया ग्राम वासियों द्वारा बाजे गाजे फूल माला भगवा झंडा एवं जय घोष करते हुए महिला पुरुष बालक बालिकाओं द्वारा हम भारत भव्य बनाएंगे हम हिंदू राष्ट्र बनाएंगे हर हिंदू सेना हो हर हिंदू सनातनी हो का नारा गूंज रहा था हर हाथ में भगवा झंडा लहरा रहा था पूजा प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया हेम सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत हुआ जिसमें गांव के प्रमुख जन शामिल थे राजेश अग्रवाल चोवा राम साहू राजकुमार निषाद राम सजीवन चौहान महावीर प्रमोद गिरी अनूप वैष्णव दाऊ लाल सेन गोविंद शर्मा टेकसिह फूलबाई लीलावती मंतराम कुर्रे जनक रमा शर्मा बहरीन भाई प्रवीण सिंह रुस्तम सिंह तारकेश्वर प्रकाश खेमसिह नीरज गोस्वामी गणेश यादव जय जय राम कांति भाई प्रेम सिंह सैकड़ों की संख्या में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में स्वागत कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पुलिस ने शराब पिलाकर पैसा चोरी करने वाले एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा चोरी, नकब्जनी के अपराधों पर नकेल कसने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह (प्रशिक्षु थाना प्रभारी) के नेतृत्व में थाना सुहेला के अपराध क्र. 169/22 धारा 379 भादवि मे चोरी गये मशरूका 40,000 हजार रूपये एवं अज्ञात आरोपी का पता साजी दौरान मामले के सदिग्ध रवि यादव पिता समारू यादव उम्र 20 साल साकिन गाडाभाठा थाना सुहेला से कडाई से पुछताछ करने पर बताया कि दिनांक 25.06.2022 को रात्रि 08-09 बजे के मध्य इसका मुलाकात प्रार्थी रामाधार यादव पिता चैताराम यादव उम्र 50 साल साकिन गाडाभाठा से होने पर आरोपी का नजर प्रार्थी के जेब में रखे नोट के बंडल पर पडने से इसका चोरी करने का प्लान बनाकर प्रार्थी को खाना खाने के लिए अपने घर बुलाकर शराब पीलाना और नशे में हो जाने पर पार्थी के जेब से रू. 40,000 को चोरी करना स्वीकार किया है। चोरी के पैसों से ?4000 का मोबाईल खरीदना, जिसे गुम जाना करीब रु. 10,000 खाने पीने में खर्च कर देना एवं शेष रकम अपने घर के पटाव में पिला रंग के बैग में रखना बताया ।

# उत्कृष्ट विवेचना से हत्या के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा

■ आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर की थी हत्या

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



उत्कृष्ट विवेचना से हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में पुलिस ने महति भूमिका निभाई। आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर की थी हत्या जिसकी गहन जांच कर आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए और सजा दिलाई।

आरोपी भूषण पटेल पिता मोहन पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लंकाहुडा द्वारा अपनी पत्नी की चरित्र शंका पर गला दबाकर हत्या करने संबंधी प्रार्थी मृतका के भाई हेमसागर पटेल की रिपोर्ट पर चौकी बेलाडूला में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण प्रकरण में चौकी प्रभारी बेलाडूला सहायक उपनिरीक्षक भगवती कुर्रे द्वारा उत्कृष्ट विवेचना कार्य करते हुए, आरोपी भूषण पटेल को रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर तथा प्रकरण में सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसमें माननीय न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा आरोपी भूषण पटेल को अपनी पत्नी की हत्या करने का दोषी पाया जाकर आजीवन कारावास एवं 5000 अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

# जनचौपाल में मिले 67 आवेदन, कलेक्टर ने सुनी समस्याएं 11 वर्षीय डिम्पी को मिला श्रवण यंत्र

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देश पर संयुक्त जिला कार्यालय समेत जिले के अन्य सभी निर्धारित कार्यालयों में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में आज कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 45 को टोकन जारी कर समय सीमा के तहत दर्ज किए है एवं 22 आवेदन सामान्य आवेदन प्राप्त हुए जिसका निराकरण करनें के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए है।आज आवेदकों में पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम बलौदीनिवासी मोतीलाल डहरिया ने पावर ग्रिड द्वारा 2 सालों से मुवाअजा नही मिलने की शिकायत की गयी। जिस पर कलेक्टर ने आवेदन को समय सीमा में दर्ज कराते हुए बलौदाबाजार एसडीएम को जॉच कर राशि दिलाने के निर्देश दिए है।इसी तरह पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम कानाकोट की सरस्वती महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों ने रेडी टू ईट निर्माण कर्ता महिला समूह का पिछले 4 माह से मानदेय एवं 10 प्रतिशत कटौती राशि एवं 1 वर्ष का भुगतान संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को निराकरण करनें के निर्देश दिए है।

कसडोल तहसील के अंतर्गत ग्राम हड़हापारा निवासी संतरा ने सीमाकंन के लिए आवेदन किया है। सिमगा अंतर्गत ग्राम किरवई के समस्त ग्रामीणों ने गांव के शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था कराने हेतु निर्देश दिए ताकि किसी भी तरह की बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

### वर्षीय डिम्पी को मिला श्रवण यंत्र

जनचौपाल में बलौदाबाजार नगर निवासी 11 वर्षीय डिम्पी नायक को समाज कल्याण विभाग की तरफ से श्रवण यंत्र दिया गया। श्रवण यंत्र मिलने पर उनकी माता ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओं डॉ. फरिहा आलम सिद्की सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

# किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं, कृषि विभाग के मैदानी अमला रखे नजर : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने समय सीमा की बैठक में कृषि एवं संबंधित विभागों को किसानों के लिए शत प्रतिशत खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।उन्होंने कहा कि कृषि विभाग का मैदानी अमला गांव गांव में जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लेते रहें। किसी भी किसान बंधु को खाद की उपलब्धता के लिए परेशानी नहीं होनी चाहिए। सही समय में सबको खाद मिल जाए इसकी जिम्मेदारी कृषि विभाग की होगी। इसके साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में समस्त छात्रों का स्कूलों में ही शत् प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को दिए है। छात्रों की शत् प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बनाना शिक्षा विभाग सुनिश्चित करें। दो दिनों पूर्व राज्य शासन के द्वारा जिलें में 4 नये स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के प्रारंभ करने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए है। जिलें में 4 नये प्रस्तावित स्कूलों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुहेला एवं शहीद विवेक शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसींवा शामिल है। साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यो के भी विस्तृत समीक्षा की गई है। कलेक्टर डोमन सिंह ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हो रहे कार्यो का व्यापक रूप में प्रचार-प्रसार जनसम्पर्क विभाग के द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। गांव-गांव में योजना के संबंध में लोगों को जागरूक करना सुनिश्चित करें। जिलें के समस्त स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायतों में बने कांजी हाउस को सक्रिय करने के लिए निर्देश कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी जिला अधिकारियों को समय सीमा के भीतर लंबित आवेदनों पर कार्य करने के निर्देश दिए। सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी ऐसे कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए समय सीमा के भीतर आवेदनों निराकारण करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना एवं फसल परिवर्तन में तेजी एवं गौठानो को अधिक सशक्त करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, पौनी पसारी, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सुराजी गांव योजना, गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना, वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि गौठानो को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में जनचौपाल लगाकर आवेदनों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। उक्त बैठक में सभी जनपदों से ऑनलाइन माध्यम से सभी एसडीएम, सीईओ एवं अन्य विभागों के अधिकारी गण जुड़े हुए थे। बैठक में अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, डीएफओ के. आर बढ़ई, एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाई सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

निविदा क्र. 141 से 160/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2022 बालोद, दिनांक : 23/06/2022

### // ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण - बालोद जिले के वि.ख. गुरूर, बालोद, डौण्डी एवं डौण्डीलोहरा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिट एवं एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना का कार्य।**

| | नि.सू. क्र./सिस्टम नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 141/103146 | विकासखंड डौण्डीलोहरा डुमरगुंच्चा | रू. 38.56 लाख |
| 2 | 142/103147 | विकासखंड डौण्डीलोहरा मड़ियाकटा | रू. 88.34 लाख |
| 3 | 143/103148 | विकासखंड डौण्डीलोहरा टेकापार | रू. 53.75 लाख |
| 4 | 144/103151 | विकासखंड डौण्डीलोहरा भर्रीटोला | रू. 64.07 लाख |
| 5 | 145/103153 | विकासखंड डौण्डीलोहरा कुदारीदल्ली | रू. 68.61 लाख |
| 6 | 146/103154 | विकासखंड डौण्डीलोहरा भिमपुरी | रू. 123.70 लाख |
| 7 | 147/103155 | विकासखंड डौण्डीलोहरा झरनटोला | रू. 67.01 लाख |
| 8 | 148/103156 | विकासखंड डौण्डीलोहरा मरकामटोला | रू. 67.47 लाख |
| 9 | 149/103157 | विकासखंड डौण्डीलोहरा कमकापार | रू. 115.32 लाख |
| 10 | 150/103158 | विकासखंड डौण्डीलोहरा सिर्राभाटा | रू. 100.95 लाख |
| 11 | 151/103159 | विकासखंड डौण्डीलोहरा कोड़ेकसा | रू. 117.15 लाख |
| 12 | 152/103160 | विकासखंड डौण्डीलोहरा कसही-लो. | रू. 112.77 लाख |
| 13 | 153/103161 | विकासखंड डौण्डी मथेना | रू. 101.17 लाख |
| 14 | 154/103162 | विकासखंड डौण्डी चिहरो | रू. 154.01 लाख |
| 15 | 155/103163 | विकासखंड डौण्डी लिमउडीह | रू. 138.20 लाख |
| 16 | 156/103164 | विकासखंड गुरूर बोहारा | रू. 113.01 लाख |
| 17 | 157/103165 | विकासखंड बालोद भोथली | रू. 71.30 लाख |
| 18 | 158/103167 | विकासखंड बालोद चारवाही | रू. 92.33 लाख |
| 19 | 159/103168 | विकासखंड बालोद चिचबोड़ | रू. 113.44 लाख |
| 20 | 160/103169 | विकासखंड बालोद साल्हेटोला | रू. 80.81 लाख |

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि - 01/07/2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 14/07/2022

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 30-06-2022 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

G- 92516/7

# संभागायुक्त कावरे ने खाद की उपलब्धता के संबंध में की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महादेव कावरे, संभागायुक्त दुर्ग ने आज संभाग के जिलो में रसायनिक खाद की उपलब्धता से संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कावरे ने संबंधित अधिकारियों को किसान की जरूरत के आधार पर समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने बताया कि संभाग में खाद के करीब 234250 मिट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 181973 मिट्रिक टन खाद उपलब्ध होना बताया जो कि लक्ष्य का 78 प्रतिशत है, इस पर संभागायुक्त कावरे ने समितिवार खाद की आवश्यकता और उपलब्धता के लिए कृषि विभाग, सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) और जिला सहकारी बैंक को नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए है। संभागायुक्त ने कहा कि रोपा लगाने के समय, पौधे की वृद्धि के समय, बीज अंकुरन के दौरान



जिन-जिन उर्वरकों की जरूरत होती है, उसकी उपलब्धता उसी समय के अनुसार प्रत्येक समिति में होना चाहिए, साथ ही रसायनिक खाद की कमी के कारण फसल उत्पादन प्रभावित ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जायें।

संभागायुक्त कावरे द्वारा धान के बदले अन्य फसल योजना की प्रगति की समीक्षा की गई, समीक्षा में संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अन्य फसल लगाने वाले कृषको के ऋण प्रकरणों को तत्काल स्वीकृत करें एवं ऐसे कृषको को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जावे। वर्तमान प्रगति से असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि जुलाई के अंत तक लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति किया जायें, कृषि विभाग के कर्मचारियों को भी इस कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

वर्तमान में डीएपी की कमी होने पर कृषको को इसके विकल्प के रूप में सुपर फास्फेट एवं यूरिया के कॉम्बीनेशन की जानकारी देते हुए इसके उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में यूरिया, पोटाश एवं सिंगल सुपर फास्फेट की पर्याप्त उपलबधता है। किसी भी समिति में इन खादो की अनुपलब्धता नही होनी चाहिए।


इस हेतु जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी को निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निजी विक्रेताओं के परिसर का लगातार उर्वरक निरीक्षक के माध्यम से निरीक्षण की कार्यवाही करें एवं किसी भी स्थिति में कृषको को निर्धारित दर से अधिक दर पर खाद का वितरण ना होने पाए। खाद का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित करने कहा। कावरे ने मार्कफेड अधिकारी को दुर्ग जिले के देवबलौदा के रेक प्वाईंट हेतु तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।

# पंचायत उप चुनाव 2022: एक सरपंच एवं तीन पंच के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

■ 1085 मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 अंतर्गत जिले में 01 सरपंच तथा 03 पंच पद के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस उप निर्वाचन में 1085 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उप चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक संयुक्त कलेक्टर कवर्धा दीप्ती गौते ने मतदान केन्दों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव म्हस्के, प्रेक्षक के लायजनिंग अधिकारी एवं प्रभारी खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर उपस्थित थे। जनपद पंचायत बेमेतरा कुल 210 मतदाताओं में से 152 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इनमें 72 पुरुष एवं 80 महिला शामिल है। इसी क्रम में विकासखण्ड नवागढ़ के कुल 1363 मतदाताओं में से 933 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इनमें 491 पुरुष एवं 442 महिला



शामिल है। इस तरह पंचायत उप चुनाव में जिले का मतदान 69 प्रतिशत रहा। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बाघुल में सरपंच पद के लिए मतदान हुआ। इसी प्रकार ग्राम पंचायत संबलपुर के वार्ड क्रमांक 11 में पंच पद के लिए एवं ग्राम पंचायत कामता के वार्ड क्रमांक 12 में मतदान हुआ। इसी तरह जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत कुसमी के वार्ड क्रमांक 04 में पंच पद के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवबलोदा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई 3
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवबलोदा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्या अर्पण दीप प्रज्वलित कर व बच्चों के द्वारा राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शाला में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलाल लगाकर मिठाई खिला कर गणवेश व निशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिक निगम के महापौर निर्मल कोसरे, दीप्ती आशीष वर्मा, रविन्द्र हरपाल, रवि देवांगन, सनत कटकवार, ममता वर्मा, सुमित देशलहरे, शिव यादव, सुनील यादव, विजय पूरी, पवन साहू व वार्ड 31की पार्षद भारती राम सुर्यवंशी ने नव प्रवेशी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और खूब मन लगा कर पढ़ने को कहा। पूर्व पार्षद राम सुर्यवंशी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज हम सब शाला प्रवेश उत्सव मना रहे है। उपस्थित सभी ने नव प्रवेशी बच्चों को हार्दिक बधाई दी।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

दुर्ग. मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र दुर्ग द्वारा निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय आई.टी.आई दुर्ग में असिसटेंट इलेक्ट्रिशियन (न्यूनतम 10वीं) एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग में इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्युशन (न्यूनतम 8वीं) योग्यता मांगी गई है। इच्छुक आवेदक दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ वी.टी.पी. संस्था (प्रशिक्षण केन्द्र) अथवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण प्रथम तल जिला पंचायत दुर्ग से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन 10 जुलाई 2022 तक जमा कर सकते हैं।

# राखी बनाने के लिए जेलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

■ जनदर्शन पहुंचा जमीन के सीमांकन का आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

हर कोई सामान अवसर और सम्मान की चाह रखता है। परंतु हमारा समाज कई बार विभिन्न वर्गों को नजर अंदाज करता है। समाज में सभी लोगों को सर उठाकर जीने का मौका मिले इसलिए छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा संस्था कलेक्टर के समक्ष जेल में रह रही महिला कैदियों के प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन लेकर पहुंची थी। आने वाले अगस्त माह में राखी का त्योहार है। जिसमें संस्था चाहती है कि वह महिला कैदियों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दे और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा प्रशस्त





करे। विगत कई वर्षों से संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने और स्वरोजगार मुहैया कराने की दिशा में कार्य कर रही है। अभी तक संस्था द्वारा लगभग 2500 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने पांव में खड़ा किया गया है। संस्था की खासियत रही है कि वह महिलाओं को रोजमर्रा की आवश्यकताओं में काम आने वाले उत्पाद पर प्रशिक्षण देती है। संस्था के आवेदन पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने संज्ञान लेते हुए एस.पी. वैभव पल्लव से इस विषय पर चर्चा की और यथा संभव सहयोग का अश्वासन संस्था को दिया।

अपने ही जमीन के सीमांकन के लिए आवेदक को जनदर्शन पहुंचना पड़ा। आवेदक ने बताया कि चंदखुरी दुर्ग में पैतृक संपत्ति के रूप में उसके पास कृषि भूमि है। जिसके सीमांकन के लिए वह कई बार आवेदन लगा चुका है परंतु असफल रहा है। इसलिए कलेक्टर से उसका निवेदन था कि उसके आवेदन पत्र पर सहानुभुति पूर्वक विचार किया जाए और सीमांकन के अग्रिम कार्यवाही के लिए सक्षम अधिकारी को निर्देशित किया जाए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदक के साथ-साथ अन्य सीमांकन पर भी संबंधित अधिकारी को शीघ्र कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

# 1 जुलाई से डायल कर अपने घर के द्वार पर प्राप्त करें पौधा

दुर्ग। वन हम वन ट्री के दिन सभी के हाथों में धरती का श्रृंगार करने के लिए एक पौधा हो इसी उद्देश्य से वन विभाग दिनांक 1 जुलाई 2022 से पौधा तुंहर द्वार योजना अंतर्गत जिले वासियों को उनके घर के द्वार पर पौधा उपलब्ध कराएगा। अपने घर या घर के आस-पास हरियाली लाने के लिए यदि आप पौधों का रोपण करना चाहते हैं तो मती अनिता रजक (वनपाल) मो. 9981213262 एवं मती साधना तिवारी (वनरक्षक) मो. 9340617375 पर संपर्क कर पौधा प्राप्त कर सकते हैं।पौधारोपण और संरक्षण जन कल्याण का बड़ा माध्यम है। इससे खुद के साथ लोक कल्याण भी होता है। एक व्यक्ति द्वारा किए गए पौधारोपण का लाभ उसके और परिवार के साथ सभी लोगों को मिलता है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी लोग पौधारोपण और संरक्षण के लिए सार्थक पहल करें।

# डी ए-गृहभाड़ा भत्ता की मांग को लेकर कर्मचारियों ने एस डी एम को सी एम के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छ्ग कर्मचारी अधिकारी संघ के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया कि फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आज प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों एवं विकासखण्डों वा तहसील मुख्यालयों मे ज्ञापन सौंपा गया। वही बीजापुर जिला मुख्यालय सहित तीनों विकास खण्डों मे ज्ञापन सौंपा गया।जहाँ जिला मुख्यालय मे साँस्कृतिक भवन मैदान मे धरना प्रदर्शन कर रैली निकालकर सरकार के खिलाफ माँगे मानने हेतु नारे लगाये गये।यह आंदोलन का द्वितीय चरण था। इससे पहले 30 मई को ज्ञापन सौंपा गया कितुं शासन प्रशासन द्वारा कोई घ्यान नही दिया जा रहा है जिससे आक्रोशित कर्मचारियों ने पुनः रैली निकालकर सरकार को अल्टीमेटम दिया है।प्रशासन को रैली अनुमति हेतु दो दिन पहले ही आवेदन दिया गया था, कितुं जिला प्रशासन द्वारा अनुमति



नही दी गई।आक्रोशित कर्मचारियों ने फिर भी रैली निकाला मौके पर पहूँचकर पुलिस एवं एस डी एम हेमेन्द्र बुआर्य द्वारा रैली को रोककर ज्ञापन लिया गया।

जिला मुख्यालय मे जिला संयोजक के डी रॉय, जिला अध्यक्ष जाकीर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके ब्लाक अध्यक्ष लोकेश्वर चोहान के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन कर रैली निकाला गया। जिला मुख्यालय के धरना प्रदर्शन मे पवन ठाकुर, राजेन्द्र पसपुल, वीरा राजा बाबु, शंकर लाल कतलाम, रवीन्द्र झाड़ी, विश्वनाथ माँझी, फारूख शेख विजय चापड़ी, श्रीनिवास राव, राजेश मिश्रा पुरुषोत्तम झाड़ी सुकल साय तेलम, महिला प्रकोष्ट यशोदा गोटे उपस्थित थे। वहीं भैरमगढ़ ब्लाक मुख्यालय मे ब्लाक अध्यक्ष मोतीराम बेलसरिया के नेतृत्व मे धरना धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार जगुल किशोर पटेल को ज्ञापन सौंपा गया है।धरना प्रदर्शन मे प्रमुख पदाधिकारि के डी राय,पहलाद जैन,खुशराव रायडू,मोहन रॉय ,शिव पूनेम नरेन्द्र शोरी,एल एल धनेलिया, शिव समरथ, एस आर कुपाल, के आर कश्यप विजय ओयाम ए बी ओ सोरी सहित सैकड़ों कर्मचारि उपस्थित थे। वहीं विकास उसूर आवापल्ली मुख्यालय ब्लाक अध्यक्ष अनिल झाड़ी के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन आर आई जीवन लाल कुंजाम को ज्ञापन सौंपा गया। उपस्थित पदाधिकारि ए एल नेताम,रमेश मड़ी, कड़ती सम्मैया, प्रियेश रामटेके, सोहन दुर्गम, के के चापड़ी, पूनेम सत्यम,तोकल वेंक्टेश्वर, लुसेश्वर राव, रुद्र प्रताप झाड़ी, सहित सैकड़ों की संख्या मे कर्मचारियों वा अधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर रैली निकाला।विकास खण्ड भोपाल पटनम मे ब्लाक अध्यक्ष कमल कोर्राम के नेतृत्व मे भी आक्रोशित कर्मचारि वा अधिकारीयों ने रैली निकालकर प्रदर्शन कर डी ए-ग्रहभाड़ा भत्ता माँग को लेकर आर आई हितेन्द्र पामभोई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन मे प्रमुख रुप से ए सुधाकर, महेश शेट्टी, संदीप राज पामभोई, अजय गुरला, कंडिक नारायण, वेंकट राजू, पुष्पेन्द्र सिंग, महिला प्रकोष्ट डी देश, श्रीनिवास दूधी, अंहकारी राजन्ना, महेश हनुमैया कोर्राम, ईमड़ी संतोष, रुपेश सोढ़ी सहित सैकडों कर्मचारि उपस्थित थे। जिला मुख्यालय सहित तीनों विकास खण्डों मे सौपें गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि केंद्र के समान 34त्नमँहगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे वा सातवें वेतनमान पे ग्रह भाड़ा भत्ता दिया जावे। वरना समस्त कर्मचारि अधिकारी अनिश्चित कालीन हड़ताल करने मजबूर होंगे।जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लीनिक योजना के तहत की गई लोगों का स्वास्थ्य जांच



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के हाट बाज़ार चौक चौराहों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 29 जून बुधवार को किरंदुल के मेन मार्केट के समीप यात्री प्रतीक्षालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया और 35 ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधित जांच कर दवाई दी गई।इसमें मुख्य रूप से मौसमी बीमारी सर्दी खासी, खुजली से पीड़ित लोग शामिल थे। शिविर में 10 लोगों का मलेरिया जांच किया गया जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। इस शिविर में डॉ नीरज साहू डॉक्टर रवि कोरी त्रिरत्ना एस नेताम उपस्थित थे।

# कोटेर में लगा जनचौपाल, आज़ादी के बाद पहली बार कोटेर पहुंचा कोई जनप्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी बीजापुर ज़िले के संवेदनशील क्षेत्र कहे जाने वाले रेड्डी पंचायत के आश्रित गांव कोटेर पहुँचे और चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनी ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी को बताया कि आज़ादी के बाद पहली बार हमारे गांव कोटेर में कोई विधायक पहुँचा है जिससे हम सभी ग्रामवासियों में ख़ुशी व उत्साह है। ग्रामीणों ने पहली बार कोटेर पहुँचे विधायक विक्रम मंडावी को सबसे पहले गांव के देवगुडी लेकर गए और अपने इष्ट देव की पूजा अर्चना करने के बाद गांव की समस्याओं से अवगत कराते हुए कोटेर में नया पारा के बंद स्कूल को खोलने, प्राथमिक शाला कोटेर के एकल शिक्षक संस्था में दो और शिक्षक की माँग, देवगुडी में बाउंड्रीवाल का निर्माण, निर्माणाधीन सड़क में



पुलिया निर्माण, रेड्डी से कोटेर के बीच मिंगाचल नदी में बड़े पुलिया का निर्माण, चेरपाल से कोटेर तक सड़क निर्माण, गांव वालों को वनाधिकार पट्टा, गांव में बोरिंग एवं सामुदायिक भवन की माँग ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी से की है। उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए विक्रम मंडावी ने कहा कि कोटेर जैसे क्षेत्र का विकास करना एक चुनौती है प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार जिले के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है ग्रामीणों की जो भी माँगे और समस्याएँ है उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इस दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मंगल राना, पुरुषोत्तम खत्री, नितिन रामटेके, जनपद सदस्य सुमित्रा पेरमा, विधायक प्रतिनिधि दिनेश पुजारी, पी. चंद्रैया, दिलीप पुनेम, सुरेश वारगेम, सरपंच ज्योति गायता के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग विधायक विक्रम मंडावी के साथ रहे।

# साहित्यिक लेखन कौशल विकास में उत्कृष्ट प्रद्रर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्कूली शिक्षा में समर्पित विंग्स टू फ्लाई सोसाइटी द्वारा प्रकाशित अंक में अनुष्का प्रधान (सातवीं) की रचना - मेरा प्यारा स्कूल, सिद्धि गर्ग (आठवीं) की रचना - चरित्र एवं अन्वेषा प्रधान (चौथी) की समसामयिक रचना - आओ पेड़ लगाएं का प्रकाशन किया गया है जो विद्यार्थियों में दोगुना उत्साह का संचार करता है इससे सहपाठी विद्यार्थियों में लेखन के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में मददगार साबित होगा.।

प्राचार्य पी.के.ग्वाल ने बताया कि लेखन क्षेत्र में बच्चों की भागीदारी बढ़ने से भाव अभिव्यक्ति में काफी मदद मिलेगी इसके लिए शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को सतत रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है.। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि अवसर मुहैया कराने से समझ के साथ लिखने के कौशलों में अभिवृद्धि होना



स्वाभाविक है इस दिशा में आगे और बेहतर कार्ययोजना के साथ प्रयास करने पर जोर दिया जाएगा. कविता लेखन से एक ओर जहां क्रिएटिविटी आती है वहीं दूसरी ओर सूक्ष्म अवलोकन की क्षमता का संवर्धन भी होता है, शब्दावली विकास, प्रेरणा, उचित नजरिया,स्पष्ट लक्ष्य, ठोस कल्पनाओं के विकास के साथ ही साथ पठन संस्कृति के विकास में इजाफा होना लाजमी है।

साहित्यिक रुचि रखने वाले बाल प्रतिभाओं को रचना प्रकाशित होने पर प्राचार्य पी.के. ग्वाल, व्याख्याता के.आर.मुकर्जी, लता साहू,महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ,मीना एस.प्रकाश, नरेश पटेल, प्रवीण तिवारी, दिनेश कर,मनोज पटेल, जालंधर वर्गे, सुब्रत प्रधान, उमा नायक, रेखा पुरोहित, हरीश चौधरी, ज्योति सलूजा, पीटीआई मंजिला चौधरी, शिक्षक श्याम सुन्दर दास, विनोद चौधरी, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, रश्मि राजा, रूपसिंह यादव, प्र. पा.यशवंत चौधरी, प्र.पा.नेतराम पटेल, सहायक शिक्षक धनपत सिदार, आशा शर्मा, लेखरंजन बी.पात्रो, भारती सिदार, शोभाराम भोई, प्रयो.सहा.हिमाद्री प्रधान, गुलाब चौहान, नेहा दास साहू, अक्षय भोई, रोहित मुन्ना, सविता सिदार, गोमती बरिहा, गीति बरिहा, घसियाराम चौहान, केशव, अंजनी मुन्ना सहित सहपाठियों, परिवारजनों, रिश्तेदारों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

संपादकीय

# महाराष्ट्र की स्थिति विद्रोहियों को राहत

**महाराष्ट्र** में विद्रोहियों को राहत मिली है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनको जवाब देने के लिए और समय दे दिया है। हालांकि, महाराष्ट्र का संकट शायद लंबे समय तक चलेगा, पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विद्रोहियों को राहत मिल गई है। विद्रोही नेता एकनाथ शिंदे ने याचिका दायर कर अपने समेत 16 विधायकों को मिले अयोग्यता नोटिसों को चुनौती दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उनको नोटिसों का जवाब देने के लिए समय बढ़ा कर 12 जुलाई कर दिया है, जबकि पहले उनको सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक का समय जवाब के लिए दिया गया था। राजनीतिक लड़ाई के सर्वोच्च न्यायालय पहुंचने के बाद उसने महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल, चीफ व्हिप सुनील प्रभु, विधायक दल के नेता अनिल चौधरी तथा केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किए हैं। शिंदे ने यह ट्वीट कर आदेश का स्वागत किया है कि 'यह हिंदुत्व सम्राट बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व और धर्मवीर आनन्द दिघे साहब के विचारों की विजय है।' वर्ष 2001 में यह दुनिया छोड़ चुके दिघे शिंदे के संरक्षक थे और वे अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। यहां तक कहा जाता है कि वे बाल ठाकरे के प्रतिद्वंद्वी की तरह थे। सुप्रीम कोर्ट जानना चाहता था कि विद्रोहियों ने मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। इस पर उनके वकील ने कहा कि महाराष्ट्र की राजधानी में स्थिति ठीक नहीं है। उनके आवासों व संपत्तियों पर खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के गुट ने भय का माहौल समाप्त करने के लिए कुछ खास नहीं किया है। उनके स्वामिभक्त व शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कार्यकर्ताओं की एक रैली में कहा था, 'जब वे असम से बाहर निकलेंगे तो दिल से जीवित नहीं होंगे। वे जानते हैं कि उस आग में क्या हो सकता है जो यहां जल रही है। इन सभी 40 विधायकों के मृत शरीर गोहाटी से मुंबई आएंगे, हम उनको सीधे पोस्टमार्टम के लिए मार्चुरी भेज देंगे।' यह बात उस समय कही गई जब देश की सर्वोच्च अदालत इस मुद्दे पर विचार कर रही है।

इस बीच प्रवर्तन निदेशालय ने राउत को समन भेजा है। इस समय ईडी के हस्तक्षेप को बहुत से लोग केन्द्र द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की तरह देख रहे हैं। आश्चर्य नहीं कि राउत ने समन को 'षडयंत्र' कहा है। उन्होंने कहा, 'मैं ईडी द्वारा बताई गई किसी कंपनी से नहीं जुड़ा हूं। कल मैं ईडी नहीं जा सकूंगा क्योंकि अलीबाग में एक रैली है जिसे मुझे संबोधित करना है। यह कानूनी लड़ाई है। यदि आपके पास भाजपा की ओर से मुझे गिरफ्तार करने के आदेश हैं तो मुझे गिरफ्तार कर लें।' इस प्रकार के राजनीतिक नाटक से सभी लोग परिचित हैं। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा संभवतः राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए तैयार हो रही है। बताया जाता है कि भाजपा के विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, 'भाजपा कोर कमेटी की बैठक समाप्त हो गई। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति का आंकलन और इस पर चर्चा हुई। एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उनका गुट ही मूल शिवसेना है, इस पर भी चर्चा हुई। हमने इस बात पर चर्चा की कि वर्तमान परिदृश्य में हमारी भावी भूमिका क्या होगी।' भाजपा ने कहा कि सरकार गठन के किसी प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई। भाजपा ने कोर कमेटी की बैठक के बाद कहा कि यदि दो तिहाई, यानी हर तीसरा विधायक शिंदे के साथ है तो उनको विद्रोही कैसे कहा जा सकता है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि सदन में बहुमत परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह महाराष्ट्र के राजनीतिक नाटक में एक नया मोड़ है।

# आंदोलनजीवियों के निशाने पर मोदी

## मोदी लंबे समय से आंदोलनजीवियों के निशाने पर रहे। उनको अनुभवी पुलिसजनों व न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों से क्लीनचिट मिली है।

**यतीन्द्र चौधरी**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)



सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में जकिया जाफरी व तीस्ता सीतलवाड की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को 2002 के गुजरात दंगों में विशेष जांच टीम-एसआईटी द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती दी थी। इससे अब हमेशा के लिए इस मुद्दे का समाधान हो गया है। लेकिन दुःख की बात है कि ऐसा होने की संभावना नहीं है क्योंकि आंदोलनजीवी प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की जिद पकड़े हैं जो 2002 में गुजरात के मुख्यमंत्री थे। जस्टिस ए.एम. खानविलकर के अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट फैसला दिया है कि 'एसआईटी को कोई षडयंत्र नहीं मिला जो आगजनी और लूट के अलग-अलग व जघन्य कृत्यों को जोड़ता हो। स्टिंग आपरेशनों या व्यक्तिगत बयानों या लक्षित घृणापूर्ण भाषणों से इन आत्यन्तिक दावों की पुष्टि नहीं हुई कि यह कोई एक बड़ा षडयंत्र या सुनियोजित घटनाक्रम था।' पीठ ने आगे कहा, 'जांच के दौरान एकत्र सामग्री से इसकी पुष्टि नहीं हुई कि किसी प्रकार लोगों की सोच एक थी। यह बात एसआईटी द्वारा जांचे गए नौ मामलों तथा शिकायतों या विरोधी याचिकाओं में लगाए अन्य आरोपों के बारे में सही है। राज्य भर में हुए दंगे गोधरा में ट्रेन जलाने पर हुई हिंसा की स्वतःस्फूर्त व तात्कालिक प्रतिक्रिया थे।' उसने यह भी कहा कि ऐसी कोई सामग्री नहीं मिली 'जिससे प्रशासन या राजनीतिक अवस्थापना के उच्च स्तरों पर समाज सोच का संकेत मिलता हो जिससे अन्य लोगों के साथ ऐसे दंगों का षडयंत्र किया गया या उसने दंगों को भड़काने या उनको जारी रखने के प्रति अपनी आंखें बंद कर लीं।' न केवल सर्वोच्च सत्तारूढ़ राजनेताओं के बीच कोई षडयंत्र नहीं था, बल्कि गुजरात में उस समय अनेक 'निराश अधिकारी' थे जो 'झूठे खुलासों के माध्यम से सनसनी पैदा करना' चाहते थे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एसआईटी जांच से ऐसे अधिकारियों के 'दावों के झूठ का पूरी तरह खुलासा हो गया है।'

मोदी-विरोधी पक्षकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल का तर्क था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी न मामले के महत्वपूर्ण आयामों की जांच नहीं की, जबकि व्यापक षडयंत्र की पुष्टि के लिए इनकी जांच जरूरी थी। सिब्बल का जवाब देते हुए वरिष्ठ वकील व पूर्व एटार्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने कहा था कि एसआईटी न न केवल अपना काम किया, बल्कि अक्सर उसने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सीमा भी पार की। यह सब कुछ न्याय दिलाने के लिए था। उन्होंने जोर दिया कि जकिया के आरोप मुख्यतः दायित्व ठीक से न निभाने को लेकर थे और इनसे किसी आपराधिकता का संकेत नहीं मिलता है। रोहतगी ने यह भी कहा था कि याचिका का संचालन जकिया द्वारा न होने का संदेह है और इसे याचिकाकर्ता नं. 2, यानी सोशल एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ द्वारा किया जा रहा था जिनका इसे आगे बढ़ाने में निहित स्वार्थ था। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पहले के घटनाक्रम पर गौर करना महत्वपूर्ण होगा। 2006 में जाफरी ने गुजरात पुलिस से कुछ अधिकारियों व राजनेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की थी जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने दंगों को रोकने तथा जनता की जान बचाने के लिए समुचित कार्रवाई नहीं की जिनमें उनके पति भी शामिल थे। 2008 में सर्वोच्च न्यायालय ने दंगों की सुनवाई तथा जाफरी की शिकायत की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए एक एसआईटी का गठन किया था। 2012 में एसआईटी ने यह कह कर मोदी व अन्य को क्लीनचिट दे दी कि 'अभियोजन योग्य कोई प्रमाण नहीं मिला।' उसने मजिस्ट्रेट को मामला बंद करने की रिपोर्ट भी दे दी। 2013 में जाफरी ने मामला बंद करने की रिपोर्ट का विरोध करते हुए एक याचिका दायर की। मजिस्ट्रेट ने क्लोज़र रिपोर्ट का उचित माना तथा उनकी याचिका खारिह कर दी। इसकी प्रतिक्रिया में जाफरी ने गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने 2017 में मजिस्ट्रेट द्वारा लिए फैसले को उचित ठहराया। 2018 में जाफरी तथा एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड ने सर्वोच्च न्यायालय में यह कह कर याचिका दायर की कि एसआईटी ने उपलब्ध सारी सामग्री की जांच नहीं की, जांच पूर्वाग्रहपूर्ण थी तथा स्वयं जांचकर्ताओं की ही जांच होनी चाहिए। मोदी के खिलाफ लगे आरोप गुजरात के पूर्व पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट के कथनों पर आधारित थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सरकारी बैठक में अपने उपस्थित होने का दावा किया था। एसआईटी ने बाद में पाया और यह नतीजा निकाला कि भट्ट उस बैठक में उपस्थित नहीं थे और इसलिए उनके आरोपों की पुष्टि का कोई और रास्ता नहीं था।

यहां तीन बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। पहला, नरेन्द्र मोदी को एसआईटी में शामिल अनुभवी पुलिसजनों तथा न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों ने क्लीनचिट दी थी। षडयंत्र की बात मानने के लिए यह जरूरी होगा कि इतने अधिक पुलिस अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों तथा सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को अपने पक्ष में लाया जा सकता है। दूसरा, गुजरात पुलिस मोदी के अंतर्गत थी क्योंकि वे 2014 तक राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन यह बात एसआईटी या न्यायपालिका के बारे में नहीं कही जा सकती है। उस समय तक कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और उसी कालखंड में मोदी को सभी आरोपों से न केवल एसआईटी, बल्कि स्थानीय मजिस्ट्रेट ने भी मुक्त कर दिया था। यह कोई छिपी बात नहीं है कि कांग्रेस को मोदी कभी पसंद नहीं थे, बल्कि वास्तव में देश की सबसे पुरानी पार्टी उनसे सर्वाधिक घृणा करती थी। हमें यह तथ्य भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि 2004 से 2014 तक दस साल संप्रग सरकार सत्ता में रही। यह समय मोदी के दृष्टिकोण से बहुत लंबा था क्योंकि उनको लगातार झूठ, चरित्र हनन व अपमानजनक बातों से निशाने पर रखा गया था। उन पर अथक रूप से हमले हो रहे थे। इनमें कांग्रेस नेताओं द्वारा सीधे हमलों के साथ कांग्रेस-समर्थक सीतलवाड जैसे एक्टिविस्टों के परोक्ष हमले तथा कानूनी व राजनीतिक हमले शामिल हैं। उस समय सत्तारूढ़ पार्टी होने के कारण कांग्रेस के पास हर प्रकार की शक्ति थी और उसकी भारतीय राज्य के संसाधनों तक सीधी पहुंच थी। इसके बावजूद वह नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कुछ भी नहीं तलाश सकी। सच्चाई स्वीकार करने या उनके निरपराध होने को कुछ विश्वसनीयता देने अथवा उनके खिलाफ कार्रवाई धीमी करने के बजाय कांग्रेस और उसके निजी सिपहसालारों, जैसे सीतलवाड ने लगातार नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने का प्रयास किया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने संकेत किया, 'सर्वोच्च स्तर पर व्यापक षडयंत्र के आरोप तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा एक आधिकारिक बैठक में डीजीपी, तत्कालीन मुख्य सचिव व राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए एक कथित टिप्पणी थी कि गोधरा घटना के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंदुओं को अपना गुस्सा निकालने की अनुमति दी जाए।' याचिकाकर्ता ने पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट, आर.बी. श्रीकुमार व पूर्व मंत्री हरेन पांड्या के बयानों पर विश्वास किया जिन्होंने बैठक में उपस्थित होने की बात कही थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के अनुसार एसआईटी ने नतीजा निकाला कि 'संबंधित लोगों का यह दावा झूठ तथा कल्पना की उड़ान है।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'एसआईटी ने गंभीर जांच के बाद अपनी यह राय व्यक्त की कि कथित बैठक में संजीव भट्ट या हरेन पांड्या उपस्थित नहीं थे। इसी प्रकार आर.बी. श्रीकुमार को भी कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं थी क्योंकि वे इस बैठक में उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा आर.बी. श्रीकुमार एक असंतुष्ट अधिकारी थे।'

एक प्रकार से सर्वोच्च न्यायालय का फैसला एसआईटी द्वारा निकाले नतीजों की पुष्टि करता है जिसने 2013 में ही नरेन्द्र मोदी को क्लीनचिट दी थी जब संप्रग सरकार सत्ता में थी। 25 अप्रैल, 2013 को एसआईटी के वकील आर.एस. जयकुमार ने कहा था, 'मोदी ने कभी नहीं कहा कि जाओ और लोगों को मारो।' उन्होंने यह भी कहा था, 'तीस्ता सीतलवाड व अन्य ने शिकायतों को गलत ढंग से पेश कर मुख्यमंत्री पर निशाना लगाया जिन्होंने कभी नहीं कहा था कि जाओ और लोगों को मारो।' यदि ठीक ढंग से काम किया जाए तो किसी चीज की बार-बार जांच करने से परिणाम नहीं बदलता है। लेकिन सीतलवाड जैसे आंदोलनजीवी कभी किसी चीज पर विश्वास नहीं करते जब तक यह उनके पूर्वाग्रहों व कल्पनाओं के अनुकूल न हो। उनको इस बात की चिन्ता नहीं थी कि उनकी जिद से दूसरों को नुकसान होता है। उनको तथा उनके समर्थकों को दूसरों को बदनाम करने का खामियाजा भुगतना चाहिए। नरेन्द्र मोदी आंदोलनजीवियों द्वारा लगाए अपमानों व लांछनों से जरा भी विचलित नहीं हुए। इससे पता चलता है कि वे मजबूत धातु के बने हैं।

आंदोलनजीवियों ने लगभग दो दशक तक मोदी पर लगातार निशाना लगाया, लेकिन वे लगातार भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में लगे रहे।

# कोविड संक्रमण से खराब हो सकते हैं गुर्दे

> फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं।



**सौरभ पोखरियाल**
(लेखक एक चिकित्सक हैं)

क्रॉनिक किडनी रोग (सीकेडी), हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सेरेब्रोवास्कुलर दुर्घटनाएं और उच्च रक्तचाप जैसे कोविड-19 रोगियों में मृत्यु दर या गंभीरता को बढ़ाने के लिए दिखाया गया है। हालांकि, यह पता लगाने की भी आवश्यकता है कि क्या कोविड-19 जटिलताओं से गुर्दे की विफलता जैसी सह-रुग्णताएं बढ़ सकती हैं। उपलब्ध सबूत बताते हैं कि एक संबंध है।

कोविड-19 किडनी जैसे अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है, व्यक्ति के ठीक होने के बाद भी उसके कार्य को प्रभावित करता है। वास्तव में, गंभीर कोविड -19 जटिलताओं से पीड़ित कुछ लोगों में गुर्दे की गंभीर क्षति के लक्षण दिखाई देंगे। इसमें अंतर्निहित गुर्दे की समस्याओं वाले लोग शामिल हैं, और ये संकेत अक्सर मूत्र में रक्त या प्रोटीन के उच्च स्तर के साथ-साथ असामान्य रक्त कार्य में प्रकट होते हैं। जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन की एक रिपोर्ट में उद्धृत कई अध्ययनों के परिणामों से पता चला है कि कोविड -19 के सभी अस्पताल में भर्ती मरीजों में से कम से कम 30 प्रतिशत गुर्दे की चोट के किसी न किसी रूप में विकसित होते हैं। कोविड -19 की प्रमुख जटिलताओं में से एक जो गुर्दे की विफलता की संभावना को बढ़ा सकती है, वह है ऑक्सीजन की कमी। कोविड -19 रोग के गंभीर मामलों में आमतौर पर निमोनिया होता है जिसके परिणामस्वरूप रोगी के रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। यह असामान्य ऑक्सीजन स्तर गुर्दे की समस्याओं का कारण बन सकता है या मौजूदा स्थिति को बढ़ा सकता है, जो ठीक से प्रबंधित न होने पर विफलता का कारण भी बन सकता है।



हाइपोक्सिमिया के रूप में जानी जाने वाली स्थिति सांस लेने या परिसंचरण में कठिनाई से जुड़ी होती है, जो कोविड -19 का एक प्रमुख लक्षण है। एक और बड़ी जटिलता जो चिंता का विषय है, वह है किडनी कोशिकाओं के रिसेप्टर्स की प्रकृति जो कोविड -19 को उनसे जुड़ने की अनुमति देती है। कोविड -19 इन कोशिकाओं को लक्षित करता है और इन कोशिकाओं के दोहराव को सक्षम बनाता है जो संभावित रूप से उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। फेफड़े और हृदय की कोशिकाओं में पाए जाने वाले समान रिसेप्टर्स, नए कोरोनावायरस के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं जो आगे चलकर गुर्दे की क्षति का कारण बन सकते हैं, जिससे गुर्दे की विफलता हो सकती है।

यह घटना स्पष्ट रूप से कोविड -19 की महत्वपूर्ण कोशिकाओं पर हमला करने और गुर्दे की प्रभावशीलता को कमजोर करने की प्रकृति का वर्णन करती है। ऐसे और भी तरीके हैं जिनसे किडनी कोरोनवायरस से प्रभावित हो सकता है और असफल कार्य हो सकता है।

उनमें से एक वायरस के प्रति शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप साइटोकिन तूफान हो सकता है। साइटोकिन्स की यह भीड़, छोटे प्रोटीन का एक समूह, कोशिकाओं का एक संचार तंत्र है क्योंकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली संक्रमण से लड़ती है। हालांकि, साइटोकिन्स की अचानक भीड़ से सूजन हो सकती है जो कि गुर्दे के स्वस्थ ऊतकों को नष्ट कर सकती है। हमारे लिए एक और चिंता रक्त का थक्का है जो कोविड -19 रक्तप्रवाह में पैदा कर सकता है और किसी के गुर्दे में छोटी रक्त वाहिकाओं को रोक सकता है। गुर्दे पर कोविड-19 का प्रभाव वास्तव में विनाशकारी हो सकता है क्योंकि किडनी के कार्य पर हमला हृदय और फेफड़ों जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों के कार्य को प्रभावित कर सकता है। यह कुछ परिस्थितियों में घातक भी हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है, एक अध्ययन के अनुसार।

इसलिए, कोविड-19- प्रभावित गुर्दे की चोट वाले रोगियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे हमेशा अपने स्वास्थ्य प्रदाता से संपर्क करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किडनी सामान्य स्थिति में आ रही है। जबकि डायलिसिस मदद कर सकता है, कोविड -19 संक्रमण से ठीक होने के बाद भी, सबसे अच्छा उपाय रोकथाम के निर्देशों का पालन करना है, जिसमें टीके और बूस्टर, हाथ धोने, शारीरिक दूरी और मास्किंग सहित अन्य उपाय शामिल हैं।

## फरमाया



**हमने** समय से नौ साल पहले गैर-फासिल ईंधनों से 40 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा कर लिया।
– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**उपचुनाव** नतीजों ने 2024 लोकसभा चुनाव के पहले जनता का मूड बता दिया है। हम सभी 80 सीटें जीतेंगे।
– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भाजपा** शासन में लोकतंत्र की हत्या का क्रम शक्ति के दुरुपयोग से निर्वाचित सरकारें उखाड़ने तक जारी है।
– **अखिलेश यादव**
पूर्व मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## तीस्ता का असली चेहरा

**पद्मश्री** और राजीव गांधी सद्भावना पुरुस्कार से सम्मानित तीस्ता शीतलवाड़ वो नाम है जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व विभागों से देश में सेवाभाव के नाम पर करोड़ों रुपए झटकती है और उस रुपए को राष्ट्रद्रोही ताक़तों पर लुटाती रही है। डॉ अजय खेमरिया का आलेख 'बेनकाब होने लगे आंदोलनजीवी' ऐसे ही कथित समाजसेवियों को नंगा करता है।गैर सरकारी संस्थाओं को चलाने वाले ऐसे ही कथित बुद्धिजीवी, वामपंथी और उदार मीडिया हर उस निर्णय का विरोध करने सड़कों पर उतरना अपना पवित्र उद्देश्य मानता है जो देश, संस्कृति और अखंडता का पक्षधर हो। ऐसी ही एक बुद्धिजीवी अरुंधति राय है। ये लोग हर उस आंदोलन को हाई जेक कर लेते हैं जो राष्ट्रीयता के विरोध में खड़े होते हैं। ये आतंकवादियों में मानवीय संवेदनाएं, पत्थरबाजों में मासूमियत भारतमाता को गाली देने वालों में अभिव्यक्ति की आज़ादी का भाव ढूंढने लगते हैं। ये सच है कि ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को कांग्रेस और कांग्रेसनीत सरकारों में खूब आश्रय मिलता रहा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इसे तत्वों पर देशद्रोह का अभियोग चलाकर इनको उचित स्थान पर सुशोभित करे।

– **प्राची टोंक**, मुज़फ्फरनगर

## प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**सरकार** द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय पर्यावरण को शुद्ध करने में सहायक होगा साथ ही जानवरों की जान की जोखिम भी खत्म करेगा। कचरे के ढेर से मुक्ति मिलेगी. प्रदूषण कम होगा. बस एक ही नुकसान होगा। इस धंधे और उद्योग से जुड़े लोगों के रोजगार प्रभावित होगें। किन्तु यदि वे इसके समकक्ष कागज कपड़े की थैलियों के उद्योग और व्यापार से जुड़ जाएंगे तो रोजगार भी बरकरार रहेगा साथ ही प्रदूषण कम करने में भी वे सहयोग कर सकेंगे। लोगों को चाहिए वे देशी पद्धति अपनाएं, कागज और कपड़े की थैलियां, दूकानदार मिट्टी के कुल्हड़, उत्सवों में लोग पत्तों से बने दोने-पत्तल मेटल के गिलास व घरों में मेटल के बर्तनों का उपयोग अधिक से अधिक करें तो इससे एक तो प्रदूषण कम होगा दूसरे उपजाऊ धरती को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। एक बात बिलकुल सच है कि आधुनिकता की होड़ ने ही प्रदूषण फैलाया है और पर्यावरण को दूषित किया है. हम भले ही आधुनिक बनें मगर अपने स्वास्थ्य के प्रति जवाबदार भी बनें। सरकार को भी चाहिए कि वो समय-समय पर उचित कदम उठाये जैसे उसने 30 जून 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने हेतु सख्त कदम उठाया है।

– **दीप्ति प्रदीप बंदवार**, रतलाम

## महाराष्ट्र में खींचतान

**महाराष्ट्र** के राजनीतिक गलियारों में सत्ता के लिए चल रही खींचतान अब अदालत की परिधि में आकर एक नए दौर में प्रवेश कर गई है! सत्ता का यह नंगा नाच देश की जनता पहले भी कई बार कई राज्यों में देख चुकी है। उसके लिए अब यह कोई नई बात नहीं है। और अदालत की परिधि में जाने के बावजूद देश की जागरूक जनता को अच्छे से एहसास है कि इस सब का अंजाम सत्ता के हस्तांतरण के रूप में सामने आने वाला है! और उद्धव ठाकरे को भी अल्पमत में आने के बावजूद सत्ता से चिपके रहने का मोह उनकी बची खुची साख को भी खत्म कर रहा है। इस मामले में शरद पवार और कांग्रेसी चाहे कितना भी जोर लगा ले अब वे महाविकास आघाड़ी के बेमेल गठजोड़ को कायम नहीं रख पाएंगे। क्योंकि इनके बीच लगा हुआ सत्ता का, फेविकोल, खत्म हो चुका है! और सारी चीजों को जानने बुझने के बावजूद केंद्र सरकार व राज्यपाल का चुप्पी साध लेना भी बहुत कुछ कह रहा है। और जनता को सामने दिख रहा सब कुछ समझ में भी आ रहा है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

# अग्निपथ से युवाओं के क्षमताओं व कौशल का निर्माण के साथ देश का रक्षातंत्र होगा सशक्त: केदार गुप्ता

## योजना के लिए बेमेतरा जिला भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



देश के युवाओं को सेना में सेवाएं देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी योजना की शुरुआत की है. केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई अग्नीपथ योजना के तहत देश के युवाओं को 4 साल तक सेना में नौकरी करने का मौका मिलेगा. योजना के लॉन्च होने के बाद ही बेमेतरा जिला भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। प्रभारी व छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने बीते मंगलवार को भारतीय युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में सेवा हेतु एक अग्निपथ योजना को मंजूरी दी है। इससे उनमें क्षमताओं व कौशल का निर्माण होगा, साथ ही देश का रक्षातंत्र और भी सशक्त होगा। गुप्ता ने कहा कि चार साल की सेवा के बाद सबसेबेहतरीन 25त्न अलिवीरों को लनयलमत कै डर मेंजगह लमलेगी। शेष 75त्न अग्रिवीर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों(सीएपीएफ), राज्य पुललस बल व अन्य सरकारी या कॉपोरेट नौकरियों में चयन के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य उम्मीदवार की तुलना में अधिक सक्षम होंगे और योग्यता के आधार पर नौकरी पाने में अधिक सफ्ल होंगे। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि अलिवीरों का चयन ऑल इंडिया ऑल क्लास के आधार पर होगा जो 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' की विविधता को दशार्ती है। चूंकि चार साल के बाद केवल 25त्न को इंडियन आर्मी में शामिल किया जाना है, इस लिए इससे एक प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार होगा। जिससे सभी अग्निवीर शीर्ष 25त्न का हिस्सा बनने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इकाई की औसत आयु प्रोफ्इल 32 वर्ष की सीमा में है। पहाड़ी इलाकों में बढती उम्र और उम्र से सम्बंधित शारीरिक क्षमता आपस में जुड़ी हुई है और कुछ मामलों में इसका प्रलतकूल प्रभाव भी पड़ता है। अग्निपथ योजना इस चुनौती को कुशलता से हल करती है। इस प्रवेश प्रणाली के साथ आने वाले वर्षों में यूनिट की औसत आयु प्रोफ्इल 32 से घट कर 26 वर्ष तक हो जाएगी। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि अग्निपथ योजना, रक्षा बलों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण का एक उत्कृष्ट् अवसर भी देती है। इस योजना को अपनाने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है जो यूनिट की आयु प्रोफ्इल को बदलता है, तकनीकी सीमा को बढाता है। जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा कि इस योजना से जुड़े युवाओं के बेहतर भविष्य के लिये अभी से कई मंत्रालय, राज्य सरकारें और निजी संस्थान मिल कर काम करने के लिए आगे आ रहे हैं। इस योजना के माध्यम से युवाओं को न केवल दुनिया की सबसे अनुशासित और प्रोफेशनल आर्मी के साथ काम करने का अवसर मिल रहा है बल्कि ये योजना उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी कर रही है। महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने बताया कि अग्निपथ के तहत वायुसेना में 24 जून और थल सेना में दिसम्बर से होगी भर्ती, दो दिन में जारी होगी अधिसूचना। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, प्रणय दीवान, योगेश वर्मा, निखिल साहू, महेश्वर साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुर्ग जिले में मॉडल बनेगा भिलाई-3 के आत्मानंद स्कूल का आडिटोरियम: चैतन्य बघेल

पायनियर संवाददाता < भिलाई-3
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद जनता उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भिलाई-3 में भव्य आडिटोरियम निर्माण का काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने महापौर निर्मल कोसरे की मौजूदगी में श्रीफल तोड़कर कार्य शुभारंभ किया। इस दौरान चैतन्य बघेल ने कहा कि यह आडिटोरियम दुर्ग जिले में मॉडल बनेगा। उन्होंने शाला भवन का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं को बेहतर पढ़ाई के माध्यम से क्षेत्र का नाम रौशन करने की प्रेरणा दी। भिलाई-चरोदा नगर निगम द्वारा भिलाई-3 के स्वामी आत्मानंद जनता उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 1 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से भव्य आडिटोरियम का निर्माण शुरू कर दिया गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने पूजा अर्चना के साथ श्रीफल तोड़कर इसका कार्य प्रारंभ कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर, महापौर निर्मल कोसरे और निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर सहित एमआईसी सदस्य और पार्षदगण उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य मीरा अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चैतन्य बघेल ने शाला भवन का अवलोकन किया और प्रत्येक कक्ष में जाकर अध्ययनरत छात्र - छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेमिसाल काम कर रही है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने बच्चों को अच्छी पढ़ाई करते हुए भिलाई-चरोदा का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि निर्माणाधीन आडिटोरियम पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। इसमें एक साथ लगभग चार सौ लोगों की बैठक क्षमता रहेगी। आडिटोरियम के बन जाने से शैक्षणिक सेमीनार सहित अन्य आयोजनों को संपन्न कराने एक सर्वसुविधायुक्त जगह उपलब्ध हो जाएगी। इस अवसर पर निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर, प्राचार्य मीरा अनिल कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस. वेंकट रमना, देव कुमारी भलावी, संतोषी निषाद, एम. जॉनी, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, सुषमा चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, महिला कांग्रेस नेत्री दुलारी वर्मा, कुमुद मढ़रिया, बिटावन वर्मा, बीएन राजू, नौशाद सिद्दीकी, आशीष वर्मा, संतोष मंडपे, इंद्रजीत यादव, युवराज कश्यप, मिलिंद दानी, मधु स्वर्णकार, डॉली वर्मा, रीना वर्मा, लोकल सिन्हा, लक्ष्मी नरसिम्हा आदि उपस्थित थे।

**महापौर के प्रयास से सौ बैंच उपलब्ध**

महापौर निर्मल कोसरे के प्रयास से छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था हेतु सौ नग कुर्सी सहित बैंच उपलब्ध कराया गया। महापौर कोसरे ने पिछले दिनों प्रवेश के लिए लॉटरी सिस्टम आयोजित किए जाने की प्रक्रिया में भाग लेने के बाद अपने प्रयास से सौ नग कुर्सी सहित बैंच उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। उसी घोषणा को आज पूरा किया गया।

# अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस देशभर के नौजवानों को कर रही गुमराह, सीएम बघेल प्रदेश में आंदोलन करवाकर युवाओं को कर रहे दिघभ्रमित: प्रेमप्रकाश पांडे


पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए बनाई गई अग्निपथ योजना के खिलाफकांग्रेस नेताओ द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे अभियान को भाजपा के पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे ने देश और युवाओं को बरगलाने वाला बताया है। अग्निपथ को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा ने भी राष्ट्रीय स्तर पर अग्निपथ से युवाओं को होने वाले लाभ को बताने और और कांग्रेस का चिट्ठा खोलने तमाम जिला मुख्यालयों में प्रेस कान्फ्रेंस करने की रणनीति पर काम शुरू किया है। इसी के तहत जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे ने भी पत्रकारों के समक्ष अग्निपथ के फ्यदे बताए और कांग्रेस के विरोध को झूठा तथा युवाओं को दिग्भ्रमित करने वाला कहा। श्री पांडे ने अग्निपथ योजना को पूरी तरह से देश और और युवाओं के हित में बताया और कांग्रेस के विधायक और नेताओं द्वारा अनर्गल टिप्पणी की कड़ी निदा करते हुए कहा कि कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है।युवाओं को भड़का रही है। जबकि अग्निपथ के युवाओ को चार साल बाद बारह लाख मिलेंगे राज्य और केंद्र में नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी। 25 प्रतिशत युवाओं को सेना में जगह मिलेगी। अब तक 60 हजार युवाओं ने अग्निपथ योजना में आवेदन किया है।उन्होंने कहा नेहरू से राहुल तक कांग्रेस ने सेना को कमजोर करने की कोशिश की है। अग्निपथ योजना से युवाओं के भविष्य संवरेंगे। कांग्रेस युवाओं को भड़का कर शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश मंत्री राकेश यादव, प्रीतम साहू, यशवंत जैन, देवलाल ठाकुर, छगन देशमुख, सुरेंद्र देशमुख, देवेंद्र जायसवाल, राकेश यादव (छोटू) सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# माइलस्टोन एकेडमी के बच्चों को यूनाइटेड नेशन की टीम ने सिखाया प्रकृति से प्रेम और देखभाल करना

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रकृति की जीवन में महत्ता बताने के लिए यूनाइटेड नेशन की टीम ने भिलाई की माइलस्टोन एकेडमी के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया।दो दिवसीय इस अवेरनेस कार्यक्रम में बच्चों को प्रकृति से प्रेम और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को बताया गया कि बगैर प्रकृति के मानव जीवन की कल्पना महज एक कल्पना मात्र ही है। 25 जून को कक्षा छठवीं से आठवीं तथा 26 जून को नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जूम के माध्यम से यूएन के अवेरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माइलस्टोन अकादमी की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला ने यूएन को स्कूल के माध्यम से जूम प्लेटफार्म पर अपना कार्यक्रम को प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया था। यूएन अवेरनेस एक ऐसी संस्था है जो न केवल प्रकृति को हो रहे नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करती है। बल्कि उसे रोकने के उपायों पर भी काम करती है।

**बच्चों से पूछे गए प्रकृति से जुड़े प्रश्न**

इस कार्य म में विषय को समझाते हुए बच्चों के लिए रोचक प्रश्नावली तैयार की गई थी। ताकि बच्चे प्रश्नों के माध्यम से प्रकृति की महत्ता को समझ सकें। जैसे पुछा गया कि आप बचे हुए अन्न का क्या करते हैं? कचरे को हमें कहां डालना चाहिए? प्रकृति को नुकसान ना हो इसलिए क्या- क्या उपाय करने चाहिए?

**बच्चों ने दिए रोचक उत्तर**

जूम प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों ने बड़े ही रोचक और मजेदार रूप में अपने उत्तर दिए। बच्चों द्वारा दिए जा रहे उत्तर न केवल उनके ज्ञान को प्रदर्शित कर रहे थे, बल्कि अपनी प्रकृति के प्रति उनकी जागरूकता को भी प्रदर्शित कर रहे थे।

**मंजिल तक पहुंचने के लिए सतत प्रयास जरूरी**

माइलस्टोन अकेडमी की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला ने कार्य म के आखिर में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें एक बार में ही मंजिल प्राप्त नहीं होती। उसके लिए सतत प्रयास करना आवश्यक है। पेड़ों को लगाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उसकी देखभाल करना है, तभी हम पूरी तरीके से अपनी इस सृष्टि को बचा पाएंगे।

# आत्मानन्द विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों के प्रवेशोत्सव पर जायजा लेने पहुंचे जिला कलेक्टर



पायनियर संवाददाता < देवकर
www.dailypioneer.com

नगर में संचालित विकासखंड के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम स्कूल आत्मानन्द विद्यालय में धूमधाम से प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे कार्यक्रम का जायजा लेने जिला कलेक्टर भोसकर विलास सन्दीपान अपने दौरे के दरमियान पहुंचे।जिस दरम्यान कार्यक्रम का आगाज छत्तीसगढ़ी गीत अरपा-पैरी के धार से शुरू की गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गुलदस्ता भेंट की गई। वही जनप्रतिनिधियों को फूलों की हार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर की उपस्थिति में आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चो द्वारा गीत एवं कविता सुनाया गया, तो वही कलेक्टर भोसकर विलास सन्दीपान ने नवप्रवेशी बच्चो से बात की। फलस्वरूप देवकर नगर के आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्कूल के नवप्रवेशी बच्चो के प्रवेश को पर्व की तरह मनाया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नगर पंचायत की अध्यक्षा- जान्त्री/बिहारी साहू, विधायक प्रतिनिधि- विनोद कुंजाम, उपाध्यक्ष-अजय अग्रवाल, एल्डरमैन-रौशन अग्रवाल, सतिश ढीमर व अन्य पार्षदगणों सहित अन्य लोग शामिल रहे। वही आत्मानन्द विद्यालय के प्राचार्य अनिल डाहले व समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने किया स्ट्रीट वेंडर को वेंडिंग सर्टिफिकेट का वितरण



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता अंतर्गत दो शहरी पथ विक्रेताओं विद्या चक्रधारी एवं तारा अहमद को वेंडिंग सर्टिफिकेट (विक्रेता प्रमाण पत्र) का वितरण किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा बताया गया की शहरी पथ विक्रेताओं को वेंडिंग सर्टिफिकेट का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें 50 रुपए के स्टांप पर शपथ पत्र एवं अपना फोटो देना होगा । ऐसे ही वे सभी पथ विक्रेता जिन्होंने पी एम स्वनिधि अंतर्गत 10000 रुपए या 20000 रुपए का लोन लिया था वे भी आवश्यक दस्तावेज जमा कर वेन्डिंग सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। यह वेंडिंग सर्टिफिकेट भविष्य में बहुत उपयोगी होगा। नगरपालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि हम सभी वेंडर को विक्रेता प्रमाण पत्र दिलवाने का प्रयास करेंगे। कार्य म के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के रवि कुमार, पार्षद मनहरण यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत के साथ मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह, सामुदायिक संगठक सुधा वर्मा एवं दीप्ति गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने प्रदेश अध्यक्ष को तीन साल पुरे होने पर दी बधाई

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को उनके तीन साल कार्यकाल पुरे होने पर दी बधाई।



विधायक प्रतिनिधि देवकर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम

विनोद कुंजाम ने कहा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में छत्तीसगढ़ कांग्रेस को नया आकार और विस्तार प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्माननीय अध्यक्ष Mohan Markam सफलता एवं उपलब्धियों से भरे है। आपके कुशल नेतृत्व से राज्य में कांग्रेस परिवार इसी तरह सुदृढ़ और मज़बूत होता रहे। आप के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ रहा है और आगे भी इसी तरह सुदृढ़ और मजबूती के साथ आगे बढते रहेंगे।

# ग्राम नवकेशा में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष का हुआ चुनाव

**देवकर।** नगर के निकटवर्ती ग्राम नवकेशा में आज साहू समाज के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव जिसमे साजा तहसील साहू संघ के परक्षेत्री अध्यक्ष बिहारी साहू,सचिव होरीलाल साहू,कोषाध्यक्ष बुधराम साहू,एवं समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित रहे जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष वा अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। अध्यक्ष काशीराम साहू, उपाध्यक्ष बलदाऊ साहू,कोषाध्यक्ष भोलाराम साहू,सचिव गोवर्धन साहू, सह सचिव संतकुमार साहू, वा सदस्यों का चुनाव बिना किसी आपत्ति के संपन हुआ अध्यक्ष और सभी सदस्यों का चुनाव होने के बाद गुलाल लगाकर कर अभी वादन किया गया है।

# शासकीय बालक मिडिल स्कूल देवकर में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**देवकर।** शासकीय बालक मिडिल स्कूल देवकर में प्रवेश-उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगा कर मुंह मिठा कराया और बच्चों को निः शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष फ़ज़र बेग, धर्मेन्द्र पटेल, ललित गुप्ता प्रधान पाठक केदारनाथ सर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# मरकाम के तीन साल पूरे होने पर फल बिस्किट बांटे



पायनियर संवाददाता < दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम का सफ्लतम 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 29 जून को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा आरोग्य हॉस्पिटल व राजहरा पैथोलॉजी लैब में मरीजों को बिस्किट व फल वितरण करके मोहन मरकाम जी के 3 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया गया। जिसमे मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, मण्डल अध्यक्ष विवेक मसीह, जिला महामंत्री काशीराम निषाद विजय जोगदंड,अल्पसंख्यक जिला महामंत्री रूबी एंथोनी, पार्षद वेंकट राव ,कोषाध्यक्ष नवीन कथूरिया, ब्लाक उपाध्यक्ष नितिन राम ,ब्लॉक महामंत्री प्रवीण शर्मा, हरिश खस ,जितेन्द्र मेश्राम, विलियम भौरा ,रामू शर्मा, ताराचंद बघेल, प्रमोद चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।


**कार्यालय, उपनिदेशक, उदंती सीतानंदी टायगर रिजर्व गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

Phone (o) : 07706-241229, Email ID-ddustr@gmail.com

**// संक्षिप्त निविदा सूचना //**

**(छ.ग. भंडार क्रय निमय 4.4.2)**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/03 दिनांक 27/06/2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की ओर से वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न कार्यों में उपयोग हेतु निर्माण सामाग्री (रेत) हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र, आवश्यक शर्तें एवं आवश्यक मात्रा की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 500.00 रू. नगद शुल्क अथवा निविदा के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा कर दिनांक 01.07.2022 से 30.07.2022 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा शर्त तथा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निविदा की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तिथि निर्धारित की जाती है:-**

| क्र. | विवरण | प्रथम निविदा | द्वितीय निविदा | तृतीय निविदा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | निविदा फार्म बिक्री प्रारंभ तिथि | 01.07.2022 समय प्रातः 10:00 बजे से | 02.08.2022 समय प्रातः 10:00 बजे से | 24.08.2022 समय प्रातः 10:00 बजे से |
| 2 | निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | 30.07.2022 समय शाम 05:00 बजे तक | 22.08.2022 समय शाम 05:00 बजे तक | 02.09.2022 समय शाम 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 01.08.2022 समय दोप. 03:00 बजे तक | 23.08.2022 समय दोप. 03:00 बजे तक | 05.09.2022 समय दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 01.08.2022 समय दोप. 04:00 बजे | 23.08.2022 समय दोप. 04:00 बजे | 05.09.2022 समय दोप. 04:00 बजे |

**नोट :-** यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि में अवकाश होता है तो आगामी कार्यदिवस में निविदा खोली जावेगी। निविदा से संबंधित यदि संशोधन होना है तो वह विभागीय वेबसाईट पर अपलोड होंगे, अखबार में प्रकाशित नहीं होंगे।

**निविदा खोलने का स्थान :- कार्यालय उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद।**

**उपनिदेशक**
**उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व**
**गरियाबंद**

G- 92549/6


## जवाबदार लोगों को पास समय नहीं या फंड नहीं

# राजहरा का डेम साइड खो रहा है अपना अस्तित्व

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





राजहरा में निर्मित तालाबों का तो बुरा हाल है क्योंकि इनको संजोने संवारने के लिए जवाबदार लोगों के पास समय नहीं है या फिर फंड नहीं है। दूसरा एक बड़ा जल स्त्रोत डेम साइड भी अपनी दुर्दशा का आंसू बहा रहा है। यह डेम पूरी तरह घास और जलकुंभियों से ढक गया है। देखने से ऐसा महसूस हो रहा है यहां एक बड़ा डेम ना होकर घास का मैदान है। क्योंकि दूर-दूर तक इसमें पानी का एक कतरा भी नजर नहीं आ रहा है। जनप्रतिनिधियों की यही उदासीनता रही तो वह दिन दूर नहीं जब यह जल स्त्रोत सचमुच में मैदान में तब्दील हो जाएगा। 1973 - 74 में बना डेम साईड का जल ाेत राजहरा में बीएसपी के द्वारा टाउनशिप के क्वार्टरों में पेयजल के लिए भी इसका उपयोग होता है। दल्ली राजहरा को ऐसे जनप्रतिनिधि की अति आवश्यकता है जो इस प्राकृतिक ाेतों को सहेज कर रख सके। जनप्रतिनिधि दल्ली राजहरा के विकास के बारे में सोचें। ताकि आने वाले समय में पानी की संकट होती है उससे बचा जा सके। डेम साईड में डम्प हुए मटेरियल को निकालकर उसमें सफाई की आवश्यकता है। जिससे साफ पानी उसमें फिर से भर सके। आज देखने से ऐसा लगता है कि डेम पूरा मिट्टी और गाद से भर गया है। एक समय था जब राजहरा के गणेश उत्सव एवं दर्गा उत्सव के समय भगवान गणेश और माँ भगवती की मूर्ति का विसर्जन इसी डेम में होता था। लोग इसके किनारे पिकनिक मनाने आते। दल्ली राजहरा से डौंडी की ओर जाने वाले तथा महामाया मंदिर के दर्शन करने जाने वाले लोग यहां रुक रुक कर एक बार डेम को जरूर निहारते थे । साफ स्वच्छ पानी के बीच डेम साइड के किनारे दाएं तरफ सफेद रंग के फूल देखने में ही मनोरम दृश्य बड़ा सुंदर लगता था। लेकिन आज यह स्थिति ठीक इसके विपरीत है बीएसपी प्रबंधन भी इस डेम की साफ सफाई के लिए गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि जिला प्रशासन को भी इस ओर ध्यान दिला कर कहा गया था कि इस डेम की साफ सफाई कर इसे पूर्व की भांति कर दिया जाए। पता चला है कि इस डेम की साफ-सफाई कर इसका सौंदर्यीकरण कर इस क्षेत्र को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाना था लेकिन शायद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं की सरकारी नौकरी में भर्ती के लिए प्रारंभ करें प्रक्रियाः कलेक्टर

**■ कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को पात्रतानुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं के बारे में संकलित की गयी जानकारी पर चर्चा की।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत बिरहोर जाति के युवाओं को चिन्हांकित किया गया है। जिनकी संख्या 65 है। जिसमें से 8 वीं पास 59, हाई स्कूल 05 व हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण 01 हितग्राही शामिल है। कलेक्टर श्री सिंह ने इनकी योग्यता के अनुसार विभागों में पदों पर सीधी भर्ती के निर्देश दिए। गौरतलब है कि शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित पात्र युवाओं की जिले में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर पात्रतानुसार सीधी भर्ती करने के संबंध में निर्देश जारी हुए है।

कलेक्टर ने कहा कि पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आयी कि सहकारी समितियों में वर्मी कम्पोस्ट का पर्याप्त भंडारण नहीं है, उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी जतायी और कृषि अधिकारी को समितियों में कम्पोस्ट का भंडारण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी की भी समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गौठानों में गोबर खरीदी कम हो रही है वहां गौठान समिति और नोडल के साथ पशुपालकों की बैठक लेकर खरीदी बढ़ायी जाए। नये बने वर्मी टांके गाईड लाईन्स के अनुसार ही बने जिससे उसमें कम्पोस्ट तैयार करने में आसानी हो। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत वन विभाग सहित सभी गौठानों में एप के माध्यम से खरीदी कर उसकी रोजाना ऑनलाईन एन्ट्री गौठानों के नोडल अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाईन एन्ट्री के अनुसार ही भुगतान की कार्यवाही की जाती है। अतरू इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मॉडल गौठानो में मल्टीएक्टिविटी और ग्रामीण औद्योगिक केंद्रों (रीपा)का काम जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। वहां इंस्टाल मशीनों को ऑपरेट कर महिलाओं की ट्रेनिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर भीम सिंह ने पीएचई विभाग के अधिकारियों के साथ सभी सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी बोरवेल खुले नहीं होने चाहिए। जहां भी अनुपयोगी या फेल बोरवेल हो तो उसे रेत, मिट्टी और पत्थर भरकर सतह को पहले जैसा ठोस व समतल किया जाए। उन्होंने सभी सीईओ जनपद को पंचायत स्तर पर इसकी विशेष रूप से जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस विषय में शासन ने गाइड लाइन्स जारी की हैं, जिसका अनिवार्य रूप से पालन किया जाना है। उन्होंने कहा कि निजी भूमि पर भी किए गए बोर असफल व अनुपयोगी है तथा खुले हुए है उसे भी लोगों को जागरूक करते हुए तत्काल बंद करवाया जाए।कलेक्टर ने समग्र शिक्षा के तहत आरईएस के द्वारा स्कूलों में बनवाये जा रहे शौचालयों का कार्य पूर्ण नहीं होने पर गहरी नाराजगी जतायी तथा जल्द सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी मॉनिटरिंग के लिए कहा। कलेक्टर ने कोतरा व कोड़ातराई में खुलने जा रहे स्वामी आत्मानंद स्कूल के संचालन हेतु सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर आर.ए. कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत ठठारी के आश्रित ग्राम सोनसरी के सड़क का हाल-बेहाल

**■ जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा के झूठे वादों का जीता जागता उदाहरण**

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ठठारी(सोनसरी) के मुख्य मार्ग की दुर्दशा देख मोहल्ले वासियों में भारी आक्रोश है। सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क इसका अंदाजा लगा पाना बड़ा मुश्किल। मोहल्ले वासियों सहित छात्र / छात्राओं को स्कूल आने जाने में होती है बड़ी परेशानी।

ठठारी ग्राम के निवासी को शिक्षित कि श्रेणी में जाना जाता है लेकिन वहां के आश्रित ग्राम सोनसरी का हाल बेहाल दिखाई दे रहा है जहां पर सड़कों में गड्ढे होने के कारण पानी ही पानी सड़क दिखाई दे रही है वहां पर अनेकों प्रकार के नेता हैं और बुद्धिजीवी उनके उपरांत इस सोनसरी गांव में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग अधिकांश हैं लेकिन आज तक वहां पर इन मुद्दों को उठाने वाला कोई भी सामने नहीं आ रहा है। कहा जाता है कि जब तक बच्चा नहीं रोता तब तक मा दूध नहीं पिलाती लेकिन अभी तक ग्राम सोनसरी के लोगों ने इन मुद्दों को पहुंचाने में भी भूल की है और हमारे क्षेत्र के जो विधायक हैं वाह वाही लूटने में मशहूर भी हैं नहीं तो ठठारी ग्राम के आश्रित ग्राम सोनसरी का यह हाल नहीं होता। जबकि सभी ग्राम के आश्रित गाव को प्रधानमंत्री रोड एवं सरपंचों के द्वारा कंक्रीट सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जो ज्यादा पढ़े लिखे एवं शिक्षित होते हैं उनकी ही मतिमारी जाती है वही हाल आश्रित ग्राम सोनसरी का दिखाई दे रहा है।

# मध्यान भोजन का पैसा खा गए बाबू निलंबित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी

**■ 25 लाख घोटाला का मामला आया सामने**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिले के पुसौर विकासखंड में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। विकासखंड के पंजी की जांच किये जाने पर 25 लाख का घोटाला सामने आया है। बताया जाता है कि उक्त पैसे का आहरण तो कर लिया गया था लेकिन न तो उस पैसे का कोई हिसाब था न ही बिल।

प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सभी विकासखंडों में मुख्य रोकड़ पंजी की जांच और सत्यापन का कार्य चल रहा है, इसके लिए बाकायदा एक टीम का भी गठन किया गया है। इसी तारतम्य में पुसौर विकास खंड में भी मुख्य रोकड़ पंजी की जांच की जा रही थी जहां संदेह होने पर जांच टीम ने सूक्ष्मता से जब ध्यान देना शुरू किया तो पता चला कि बिना काम हुए पैसा तो निकल लिया गया लेकिन उसके विरुद्ध न तो कोई बिल है न ही कोई वाउचर दिखाया गया है।

जांच टीम ने वहां के सहायक ग्रेड-3 के लिपिक मनोज कुमार संजय, जो कैशबुक का काम देखता है उससे पूछताछ की लेकिन जांच टीम को संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। इसके बाद जांच रिपोर्ट मिलने पर जिला शिक्षाधिकारी ने लिपिक को निलंबित कर दिया एवम वहां के तत्कालीन एवम वर्तमान विकासखंड शिक्षाधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया है।

# तमनार क्षेत्र में खाद की कमी को लेकर एसडीएम से मिले किसान जिलाध्यक्ष शर्मा

**■ एस डी एम डिगेश पटेल ने दिया आश्वासन, कहा जल्द पूरी होगी खाद्य वितरण की समस्या**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



तमनार क्षेत्र के किसान कांग्रेस के द्वारा ग्राम सरायपाली जिवरी डारआमा आदि ग्रामीण क्षेत्र में खाद को लेकर किसान काफी चिंतित है क्योंकि बुनाई का समय भी नजदीक है और अभी तक के सोसायटीओं में खाद पूरी तरह से वितरण में भंडारण नहीं होने के कारण समस्या हो रही है। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजा शर्मा ने कल किसान पदाधिकारियों के साथ मिलकर घरघोड़ा के तेजतर्रार युवा एसडीएम डीगेश पटेल से मुलाकात कर समस्या से रूबरू कराया और ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग है कि जल्द से जल्द सराईपाली क्षेत्र में खाद की कमी के समस्त को दूर किया जाए और किसानों को सही वक्त में खाद की प्राप्ति हो मांग को लेकर घरघोड़ा एसडीएम श्री पटेल ने त्वरित दूरभाष से चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश जारी किया और अविलंब क्षेत्र में खाद पहुंचाने के निर्देश दिए समस्या को लेकर सरायपाली से आए किसान कांग्रेस के जिला सचिव मीन केतन पटेल हेमराज पटेल डॉक्टर प्रसाद पटेल आनंद राम विचित राम लीलाराम राखी राम सिदार संदीप भोये चमक राम सिदार पंकज गुप्ता सुखलाल राठिया आदि किसान उपस्थित रहे।

# पुलिस कंट्रोल रूम में रथ यात्रा को लेकर हुई शांति-समिति की बैठक



**रायगढ़।** आने वाले रथ यात्रा को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सीएसपी दीपक मिश्रा द्वारा शांति समिति का बैठक किया गया । बैठक में एडिशनल एसपी लखन पटले बताये कि एक जुलाई को शहर में रथ यात्रा निकाला जाएगा जिसकी तैयारियों एवं रूट के विषय में जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट से जानकारी लिया गया है। रथ यात्रा में शामिल होने वालों को किसी भी तरह का कोई परेशानी न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ रथ यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न किया जावे इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में एसडीएम, नगर निगम के अधिकारीगण, विद्युत विभाग, सेनानी होम गार्ड, जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से मुख्य आयोजक, रथ के रूट के संबंधित पार्षद और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । चर्चा में एएसपी बताये कि रथ यात्रा के दिन पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा, कार्यक्रम के रूट के अनुसार जिस स्थान पर विद्युत तार ऊपर किए जाने की आवश्यकता है, स्टापर लगाये जाने हैं उन्हें चिन्हित कर समय पूर्व कराया जाये। बैठक में रथ यात्रा में वॉलंटियर्स की व्यवस्था आदि पर चर्चा किया गया जिसमें सभी की सहमति बनी।

# कलेक्टर डॉ. सिंह की संवेदनशीलता से दृष्टिबाधित रजनी का बना निःशक्तता प्रमाण पत्र




**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह की संवेदनशीलता के कारण दृष्टिबाधित रजनी का निःशक्तता प्रमाण पत्र बन पाया। कलेक्टर डॉ. सिंह के समक्ष जिला कलेक्टोरेट में संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत ने दृष्टिबाधित रजनी राजपूत का निःशक्तता प्रमाण पत्र उनके पिता मनहरन सिंह राजपूत को प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि रजनी का निःशक्तता प्रमाण पत्र बनने से शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान रजनी के पिता राजपूत ने बताया कि उनकी पुत्री दृष्टि बाधित है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि वे पिछले सप्ताह जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर रजनी राजपूत का निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाने की मांग की थी। कलेक्टर डॉ सिंह ने इसे गंभीरता से लिया था और रजनी राजपूत के लिए निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में रजनी के लिए निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाया गया। कलेक्टर डॉ. सिंह के हाथों रजनी का निःशक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर कु. रजनी के पिता राजपूत काफी खुश नजर आए और इसके लिए राजपूत ने कलेक्टर डॉ सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डी. एम. और एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**■ विचाराधीन बंदियों से जाना जेल में होने का कारण विधिक साक्षरता शिविर को किया संबोधित**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार सिन्हा, डी. एम. डॉ. गौरव कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह ने जिला मुख्यालय के समीप ग्राम देवरी में स्थित जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरकों में पहुंचकर प्रत्येक विचाराधीन बंदियों से रूबरू होते हुए उनके जेल में होने का कारण, जेल में होने की अवधि, उनके स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने विचाराधीन बंदियों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता को परखते हुए उन्हें दी जाने वाली हर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने तथा जेल परिसर में जेमर लगाने हेतु जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात् जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिन्हा, डी. एम. डॉ. सिंह और पुलिस अधीक्षक सिंह जिला जेल परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विचाराधीन बंदियों के लिए आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में शामिल हुए। उन्होंने विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार जेल आने वाले बंदियों को दूसरी बार जेल जाना नहीं पड़े, जेल सजा के लिए नहीं बल्कि जेल एक सुधारगृह होता है। अतः उन्होंने जेल से छूटने के बाद एक अच्छे नागरिक बनकर जीवनयापन करने की बात कही। इस दौरान डी. एम. डॉ. सिंह ने विचाराधीन कैदियों के स्वस्थ जीवन के लिए प्रत्येक दिवस योग शिविर आयोजित करने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, राजस्व प्रकरण, मुआवजा से संबंधित आवेदन पत्र सौंपे

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने जिला कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं और मांगो को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, पेयजल, ऋष्ण, राजस्व प्रकरण से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम सेनगुड़ा के निवासी टेकसिंह ने बैंक से ऋष्ण दिलाने, ग्राम कोयलारी की रूखमणी ने पात्रतानुसार नवीन राशन कार्ड जारी करने, ग्राम भर्राकुंडा के जेठिया बाई ने राशन कार्ड में अपने पति का नाम जोड़ने, ग्राम बरेला के बैसाखिया धुरी और रंजना धुरी ने अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने, ग्राम करही के आनंदराम महिलांग, कुमारी बाई द्वारा अतिक्रमण हटाने, ग्राम चंदखुरी के विनोद कुमार ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। कलेक्टर डॉ सिंह ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# लोक शिक्षण संचनालय के उप संचालक ने किया शक्ति के सरकारी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

**■ स्कूल शिक्षा विभाग के अनुरूप शिक्षा की बेहतर व्यवस्था हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

लोक शिक्षण संचनालय के उपसंचालक आशुतोष चावरे ने 28 जून को शैक्षणिक जिले शक्ति के विकासखंड शक्ति के अंतर्गत शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय, शासकीय पूर्व माध्यमिक सदर कन्या विद्यालय, शासकीय सदर प्राथमिक विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया, तथा निरीक्षण के दौरान उप संचालक ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रयोगशाला प्रारंभ करने के निर्देश प्राचार्य को दिए तो वही विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त विद्यार्थियों को समय सारणी भी नोट करवाने की बात कही साथ ही संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, सदर प्राथमिक शाला एवं शासकीय सदर पूर्व माध्यमिक कन्या शाला में शैक्षणिक स्तर कक्षा अनुरूप ना पाए जाने पर उपसंचालक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए,लोक शिक्षण संचनालय के उपसंचालक के 28 जून को हुए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी कांता प्रसाद राठौर एवं सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री बघेल से मिले जशपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनमोहन भगत

**जशपुरनगर।** प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विगत दिनों जिले के कुनकुरी और जशपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से भेंट-मुलाकात करने पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री आम जनता के साथ ही समाज के लोगों से भी मुलाकात की और पार्टी की रीढ़ कहे जाने वाले युवा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर उन्हें रिचार्ज किया। मुख्यमंत्री की कार्यशैली और उनके कार्य के जोश को देखते हुए जशपुर कांग्रेस ब्लॉक के अध्यक्ष मनमोहन भगत ने उनसे मुलाकात की और साथ में जशपुर विधायक विनय भगत के परिवार व मुख्यमंत्री के साथ भोजन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन भगत ने मुख्यमंत्री को जशपुर जिले में आगामी चुनाव को लेकर युवाओं में चल रही तैयारी से अवगत भी कराया।

# जांजगीर-चांपा जिले के विकास को कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने दी नई दिशा

**■ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्ला ने की नियमित जन समस्या निवारण शिविर की सकारात्मक पहल**

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले में जिलाधीश जितेंद्र कुमार शुक्ला ने अपनी पदस्थापना के बाद से ही निरंतर जिले के विकास के लिए अनुकरणीय पहल करते हुए अपना योगदान दिया तथा कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में जहां छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सतत पहल हुई तो वही जिले के सरकारी दफ्तरों में भी कलेक्टर के दिशा निर्देशन में एवं निरंतर निरीक्षण से कसावट देखी गई,तो वही जिले में सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए भी समय-समय पर विभागीय अधिकारियों की बैठकें लेकर सकारात्मक प्रयास किए गए, तथा वर्षों से निर्माणाधीन चांपा के बिर्रा रेल ओवर ब्रिज को भी प्रारंभ करवाया तो वही नैला जांजगीर के खोखसा रेल ओवर ब्रिज के लिए भी निरंतर रेलवे एवं संबंधित निर्माण एजेंसी को बुलाकर उनसे सकारात्मक पहल की, वही कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला के दिशा-निर्देशन में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी आम नागरिकों के लिए नियमित जन समस्या निवारण शिविर की व्यवस्था प्रारंभ हुई तो वही कलेक्ट्रेट कार्यालय को भी आम जनों के लिए सुविधाजनक



एवं बेहतर बनाने की दिशा में पहल हुई, जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने जहां अपने कार्यकाल में जांजगीर-चांपा जिले के शबरी की नगरी एवं प्रसिद्ध पर्यटन स्थल शिवरीनारायण में राज्य स्तरीय मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित किया,तो वहीं जिले में कोविड-19 टीकाकरण की दिशा में भी सकारात्मक रूप से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से टीकाकरण की बेहतर व्यवस्था हुई, जांजगीर-चांपा जिले में डीएमएफ फंड से भी जहां आवश्यकतानुसार कार्यों को गति मिली तो वहीं जिला खनिज न्यास निधि की राशि का भी सदुपयोग किया गया,जांजगीर-चांपा जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था बनाने की दिशा में भी कलेक्टर ने निरंतर प्रभास कर अपने मातहत अधिकारी/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, वही कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के कार्यों को भी लोग सदैव स्मरण रखेंगे एवं सहज- सरल व्यक्तित्व के रूप में कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने अपनी पहचान बनाई तथा जांजगीर-चांपा जिले के अड़भार में ही इनका ननिहाल होने के चलते भी जितेंद्र शुक्ला का लगाव जिले के प्रति काफी सकारात्मक रहा।

# ये कैसी शिक्षा : स्कूली बच्चों को पूजा कम करने की सलाह स्कूल में दे रहा एक शिक्षक

पायनियर संवाददाता < डौंडी
www.dailypioneer.com





शिक्षक को समाज का दर्पण कहा जाता है लेकिन जब एक शिक्षक अपने स्कूल में बच्चों को वास्तविक अध्यापन कार्य ना करवाकर उन्हें पूजा पाठ कम करने की सलाह दें तो सीधी सी बात है कि वे किसी भी समाज के धार्मिक आस्था को ठेस पहुचाने का कार्य कर रहे है। ऐसा ही एक मामला डौंडी ब्लाक शासकीय माध्यमिक विद्यालय से सुनने में आया है, जहां के एक शिक्षक सातवीं कक्षा के बच्चों को सब्जेक्ट से हटकर उन्हें पूजा पाठ में रावण - महिषासुर की बात तथा पूजा कम करने की सलाह दे रहे है। जब इस बात की खबर एक पालक को लगी तो वे भड़क गए तब वे अपने सहयोगी के साथ सम्बधित शाला पहुँचे। और वस्तुस्थिति कि जानकारी ली गई तो उन्हें बताया गया कि स्कूल के एक छात्रा के साथ उनकी लड़ाई हुई और वे छात्रा को धमकी दी गई कि उनका शिक्षक या तुम्हारे पिता क्या कर लेंगे। तब उक्त पालक ने अपने बच्चे कि गलती स्वीकार की परंतु उन्होंने इस शिक्षक से पूछा कि आप बच्चों को पूजा कम करने की शिक्षा किसलिए दे रहे है इसकी पुष्टि उक्त पालक व स्वयं उक्त शिक्षक कर रहे है। मगर सूत्रों की खबर को माने तो स्कूल में यह शिक्षक बच्चों को पूजा नही करने सलाह दिए गए है। मामले की सूक्ष्म जाँच सम्बन्धित विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा किये जाने से पूरी कहानी का पर्दा फास हो सकता है।

**मीडिया से क्या कहा उक्त शिक्षक ने**

इस मामले जब उक्त शाला शिक्षक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दो बच्चों के मध्य रिशेष समय मे झगड़ा हुई। उनके पालक को बुलवाकर समझाईश दी गई। क्लास में पूजा में ज्यादा ध्यान नही देने और पढ़ाई में ज्यादा ध्यान लगाने की बात उन्होंने जरूर कही है। जब उनसे पूछा गया कि पूजा कम करने की शिक्षा आप बच्चों को क्यो दे रहे है। तब उनका तर्क है कि छठवीं क्लास के हिंदी पुस्तक के पाठ 21 में लिखा है। लेकिन शिक्षक तो सातवी क्लास के बच्चों को अध्यापन दौरान पूजा कम करने की सलाह दे रहे थे। इस संबंध में जब फोन द्वारा जानकारी उनसे लेने पर वह अपना आपा खो दिए कहा कि वे मीडिया को देख लेंगे,जिसकी रिकार्डिंग हमारे पास सुरक्षित है।

**मामले में क्या कहते है विकासखंड शिक्षा अधिकारी**

जब इस मामले में डौंडी बीईओ के के मेश्राम से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया जिस पर उन्होंने साल्हे स्कूल प्रिंसिपल से फोन पर बात की है मामले पर सूक्ष्म जांच की जाएगी दोषी पाए जाने पर सम्बंधित शिक्षक पर उचित कार्यवाही की जावेगी।

**स्कूल के हेड मास्टर ने कहा कि स्कूल में शिक्षकों व प्यून की कमी**

शाला के हेड मास्टर ने बताया कि स्कूल में कुल 83 बच्चे है। जहां गणित- अंग्रेजी विषय के शिक्षक नही है तथा प्यून भी नही है। इस बाबत उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी को लिखित आवेदन सौंपा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल प्रांगण में सीसी मार्ग के बीचोबीच समतल भूमि नही होने से समस्या उत्पन्न हो रहा है। यह भी बताया कि शाला के अतिरिक्त कमरा मरम्मत भवन में लाईट पंखा नही लगाया गया है, इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



अपनी 2 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी हड़ताल के तहत पिथौरा में भी आज अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल पर रहे जिसका असर सभी शासकीय कार्यालयों में दिखा। सैकड़ों की संख्या में जनपद प्रांगण में उपस्थित कर्मचारियों ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की तथा कर्मचारी नेताओं ने प्रदेश सरकार को कर्मचारी विरोधी नीतियों के लिए जमकर कोसा।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर शाखा पिथौरा के अध्यक्ष उमेश दीक्षित के नेतृत्व में 2 सूत्रीय मांग, केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता के समर्थन में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेता एक मंच में उपस्थित रहे और अपनी मांगों के समर्थन में अवकाश लेकर एकदिवसीय आंदोलन पर उपस्थित रहे और अपनी आवाज बुलंद किए।श्री दीक्षित ने आज के आंदोलन का आगाज आंदोलन स्थल पर उपस्थित पेंशनर संघ के वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद प्राप्त कर बुलंद नारों से किए पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रमुखों ने अपने उद्बोधन मांगों के संदर्भ में दिए इस क्रम में रोहिणी कुमार देवांगन अध्यक्ष शिक्षक संघ, यू के दास शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य,द्वारिका पटेल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ,पुनीत सिन्हा प्रांतीय संरक्षक प्रदेश पंचायत सचिव संघ,डी एन पटेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पिथौरा,पीताम्बर डड़सेना पेंशनर संघ, मुकेश कुमार साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासकीय लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, डोलामणि साहू संयोजक व सलाहकार सहायक शिक्षक फेडरेशन,तुलसी पटेल अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन,लघु वेतन कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुशील प्रधान,पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष कमलेश डहरे,आर के अवस्थी स्वास्थ्य संयोजक प्रदेश महामंत्री मीना लाल पर्यवेक्षक संघ ने सभा को संबोधित किए। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हमारी मँहगाई भत्ता हमारा मौलिक अधिकार है और इसे लेकर रहेंगे और यह हमारी एकता से ही सम्भव है। हम एकजुट होकर अपने उद्देश्य में सफल होंगे।

## भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म PokerBaazi.com ने शाहिद कपूर को अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाया



नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म PokerBaazi.com ने बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहिद कपूर को अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। पोकरबाज़ी भारत में पोकर के लिये एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना चाहता है और इस ब्राण्ड के साथ शाहिद का जुड़ना पोकर को जन-साधारण के बीच लोकप्रिय बनाने और उस पर जागरूकता निर्मित करने के लिये इसकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। शाहिद कपूर के आने के साथ PokerBaazi.com जल्दी ही अपना नया मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करेगा। इसमें आने वाले दिनों में एक टेलीविजन विज्ञापन को लाया जाएगा। इस विज्ञापन में शाहिद और पोकरबाज़ी के सहयोग का प्रचार किया जाएगा और इसके साथ ही ब्राण्ड यह संदेश भी देगा कि पोकर ऐसा खेल है, जिसमें अपने कौशल की मदद से महारत हासिल की जा सकती है। अपने ब्राण्ड एम्बेसेडर के रूप में शाहिद कपूर का स्वागत करते हुए, बाज़ीगेम्स के फाउंडर और सीईओ नवकिरण सिंह ने कहा, हम शाहिद को अपने पोकरबाज़ी परिवार के सबसे नये सदस्य के रूप में पाकर उत्साहित हैं। शाहिद के साथ हमें अपने ब्राण्ड के लिये एक परफेक्ट मैच मिला है, क्योंकि न केवल उनकी शख्सियत, बल्कि अपनी कला के साथ लगातार प्रयोग करने की उनकी आदत बड़ी खूबसूरती से हमारे इस विचार के साथ मेल खाती है कि एक नये खेल को देश में वह सराहना मिले, जिसका वह हकदार है। इस भागीदारी के साथ हमने भारत में पोकर का इकोसिस्टम बनाने और पोकर को घर-घर में खेला जाने वाला खेल बनाने के अपने बड़े लक्ष्य की ओर एक कदम बढ़ाया है। हमें शाहिद के साथ एक सफल सहयोगकी आशा है और आने वाले कैम्पेन से हम पोकरबाज़ी की कहानी के बारे में मायने रखने वाली चर्चाओं को प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं।


## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तीन साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर फल वितरण एवं पौधारोपण



जांजगीर-चांपा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के तीन का कार्यकाल पूर्ण होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद द्वारा फल वितरण एवं पौधारोपण किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देनानुसार जिला संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी एवं जांजगीर चाम्पा जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मोहन मरकाम के प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के रूप में सफलता पूर्वक 3 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसौद में मरीजों को फल वितरण करके पौधारोपण का कार्य म किया गया,जिसमें अजा विभाग कांग्रेस के प्रदेश सचिव राईस किंग खुंटे,जिला संयुक्त महामंत्री मधुसूदन साहू,भोजराम हरवंश,तोसिबा लायन,दादूराम सोनवानी,भवानदीन भारद्वाज,रमेश कश्यप,भुवन जांगड़े, प्रदीप निराला,गणेश माझी,योगेन्द्र नारंग,शत्रुघन चन्द्रा,दिलसाय लहरे,त्रिदेव राय,सुखराम जायसवाल,निखिल कश्यप, ध्रुव कुमार,नरेश चौहान,प्रदीप कुमार राकेश, विश्वनाथ कुर्रे,हुलेश चौहान,राजा चौहान,गौतम जाटवर,मनोज कुमार साहू,अंकित अजय और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग, वित्त विभाग के वित्त निर्देशों का उड़ा रहा है धज्जियां

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन,वित्त विभाग के वित्त निर्देश के तहत सातवें वेतनमान की एरियर्स की राशि को के-डिपॉजिट खाते में जमा कर रखवाया गया था।इसी आदेश के पैरा तीन में यह स्पष्ट उल्लेख है कि शासकीय सेवक की सेवानिवृत्ति/ मृत्यु 01-जन-2016 के उपरांत होने की स्थिति में उन्हें वेतन के शेष रहे एरियर्स का भुगतान सेवानिवृत्ति/ मृत्यु की तिथि को एकमुश्त नगद रूप मे शासकीय सेवक अथवा परिवार,जैसी स्थिति हो, को किया जाएगा÷ इस विशेष आदेश के बावजूद भी उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राध्यापकों के 30 जून 2020 और उसके बाद सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारियों को जमा एरियर्स राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।संबंधितो द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को भुगतान हेतु आदेश जारी करने हेतु पत्र लिखे जा रहे हैं, किंतु, विभाग द्वारा आभार आपकी सेवाओं का कोष लेखा एवं पेंशन पोर्टल के इस अभियान की धज्जियॉ उड़ायी जा रही है। प्रकरण से पीड़ित शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद,जिला जांजगीर चांपा से सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य डॉ.ए.आर.बंजारे ने इस संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि,वह अनुसूचित जाति वर्ग से है तथा प्राथमिकता के आधार पर उन्हें देय राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में उच्च शिक्षा सचिव एवं आयुक्त को तीन-तीन पत्र भेजकर निवेदन किया है, किंतु ,2 वर्षो से प्रकरण को लटका कर रखा गया है।इसी तरह उपादान की राशि भी उन्हें मात्र 70प्रति.ही भुगतान किया गया है तथा 30प्रति. राशि रोक रखी गई है।तंग आकर व विभाग की कार्यप्रणाली से दुखी होकर डॉक्टर बंजारे ने दिनांक 25 जून 2022 को अनुसूचित जाति आयोग छत्तीसगढ़ को पत्र भेजकर निवेदन किया है, कि,प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उच्च शिक्षा विभाग को शीघ्र निर्देश करे।

## मरकाम के तीन साल पूरे होने पर पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के शानदार 3 साल पूरा करने पर देवभोग ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता पदाधिकारियों में काफी उत्साह देखने को मिला बकायदा मोहन मरकाम के 3 वर्ष पूरा करने पर आज झिरीपानी झाखरपारा सहित अन्य गौठानो में वृक्षारोपण किया गया साथ ही शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच पहुंचकर फल भी वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रुप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी जिला महामंत्री अरुण मिश्रा जिला उपाध्यक्ष कुंजलराम यादव, टिकेंद्र बीसी वासुदेव बीसी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे इस बीच ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र माझी ने कहा कि मोहन मरकाम जी के कुशल नेतृत्व का लाभ गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष सहित प्रदेश के पदाधिकारियों को भी काफी हद तक मिला है और नतीजा के रूप में बीजेपी को पछ्डते कांग्रेश काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गई है इसके अलावा मोहन मरकाम के कार्यकाल मैं सबसे ज्यादा युवा कांग्रेसमें शामिल हुए हैं जिससे कांग्रेश इस क्षेत्र में काफी मजबूत है सबसे अच्छी बात तो यह रही की देवभोग जैसे अंतिम ब्लॉक पहुंच कर मोहन मरकाम ने पदयात्रा कर मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध दर्ज़ कराया और कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारियों को रिचार्ज करते बिंद्रानवगढ़ सीट को आगामी चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में होने का दावा किया जिसके मद्देनजर आज कार्यकर्ता पदाधिकारी घर-घर कांग्रेश की नीतियों को बताने में लगे हुए हैं भूपेंद्र माझी ने आगे यह भी कहा कि मोहन मरकाम के मार्गदर्शन से संगठन चलाने में काफी असानी है क्योंकि पार्टी की हर छोटी बड़ी बात को लेकर हमेशा गंभीर नजर होते हैं।

# राजधानी ट्रैवल्स की बस ने बुजुर्ग को लिया चपेट में बुजुर्ग व मोटरसाइकिल दोनों बस के नीचे फंसे

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के सोनाईडीह में मोटरसाइकिल सवार ईश्वरी यादव को राजधानी ट्रैवल्स की बस ने विपरीत दिशा मे जाके ईश्वरी यादव को अपनी चपेट में ले लिया बताया जा रहा है कि राजधानी ट्रैवल्स कि बस कोरबा जमनी पाली से सरसीवा सराईपाली की ओर जा रही थी इसी दौरान बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के सोनाईडीह के पास ईश्वरी यादव को अपनी चपेट मे ले लिया बताया जा रहा है की बुजुर्ग ईश्वरी यादव गोविन्दा की ओर से अपने गांव रिस्दा जा रहा था इसी दौरान चाम्पा की ओर से तेज रफ्तार बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे बुजुर्ग बुरी तरह से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से बस के निचे फंसे बुजुर्ग को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह मे भर्ती कराया गया है बताया जा रहा है कि राजधानी ट्रैवल्स की बस आये दिन किसी न किसी को अपनी चपेट मे ले रही है और लोगो की जान जोखिम में डाल रही है बुधवार को सुबह राजधानी ट्रैवल्स की बस क्रमांक सी जी 10 जी 0522 ने बाराद्वार थाना क्षेत्र रिस्दा निवासी ईश्वरी यादव 55 वर्ष को अपनी चपेट मे ले लिया जिससे बुजुर्ग ईश्वरी यादव बुरी तरह से घायल हो गया जिसे घटना स्थल पर मौजूद बम्हनीडीह पुलिस व लोगो की मदद से बम्हनीडीह थाना प्रभारी की गाडी से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में भर्ती कराया जहां से ईश्वरी यादव की हालत को देखते हुए उसे 108 की मदद से जिला अस्पताल रिफर किया गया है वही पुलिस ने घटना युक्त बस को पकड लिया है और आरोपी बस चालक की तलाश कर रही है


**नहीं मिली 112 व 108 की मदद घटना स्थल पर तडपता रहा बुजुर्ग:-**
राजधानी ट्रैवल्स की बस ने एक मोटरसाइकिल सवार ईश्वरी यादव को बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के सोनाईडीह के पास अपनी चपेट में ले लिया जिसके बाद बस चालक बस घटना स्थल पर छोड कर भाग निकला और बुजुर्ग ईश्वरी यादव बस के निचे फंसे गया जिसे स्थानीय लोगों बड़ी मस्कत के बाद जैसे तैसे बाहर निकाला और 112 और 108 को फोन किया पर दोनो वाहन घंटे भर तक घटना स्थल पर नही पहुंचे और बुजुर्ग घटनास्थल पर तड़पता रहा जैसे ही बम्हनीडीह थाना प्रभारी कमल किशोर महतो ने घटना स्थल पहुंचे और बुजुर्ग को तडपता देखा तो तत्काल अपनी वाहन से ईश्वरी यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

## फिल्म रंग रंगीले का 1 जुलाई छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में होगा प्रदर्शन



रायपुर। रियांस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म रंग रंगीले में मुस्कान साहू खगेश जांगड़े सारंगढ़ की जोड़ी धमाल मचाते नजर आएंगी! बताते चले की सुपर स्टार अभिनेत्री मुस्कान साहू अपनी अदाओ के चलते दर्शको के दिलो पर बर्षो से राज करते चले आ रही है वही उनकी जोड़ी पहली बार डेब्यू कर रहे सारंगढ़ के माटी- पुत्र खगेश जांगड़े के साथ परदे पर धमाल माचायेगी 7 फिल्म 'रंग रंगीले' आगामी जुलाई माह मे 1.तारिक शुक्रवार को रायपुर राज टाकीज सहित प्रदेश के अधिकतम सिनेमाघरों में प्रदर्शित हेतु तैयार है। आज स्थानीय एक निजी होटल में फिल्म प्रदर्शन की तिथि अवं गानो को लेकर पत्रकारों अवं छत्तीसगढ़ी फिल्मो से वरिष्ठ निर्माता निर्देशकों में संतोष जैन मोहन सुंदरानी दिलीप षडंगी अलक रॉय जी के मुख्य अतिथ्य में फिल्म रंग रंगीले के स्टारकास्ट ने अपनी बाते रखी। विदित हो कि रियांस यूट्यूब चैनल में फिल्म के गाने रिलीज़ हो चुके है जो दर्शको के दवारा काफी पसंद किये जा रहे है खासकर युवा वर्ग तरह तरह की रील्स बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित कर रहे है! इस फिल्म का संगीत सूरज महानद जी का है गीतों की रचना सुबह सिंह चौहान ,बोध राज चौहान ,दानी वर्मा ने किया है जिसको अपनी मधुर आवाज दी है सुनील सोनी अनुराग शर्मा ,महक रातरे ,चंपा निषाद और पम्मी मिश्रा सभी गीतों की कोरियोग्राफी चंदनदीप के द्वारा किया गया है।

## कोलंबिया के 3 विद्यार्थियों का सायोका ग्रुप में चयन



रायपुर। कोलकाता बेस्ड सायोका ग्रुप ऑफ कम्पनीज द्वारा सायोका फार्मसूटिक्स के लिए मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव पद हेतु कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फर्मेसी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमे बी फार्मेसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया । सायोका ग्रुप की ओर से निदेशक पुष्पकांत गुप्ता एवं एच आर सयोंतोनी चक्रबोर्ती ने समस्त प्रक्रियाओं यथा रिटेन टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू सम्पादित की समस्त प्रक्रियाओं के उपरांत कंपनी द्वारा सूरज बंजारेए नीलिमा डहरिया एवं शोएब मीडडया का चयन क्रमशः पुणेए रायपुर एवं कोलकाता के लिए किया गया संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अतनु भट्टाचार्या ने यह जानकारी प्रदान की संस्था के प्राचार्य डॉ अमित रॉय एवं संस्थान प्रबंधन के किशोर जादवानी तथा हरजीत सिंह हुरा ने चयनित विद्यार्थयों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय के परिसर में किया गया वृहद वृक्षारोपण



जांजगीर-चांपा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किया गया वृक्षारोपण जिसमें लगभग 150 पौधे लगाये गये। 28 जून को पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिला पुलिस कार्यालय के परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालयीन स्टाफ एवं रक्षित केन्द्र के लगभग 60-70 पुलिसकर्मियों द्वारा परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कचनार, कोनोकारपस, लिजोस्ट्रीमिया, बाटलपाम एवं अन्य पौधे लगाये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों द्वारा ब?-च?कर हिस्सा लेकर लगभग 150 पौधे लगाकर पौधे की देखरेख करने एवं भविष्य में अधिक मात्रा में पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में अनिल सोनी, अति.पुलिस अधीक्षक, सन्दीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक, यातायात, रक्षित निरीक्षक प्रदीप जोशी, निरीक्षक उमेश साहू, थाना प्रभारी जांजगीर, स्टेनो राजेन्द्र श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# प्रधान पाठक की सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित किया



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

सिलादेही- शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के प्रधानपाठक एम.एल. डडसेना जी की सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त बीईओ एम.आर. कुम्भकार अध्यक्षता शाला समिति अध्यक्ष संजू साहू उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक एम.एल साहू, प्रभारी प्राचार्य उमाशंकर खुटे, सम्मेलाल जावेर, हीरालाल कटकवार विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर हुई। मुख्य अतिथि एम. आर. कुम्भकार ने कहा शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते है। वे हमेशा शिक्षा का दीप जलाते रहतें है। और समाज को मार्गदर्शन देने में उनकी बड़ी भूमिका रहती हैं। शिक्षक एक दीपक के समान होता है जो.स्वयं जलकर दूसरों प्रकाश देता है। हमें सही और.गलत का फर्क बताते हुए ज्ञान रुपी उजियारे से जीवन को सफल बनाने का काम करते है। विशिष्ट अतिथि साहू ने कहा कि शिक्षक का पद भगवान से भी ऊचा होता है। जिसपर इनकी कृपा हो जाती है, उसके लिए धन, वैभव सब कुछ प्राप्त करना आसान हो जाता है। इसलिए गुरू का सानिध्य हर किसी के लिए जरूरी होता है। प्रधानपाठक एम.एल.डडसेना के सेवानिवृत्त होने पर शाल श्रीफल एवं अभिनंदन देकर सम्मानित विदाई दी गई ज्ञात हो कि एम.एल डडसेना अपने 37 साल की सर्विस काल में सिलादेही में 10 वर्षो तक शाला में प्रधानपाठक के रूप में सेवा दिये और अपने शैक्षणिक कार्य के दौरान उन्होंने ने कहा इस क्षेत्र के लोगों ने मुझे अपार स्नेह प्रेम दिए है।


**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :–

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री अनूप उपाध्याय, श्रीमती सूरज बाला उपाध्याय (प्रॉस्पेक्ट नंबर 888069 एवं 957994) | 27–06–2022 प्रॉस्पेक्ट नंबर 888069 रू. 10,95,704/– (रूपए दस लाख पिच्यानवे हजार सात सौ चार मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर 957994 रू. 1,31,561/– (रूपए एक लाख इकतीस हजार पांच सौ इकसठ मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : गोल्फ ग्रीन प्लॉट नंबर 02, परिमाप 866 वर्ग फीट, ब्लॉक नंबर 27, ग्राम सेजबहार, पीएच नंबर 82, आरएनएन रायपुर–1, खसरा नंबर 48/4 का भाग, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़, भारत |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : रायपुर, तिथि : 30–06–2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, कोण्डागांव**
(Office E-Mail-ID-eekon-phe-cg@nic.in)

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव के विभिन्न विकासखंडों में स्थापित हैण्डपंपों के पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण हेतु निम्नानुसार सामग्री के प्रदाय हेतु निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में निम्न समय सारणी के अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र./दिनांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 92/16.06.2022 | H2S Bacteriological Water Testing Vail. For Drinking Water Testing of India Mark-II Hand Pump. | 2.15 | 11.07.2022 |
| 02. | 93/16.06.2022 | Reffil for the Refilling of FTK 8 Parameter Testing of Drinking Water | 4.10 | |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी दिनांक 11.07.2022 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

G- 92523/4



**न्यायालय तहसीलदार, केशकाल जिला कोण्डगांव छ.ग.**

रा.मा.क्र./ /ब-121/2021-22
ग्राम पलोरा, तहसील केशकाल

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरहा पिता मंगलराम जाति कलार निवासी पलोरा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा उनके नाम पर ग्राम पलोरा प.ह.न. 23 रा.नि.मं. केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. स्थित भूमि खाता में खसरा नं. 4/4/घ, 8/3, 51/28/घ कुल खसरा नं. 3 रकबा क्रमशः 0.607, 0.081, 0.202 हे. कुल रकबा 0.890 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में खाता में दर्ज है। उक्त भूमि की किसान किताब गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 11.07.2022 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
केशकाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोंदेखुर्द में स्थित सीनियर एल.आई.जी. भवन क्रमांक-**417** **श्री रवि मल्होत्रा पिता स्व. श्री राजेन्द्र मल्होत्रा** को इस कार्यालय में नातांतरण आदेश क्रमांक 175 दिनांक 30.11.2013 को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित किया गया था।

वर्तमान में **श्री रवि मल्होत्रा पिता स्व. श्री राजेन्द्र मल्होत्रा** निवासीः- 11-बी, स्टीट-27, सेक्टर-05 सिविक सेन्टर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, घोषणा पत्र/शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा, तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर नामांतरी द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री राम कुमार साहू पिता श्री पुरूषोत्तम साहू** निवासीः- सीनि. एल.आई.जी. म.क्र.-418, वार्ड क्रं.-08, गार्डन के सामने, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, दोंदेखुर्द, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

# हड़ताल पर रहे अधिकारी- कर्मचारी, जिले भर में ठप्प रहा सरकारी काम-काज

## डीए और गृहभाड़ा भत्ता की लंबित मांगों के समर्थन में किया प्रर्दशन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आज छगकर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिले में शासकीयकर्मी अपने डीएऔर गृहभाड़ा भत्ते की लंबित मांगो को लेकर आंदोलनरतरहे। ब्लाक, तहसील एवं जिला स्तर के शासकीय कार्यालयों एवं विभागों में दिनभर कामकाज ठप्प रहा।लोगों को सरकारी दफ्तरों से वापस लौटना पड़ा। जिले के कई अधिकारीगण भी कार्यालयो में अपनी सीट पर अनुपस्थित रहकर आज के इस आंदोलन को मौन समर्थन देते दिखे।यहां जिला कार्यालय के सामने जुटे सैकड़ों की संख्या में अधिकारी- कर्मियों ने यहां अपनी मांगों को लेकर आवाज़ बुलंद की।




कलम बंद-काम बंदके नारे के साथ अपनी मांगों को लेकर यह प्रदर्शन बुधवार की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला कार्यालय के सामने किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के शासकीय सेवक एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के लिये जोरशोर से एकजुट होकर नारेबाजी करते, राज्य शासन के कर्मचारियों को केन्द्र शासन के समान देय तिथि अनुसार 34 प्रतिशत डीएएवं बकाया एरियर्स राशि सहित सॉतवे वेतनमान के अनुरूप मंहगॉई भत्ते की मांग की।

दोपहर में विभिन्न संगठनों/संघों से संबद्ध शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सैकड़ो की संख्या में नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर करनगर के मुख्य मार्ग का भ्रमण करत हुए दोबार प्रदर्शन स्थल पहुंचे। यहां लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम राजनांदगॉव जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपागया।

इस प्रदर्शन के विषय में फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. केएलटाण्डेकर एवं महासचिव सतीश ब्यौहरे ने बताया कि पूर्व में फेडरेशन द्वारा शांतिपूर्ण चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से राज्य शासन को समय-समय पर अपनी जायज मांगो के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है।किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है।

इस दौरान प्रदर्शनकारियो ने कहा कि, शासन द्वारा राज्य सेवा के कर्मचारियों के वेतन में लगातार कटौती की जा रही है। उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसके कारण शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है और वो अपने हक की लड़ाई के लिये लामबद्ध हो रहे हैं।

### अवकाश लेकर जुटे प्रदर्शन में

राज्य शासन के कर्मचारी-अधिकारीसामूहिक रूप से अवकाश लेकर 29 जून को जिले के सभी विकासखंड एवं तहसील मुख्यालयों सहित राजनांदगॉव जिला कार्यालय के सामने जीईरोड पर एक दिवसीय प्रान्तव्यापी कलम बंद - काम बंद हड़ताल, रैली एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया। इस आंदोलन को राज्य सेवा के विभिन्न 75 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों का समर्थन प्राप्त है जो राज्य शासन से अपनी मांगो को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिये कमर कस चुके हैं।

# अवैध मुरुम खनन करते जेसीबी सहित हाईवा को पुलिस ने पकड़ा



पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के नज़दीकी ग्राम पंचायत लालपुर में बीते मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे अवैध रूप से मुरुम खनन और परिवहन कर रहे एक जेसीबी और एक हाईवा को गंडई पुलिस ने पकड़ा है। जिसे खनिज विभाग और राजस्व विभाग को सुपुर्द किया गया है।

ज्ञात हो कि गंडई पुलिस रात्रि गस्त के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लिए निकले थे। इसी दौरान लालपुर के आखिरी छोर और बरबसपुर के शुरुआत में नदी के सामने लाईट जलते देखा गया जहाँ नज़दीक जाने पर एक जेसीबी और हाईवा को खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जप्त वाहनों में हाईवा नं. सीजी.04.जेडी 2123 और जेसीबी नं. सीजी 08 ए. टी. 5930 है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जप्त वाहन देवपुरा निवासी चुम्मन वैष्णव का बताया जा रहा है।

जिस स्थान पर खनन कार्य किया जा रहा था वो जगह शासकीय है या निजी क्या रॉयल्टी पर्ची से मुरुम निकाला जा रहा है वाहन की फिटनेश और दस्तावेज जीवित है या एक्सपायरी हो चुका है यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

बतादें कि इस क्षेत्र में लगातार अवैध मुरुम का खनन और परिवहन सम्बंधिक अधिकारियों की सुस्त रवैये के चलते खनिज माफियाओं द्वारा लम्बे समय से किया जा रहा है। नगर में देखा जाए तो ऐसे कई वाहन है जो अवैध खनन और परिवहन कार्य को अंजाम देने में लगे हुए हैं। अब देखना यह है कि सम्बंधित अधिकरियों द्वारा उक्त वाहन मालिक के ख़िलाफ़ क्या कार्यवाई करती है।

गस्त के दौरान एक जेसीबी और एक हाईवा को मुरुम खनन करते पकड़ा गया है। दोनों वाहनों को जप्त कर खनिज विभाग और राजस्व विभाग को सुपुर्द किया गया है। आगे की कार्यवाई उनके द्वारा की जाएगी। वाहन से सम्बंधित दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं किये जाने पर मोटर व्हिकल एक्ट के तहत हमारे द्वारा कार्यवाही किया जाएगा।

**-राजेश देवदास,** थाना प्रभारी गंडई




**राजनांदगांव।** हिंदू संगठनों ने आज उदयपुर हत्याकांड के विरोध में शहर के मानवमंदिर चौक में आतंकवादी मानसिकता को लेकर प्रतिकात्मक पुतले का दहन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। यहां जुटे नेताओं, नागरिकों ने उदयपुर की घटना की भर्त्सना करते हुए सांप्रदायिक मानसिकता का विरोध किया। उन्होंने बेगुनाह की मौत के जिम्मेदारों को फांसी देने की मांग की।

# चाकूबाजी कर लूट को दिया अंजाम, हेमलाल की हालत गंभीर

- चंद घण्टो में लूट का खुलासा, तीन नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुसराखुर्द में 28 जून की सुबह 4 बजे अज्ञात आरोपियों ने चाकू मारकर लूटपाट की घटना को अंजाम। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया। लूट और चाकूबाजी के इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है जिसमें से तीन नाबालिग है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित हेमलाल वर्मा निवासी ग्राम सिंगपुर थाना लालबाग और उसका साला कपूरचंद के साथ बैल को छोड़ने पैदल जा रहा था। तभी चारों आरोपियों ने इन दोनों को मुसराखुर्द के धान खरीदी केंद्र के पास बीच रास्ते रोककर पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ित हेमलाल को बांधकर धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमले में हेमलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने उनके पास से 1200 रुपये नगद, दोनों के आधार कार्ड लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी डायल 112 को मिली। उन्होंने गंभीर रूप से घायल हेमलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ पहुंचाया जहाँ प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर कर दिया गया, जहाँ इलाज जारी है।

थाना डोंगरगढ़ के निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार स्वर्णकार ने मामला को गंभीरता मे लेते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए तत्काल टीम गठित कर दी। मुखबीर से सूचना मिली कि घटना के आरोपी होटल ग्रीनलैंड में छिपे हैं। टीम ने होटल ग्रीनलैंड राजकट्टा में दबिश देकर चारो आरोपियों को धर दबोचा।

होटल से आरोपी देवेंद्र वर्मा सहित तीन नाबालिग पकड़े गए। पकड़े गए आरोपियों के पास से 1 धारदार चाकू जिससे पीड़िता पर हमला किया गया, छीने गए 2 आधार कार्ड, 1200 (बारह सौ रुपये) नगद, दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। भादंवि की धारा 397 अंतर्गत न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है। पृथक नाबालिगों को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्रार्थी की स्थिति के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

उक्त कार्यवाही में थाना निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार स्वर्णकार थाना प्रभारी डोंगरगढ़, सउनि धन्ना लाल सिन्हा, सउनि रामकुमार साहू, प्र.आर. महादेव साहू, अजीत टोप्पो, आरक्षक लक्ष्मी मंडावी, शिशुपाल साहू,परस ध्रुव, भूपेंद्र कंवर,वीर बहादुर की भूमिका रही।

# चिंताराम साहू बने जिला अध्यक्ष



**छुरिया।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं प्रदेश सह सचिव ठाकुरराम साहू,युवा प्रकोष्ठ के सदस्य हरीराम साहू की उपस्थिति में 29 जून को स्थानीय रेस्ट हाउस छुरिया में पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ का बैठक में चिंताराम साहू को पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अलालीराम यादव, विपिन यादव ,रोहित सिन्हा ,शीशुपाल साहू,पेमीचंद साहू , दीपक महोबिया ,आबिद मेमन, चंद्रशेखर सिन्हा, टीकम साहूआदि उपस्थित थे।उपस्थित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने प्रदेश में पिछडा वर्ग को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

# डोंगरगांव नगर में सांसद ने दी भवन की सौगात

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पांडेय ने डोंगरगांव नगर के मटियावार्ड 14 में भाजपा जिला महामंत्री दिनेश गाँधी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता के अनुशंसा पर शीतला मंदिर समीप सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रु की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त।शय के लिए स्वीकृति पत्र सांसद श्रीपाण्डेय ने कलेक्टर जिला प्रशासन राजनांदगांव की ओर संप्रेषित कर दिया है। शीतला मंदिर समीप सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख की स्वीकृति मिलने पर रामकुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम साहू, मनबोधी पटेल, कृष्णकुमार शर्मा, कृष्णकुमार साहू, डॉ चैतराम साहू, हृदयराम साहू, पुसउ पटेल, तोरण साहू, घनश्याम साहू, जागेश्वर साहू, नूतन साहू, सुरेश साहू, टामन साहू, नोहर साहू, पारस साहू, ललित साहू सहित वार्डवासियों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है।



### अग्निपथ से होगा देश का सशक्तिकरण : डिकेश



**डोंगरगांव नगर।** नगर पंचायत डोंगरगांव के युवा पार्षद व जिला भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री डिकेश साहू ने अग्निपथ योजना पर अपनी प्रतिक्रिया जारी की है। साहू ने कहा है कि देश के सशस्त्र बलों में अग्निवीरों की भर्ती से देश आंतरिक एवं बाहरी मामलों में ताकतवर होगा। इस योजना से भारत देश विश्व पटल में अत्यधिक शक्ति शाली राष्ट्र बतौर स्थापित होगा।

# ग्राम देवपुरा में बन रहे पानी टंकी में बच्चों से कराया जा रहा काम

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम पंचायत देवपुरा में चल रहे पानी टंकी निर्माण कार्य में ठेकेदार छोटे बच्चों का सहारा ले रहा है। सम्बंधित ठेकेदार द्वारा छोटे - छोटे मासूम बच्चों से इस तरह मेहनत - मजदूरी कराया जाना बाल श्रमिक को बढ़ावा देना मात्र है। जिस उम्र में बच्चे पढ़ाई- लिखाई करते हैं उस उम्र में इनसे काम लिया जा रहा है। वहीं श्रम विभाग भी ऐसे लोगों पर मेहरबान है। ठेकादार द्वारा निर्माण स्थल पर निर्माण से सम्बंधिक सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।



निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी में लगने वाले मटेरियल की गुणवत्ता सही नहीं है और छड़ भी स्टीमेट के हिसाब से कम एमएम का लगाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी निर्माण के बाद इसमें पानी हमेशा भरा रहेगा। इसको मजबूती से बनाना चाहिए वैसे भी नाले के पार के समीप बन रहे पानी टंकी का नींव से लेकर हर चीज सही और मजबूती से बनना जरूरी है नहीं तो समय से पहले ही ध्वस्त हो सकता है। बता दे कि गंडई नगर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत देवपुरा विकास के मामले में पिछड़ा हुआ है। आज भी इस गांव में सड़क और पक्की नाली नहीं है। हर मौषम में बस्ती के चारों तरफ कीचड़ नजर ही आता है। बड़ी मुश्किल से इस गांव में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है उसमें भी अभी से सवाल उठना शुरू हो गया है।

स्टीमेट के हिसाब से काम नही हो रहा है, वहीं गुणवत्ता की भी कमी है। छोटे - छोटे बच्चों से कार्य करवाया जा रहा है। ठेकेदार मनमानी पूर्वक काम कर रहा है। प्रशासन को समय रहते जांच कर मजबूती के साथ पानी टंकी का निर्माण कराना चाहिए।

**-चंद्रकांत साहू उर्फ गोलू,**
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत देवपुरा

# अग्निपथ योजना केंद्र सरकार का अव्यवहारिक निर्णय : मयूरी सिंह

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया तथा पीसीसी राजनांदगांव-खैरागढ़ जिला महासचिव महिला कांग्रेस मयूरी सिंह ने भी कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि यह केंद्र सरकार का अव्यवहारिक निर्णय है और इसीलिए देशभर में इस योजना का कड़ा विरोध किया जा रहा है। अग्निपथ योजना से कोई भी सहमत नहीं है, हर कोई कह रहा है कि यह ठीक नहीं है।

अग्निपथ योजना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेत्री मयूरी सिंह ने आगे कहा है कि अग्निवीर और अग्निपथ योजना की जरूरत ही क्या है। अग्निवीर को 6 महीने तक तो सिर्फ मार्च पास्ट की जरूरत होती है। अग्निवीर को भी पता है कि वह 3 साल बाद रिटायर हो जाएगा और यही सब चलता रहा तो शादी के कार्ड में भी लड़के के नाम के आगे भूतपूर्व सैनिक लिखा नजर आएगा। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के बारे में किसी नौजवान से नहीं पूछा गया है कि अग्निवीर, अग्निपथ योजना लाई जा रही है और सीधा आदेश जारी कर दिया गया।

उन्होंने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा है कि यह सरकार किसानों को खाद और युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम है। केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों की खिलाफत करते हुए कांग्रेस युवाओं के साथ खड़ी हुई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेसियों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है।

## सुकुलदैहान में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# लोकार्पण, शिलान्यास व सम्मान समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधायक गोद ग्राम सुकुलदैहान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने शिरकत की। यहां डॉ रमन सिंह ने लोकार्पण समारोह के दौरान समुदायिक भवन 4 लाख व शिलान्यास समारोह गौरव पथ सीसी रोड निर्माण 78.40 लाख, पशु चिकित्सालय निर्माण भवन, 16 लाख, सीमेंट कंक्रीट करण निर्माण 5 लाख सहित विभिन्न कामों का भूमि पूजन किया।



वहीं सम्मान समारोह के दौरान श्रीमती फुलबासन यादव मितानीन बहन, करोना योद्धा व हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी विद्यार्थी सम्मान किया गया। डॉ रमन सिंह ने कहा कि सरपंच राजकुमारी देवांगन की मेहनत से क्षेत्र का विकास हो रहा है और जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन को उन्होंने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गांव की चिंता करते हुए विकास के लिए क्षेत्र में बहुत से काम स्वीकृत कराया गया।

पूर्व सीएम ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि सारे विकास के काम ठप हैं। 15 साल के विकास की जो रफ्तार थी वह अचानक रुक गई है। न सड़क, न पुल, न स्कूल, न अस्पताल बन रहा है। कहीं भी पंचायत में कोई भी काम नहीं हो रहा है। सरपंच को काम मांगेने जाना पड़ रहा है। करोड़ों रुपए जैविक खाद के नाम से किसानों को तीन-तीन बोरा खाद दिया जा रहा है जिसमें डीएपी, पोटाश, यूरिया व सुपर फास्फेट नहीं है!

जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन ने कहा कि ग्राम सुकुलदैहान में सोसाइटी की बहुत ही बड़ी समस्या थी जिससे किसानों को धान बेचने में अनेक प्रकार के समस्या हो रही थी। डॉ रमन ने तत्काल धान रीदी केंद्र की स्वीकृति दिलाई। महज 2 घंटे में सोसाइटी की स्वीकृति मिलने के बाद ग्राम सुकुलदैहान के किसानों सहित आसपास के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के अध्यक्षता संतोष पाण्डे सांसद, विशेष अतिथि मधुसुदन यादव जिलाध्यक्ष , लीलाराम भोजवानी पूर्व मंत्री, श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भण्डारी अध्यक्ष जनपद पंचायत, रोहित चन्द्राकर अध्यक्ष भाजपा मण्डल ग्रामीण, पुष्पा गायकवाड जनपद सदस्य, थानु राम देवांगन उपसरपंच सहित समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी ग्राम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

ब्लाक के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने 22 से 27जून तक छः दिवस तक ब्लाक मुख्यालय छुरिया में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन किया और अंतिम दिन रैली निकालकर नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।



रैली निकालने के पूर्व सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल सफाई कर्मचारियों के मांगो को समर्थन देने हेतु उपस्थित छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई राजनांदगाँव के अध्यक्ष गोपी वर्मा, ब्लाक दिनेश कुरेटी दिलेर, छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई छुरिया के अध्यक्ष रेखचंद यादव एवं आम आदमी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष पूना राम सिन्हा ने अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों के नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्ण कालिन सफाई कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए तथा उनके सारे समस्याओं का निराकरण किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने स्कूल सफाई कर्मचारियों से अपने जायज मांग के पूरा होने तक आंदोलन पर डटे रहने का आव्हान किया। संघ अध्यक्ष गोविंद मंडावी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल एवं सचिव ढालसिंह साहू ने मांगो के समर्थन देने आये अतिथि वक्ताओं का तिलक लगाकर एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत कर स्वागत किया तथा उपस्थित स्कूल सफाई कर्मचारियों ने जोरदार ताली बजाकर सम्मान किया। बताया गया कि छुरिया ब्लाक के समस्त स्कूल सफाई कर्मचारी जिला मुख्यालय राजनांदगाँव में आयोजित धरना प्रदर्शन में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया तथा आगामी 5जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित महारैली में अपनी उपस्थिति प्रदान कर अपनी मांग पूरी होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल में डटे रहेंगे।

# अमेरिका ने शुरू किया दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास, निशाने पर चीन

**टोक्यो:** चीन की बढ़ती दादागिरी के बीच अमेरिका ने कैलिफोर्निया के तट पर प्रशांत महासागर में दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास रिमपैक शुरू किया है। इस अभ्यास में 26 देश हिस्सा ले रहे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका समेत सभी देश अपने महाविनाशक जंगी जहाजों और हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी इस अभ्यास में अपनी जोरदार ताकत का प्रदर्शन कर रही है। भारत ने एक स्टील्थ फ्रीगेट आईएनएस सतपुणा और 1 अत्याधुनिक सबमरीन किलर निगरानी विमान पी- 8 आई भेजा है।

यह महाअभ्यास 29 जून से शुरू होकर 4 अगस्त तक चलेगा। इस अभ्यास के दौरान अमेरिका अपने मानवरहित युद्धपोतों का भी प्रदर्शन करने जा रहा है जो तकनीक की दुनिया में अजुबा कहा जा रहा है। नौसैनिक अभ्यास के दौरान कई ड्रिल किए जाएंगे जिसमें समुद्र के अंदर छिपी पनडुब्बियों को खोज निकालना और बर्बाद करना, हवाई सुरक्षा अभ्यास और समुद्र में तस्करी रोकने के लिए अभियान को अंजाम दिया जाएगा। यह अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हवाई द्वीप और दक्षिणी कैलिफोर्निया के आसपास किया जाएगा। यह वही इलाका है जिसमें चीन के साथ अमेरिका का काफी तनाव चल रहा है।





**38 युद्धपोत, 4 सबमरीन और 25 हजार सैनिक हिस्सा ले रहे**

इस अभ्यास को अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमांड की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसमें 38 युद्धपोत, 4 सबमरीन और 9 जमीन आधारित सैन्य बल, करीब 170 एयरक्राफ्ट और 25 हजार सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। इसमें सभी क्वाड सदस्य देश, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी शामिल हैं। यह महाभ्यास ऐसे समय पर शुरू हुआ है जब चीन ने अपना तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर लॉन्च किया है। चीन का यह पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर महाविनाशक क्षमता से लैस है और हर तरीके के समुद्री हमले करने में सक्षम है। विश्लेषकों का मानना है कि चीन ताइवान पर जबरन कब्जा करना चाहता है और दुनिया पर राज करना चाहता है। यही वजह है कि चीन ने दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना बनाई है। अभी हाल ही में पीएलए की नौसेना ने जापान के ओकीनावा द्वीप के पास व्यापक युद्धाभ्यास किया था और उसके पहले एयरक्राफ्ट कैरियर पर कम से कम 300 विमानों ने लैंडिंग की थी और फिर उड़ान भरी थी। इस खतरे को भांपते हुए जापान ने अपनी सुरक्षा के लिए कई बड़े फैसले लिए थे। यही नहीं चीन और रूस अब अक्सर जापान सागर के पास अभ्यास कर रहे हैं। जापान रिमपैक अभ्यास में अपना सबसे बड़ा युद्धपोत भेज रहा है। इसके अलावा जापानी पीएम स्पेन में होने जा रहे नाटो के शिखर सम्मेलन में पहली बार हिस्सा लेंगे।

# मंगल ग्रह की सतह पर दिखीं रहस्यमय दरारें काला-नीला धुंआ देख वैज्ञानिक भी हैरान

**वाशिंगटन:** मंगल ग्रह हमेशा से हमें आकर्षित करता रहा है। भले ही इस ग्रह पर हमें अभी तक जीवन न मिला हो, लेकिन इंसान ही इस ग्रह पर जाकर जीवन की शुरुआत करना चाहता है। इसी बीच NASA की एक सैटेलाइट ने मंगल ग्रह की तस्वीर खींची है, जिससे एक रहस्यमय घटना सामने आई है। मंगल ग्रह पर ठंड का मौसम खत्म हो रहा है और बसंत का महीना आ रहा है। ऐसे में वहां सतह पर कई भुजाओं वाले निशान देखने को मिले हैं।

मंगल ग्रह पर चार ऋतुएं होती हैं। ये ऋतुएं पृथ्वी की तुलना में लगभग दोगुनी होती हैं। यहां बसंत 190 दिनों तक रहता है जो पृथ्वी का दोगुना है। फोटो में दिख रहा है कि मंगल की सतह पर सफे द दाग जैसे पैचवर्क हैं। कई बार इनसे काला और नीले रंग का धुंध भी निकलता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल की सतह पर ये बर्फ है। बर्फ अब मौसम में बदलाव के साथ गैस बन रही है।



**लैंडिंग साइट खोजेगा ऑर्बिटर :** टीम ने कहा कि सतह पर स्प्रे और ज़िग-ज़ैग बसंत आने के संकेतों में से एक हैं। अंतरिक्ष यान ने इसके अलावा लाइट टोन वाले आउटक्रॉप को भी कैप्चर किया है, जिनमें क्लोराइड जमा दिख रहे हैं। NASA की रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के हाई रेजिल्यूशन कैमरे ने इन तस्वीरों को खींचा है। 2005 में इस ऑर्बिटर को मंगल के लिए लॉन्च किया गया था। ये सबसे बेहतर कैमरों में से एक है। इस ऑर्बिटर की ही मदद से भविष्य की लैंडिंग साइट के चुनाव में मदद मिलेगी।

### मिट्टी में जमा बर्फ के कारण बनीं दरारें

एरिज़ोना विश्वविद्यालय मंगल ग्रह की कक्षा में इस यान के ऑर्बिट को मैनेज करता है। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया, 'कई भुजाओं वाले ये पैच मिट्टी में जमे हुए बर्फ का परिणाम हैं जो अब अलग हो रही है। बसंत ऋतु आते ही इन भुजाओं में दरारें आने लगती हैं, क्योंकि पानी गैस बन रहा होता है। इस प्रक्रिया को सब्लिमेशन कहते हैं।

# आतंकवादी बन गए हैं व्लादिमीर पुतिन बोले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की

**कीव.** रूस का यूक्रेन पर चार महीने से अधिक से आक्रमण जारी है। 27 जून को रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन के क्रेमेनचुक शहर में एक शॉपिंग सेंटर को उस वक्त बर्बाद कर दिया जब उस मॉल में सैकड़ों लोग थे। इस हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। इस रूसी हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आतंकवादी बन चुके हैं।



### हत्याओं को रोकने के लिए रूस पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत


संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक वीडियो मेसेज में जेलेंस्की ने कहा कि रूस को न्याय के घेरे में लाया जाना चाहिए ताकि इसे आतंकवादी कार्रवाई से रोका जा सके। उन्होंने आगे कहा कि हमें रूसी हत्याओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के कारण अब तक लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं या देश छोड़ने को मजबूर हुए हैं। युद्ध के कारण अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है।

**यूक्रेन की यूनाइटेड नेशंस से यूक्रेन में अधिकारी भेजने की अपील :** रूस की सेना द्वारा मॉल को निशाना बनाने से इनकार करने के बाद जेलेंस्की ने कहा है कि यूनाइटेड नेशंस को यूक्रेन में एक प्रतिनिधि भेजना चाहिए ताकि अधिकारी स्वतंत्र रूप से इस बात कि पुष्टि कर सकें कि क्रेमेनचुक में मिसाइल हमला वाकई में एक रूसी मिसाइल हमला था। पुतिन को आतंकवादी बताते हुए उन्होंने कहा कि आतंकी हर दिन, सप्ताह के सातों दिन हमला करते हैं। वे हर दिन आतंकी के रूप में काम करते हैं।

### रूस को संयुक्त राष्ट्र से हटाया जाए, बोले जेलेंस्की

जेलेंस्की ने यूनाइटेड नेशंस चार्टर के आर्टिकल 6 का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा चार्टर में निहित सिद्धांतों का लगातार उल्लंघन करने वाले सदस्य को सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा संगठन से निष्कासित किया जा सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि रूस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से नहीं हटाया जा सकता है क्योंकि वह परिषद का स्थायी सदस्य है और उसके पास वीटो पावर है।

# फिनलैंड और स्वीडन के नाटो में शामिल होने का रास्ता साफ, तुर्की ने दी सहमति?




स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल होने का विरोध कर रहा तुर्की अब मान गया है। तीनों देशों के टॉप नेताओं से बातचीत के बाद नाटो गठबंधन के सेक्रेटरी जनरल जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा है कि अब तीनों देशों के बीच एक समझौता हो गया है जो कि फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक फै सला करार दिया है।

**स्वीडन और फिनलैंड नाटो से क्यों जुड़ना चाहते हैं?**

यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद स्वीडन और फिनलैंड जैसे देश गुटनिरपेक्ष स्थिति को छोड़कर नाटो से जुड़ने के लिए मजबूर हुए हैं। बता दें कि फिनलैंड रूस के साथ एक लंबी सीमा साझा करता है। नाटो संधि के तहत किसी भी सदस्य देश पर हमले को सभी सदस्य देशों के खिलाफ हमला माना जाएगा और पूरे गठबंधन द्वारा हमले का जवाब दिया जाएगा।

**तुर्की क्यों फिनलैंड और स्वीडन के विरोध में था?**

नाटो सर्वसम्मति से संचालित होता है। चूंकि तुर्की फिनलैंड और स्वीडन के नाटो में शामिल होने को लेकर विरोध में था। ऐसे में तुर्की की सहमति के बिना ये दोनों देश नाटो सदस्य नहीं बन सकते थे। तुर्की ने कहा था कि फिनलैंड और स्वीडन जैसे देश कुर्द विद्रोही समूहों को लेकर अपना रुख बदलते हैं जिन्हें तुर्की आतंकी मानता है। हफ्ते भर से अधिक से बातचीत के बाद तीनों देश एक संयुक्त समझौते पर पहुंचे हैं। तुर्की ने कहा है कि हम विद्रोही समूहों के खिलाफ लड़ाई में पूर्ण सहयोग चाहते थे, जो हमें मिला है।

तुर्की ने कहा है कि दोनों देश कुर्दिस्तान विद्रोह संबंधित समूहों पर ठोस कदम उठाने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों ने आतंकी प्रत्यर्पण पर भी ठोस कदम उठाएंगे। तुर्की ने लगातार कहा है कि हम चाहते हैं कि फिनलैंड और स्वीडन वांछित व्यक्तियों को प्रत्यर्पित करें और उत्तर-पूर्वी सीरिया में तुर्की की 2019 की सैन्य घुसपैठ के बाद लगाए गए हथियारों पर प्रतिबंध हटा दे।

# पाकिस्तान में जबरन अपने सुरक्षा गार्ड तैनात करना चाहता है चीन, भड़की



**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान और उसके सदाबहार दोस्त चीन के बीच चीनी सुरक्षाकर्मियों के मुद्दे पर तनाव बढ़ गया है। चीन पाकिस्तान में अपने नागरिकों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए चीनी सुरक्षा गार्ड तैनात करना चाहता है। पाकिस्तान इसका खुलकर विरोध कर रहा है। चीन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर पिछले दिनों बीजिंग यात्रा के दौरान सुरक्षा गार्ड तैनात करने की अनुमति देने के लिए दबाव डाला था। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव पर अब चीन ने चुप्पी साध ली है। चीन ने यह अनुमति ऐसे समय पर मांगी है जब उसके नागरिकों पर बलूचिस्तान और पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में कई जानलेवा हमला हुए हैं। मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने चीन के सुरक्षा मंत्रालय के अनुरोध का कड़ा विरोध किया है। चीनी मंत्रालय के सुरक्षा गार्ड तैनात करने की मांग पर पाकिस्तान ने कहा कि उसके सुरक्षा बल चीनी नागरिकों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने में सक्षम हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने इस संबंध में पूछे गए एक सवाल को टाल दिया।चीनी प्रवक्ता ने कहा कि बीजिंग और इस्लामाबाद आपस में संपर्क में हैं और पाकिस्तान के अंदर चीनी नागरिकों और प्रतष्ठिानों की सुरक्षा के लिए समन्वय कर रहे हैं। इससे पहले जापानी मीडिया ने खुलासा किया था कि चीन अपनी सुरक्षा कंपनी को पाकिस्तान में तैनात करना चाहता है ताकि अपने नागरिकों की बलूच विद्रोहियों के हमले से रक्षा की जा सके।

# अफगानिस्तान के भूकंप में मालिक मारे गए, दरवाजे पर ही करता रहता है इंतजार



**काबुल:** अफगानिस्तान में आए भूकंप के बाद वहां से आई एक कुत्ते की तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर में एक कुत्ता अफगानिस्तान में ढहे एक घर के दरवाजे पर खड़ा दिख रहा है। जो परिवार उसे पाल रहा था, उनमें से हर कोई इस भूकंप में मारा गया है। वहीं ये कुत्ता लगातार उसके मालिकों के आने का इंतजार करता दिख रहा है। दिल तोड़ने वाली इस तस्वीर को समीरा एसआर नाम के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया है।

अफगानिस्तान में आए भूकंप से कई जिंदगियां तबाह हो गई हैं। सत्ता परिवर्तन के कारण अफगानिस्तान के हालात वैसे भी खराब हैं, ऐसे में इस भूकंप ने जनजीवन को और भी अस्तव्यस्त कर दिया है। अफगानिस्तान में भूकंप ने कैसी तबाही मचाई है वह इस कुत्ते की तस्वीर से समझा जा सकता है, जिसमें घर का दरवाजा पूरी तरह टूट गया है और दीवारें भी लगभग कमजोर हो चुकी हैं। देश के बाकी हिस्सों में भी इसी तरह की तबाही दिखी है।

### एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए

एक यूजर ने लिखा कि ये कुत्ता एक अच्छा मालिक पाने के लायक है। उम्मीद है कि इसे जल्द से जल्द अच्छा मालिक मिले जो इसे पहले वाले मालिकों की ही तरह प्यार करे। बता दें कि बीते बुधवार को एक खतरनाक भूकंप के साथ अफगानिस्तान की धरती हिल गई। भूकंप की तीव्रता 6.1 रेक्टर स्केल थी। उसके झटके पाकिस्तान तक लगे। इस भूकंप में 1000 से ज्यादा लोग मारे गए।

### हर बार वापस घर में आ जाता है कुत्ता

इस तस्वीर को शेयर करते हुए समीरा ने लिखा, 'जिस परिवार का ये कुत्ता है उसका हर एक व्यक्ति भूकंप में मारा गया है। पड़ोसियों ने कहा कि वह उसे अपने साथ खाना खिलाने और देखभाल करने के लिए ले गए थे, लेकिन हर बार वह नष्ट हुए घर में वापस आ जाता है और रोता है।' ट्वीट के मुताबिक ये फोटो पक्तिका के गयान के ओचकी गांव का है। इस तस्वीर की कहानी जिसने भी जानी वह दुखी हो गया।

# डिब्बा बंद दही, पनीर पर अब लगेगा जीएसटी, क्षतिपूर्ति व्यवस्था आगे भी जारी रखने की मांग

**चंडीगढ़।** अब दही, पनीर, शहद, मांस और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेबल-युक्त खाद्य पदार्थों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफसे लिये जाने पर शुल्क पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि माल एवं सेवा कर से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लेने वाली शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के मकसद से छूट वापस लेने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियो के समूह की ज्यादातर सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। परिषद ने दो दिन की बैठक के पहले दिन मंगलवार को जीएसटी से छूट की समीक्षा को लेकर मंत्री समूह (जीओएम) की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। यह छूट फिलहाल डिब्बाबंद और लेबल युक्त खाद्य पदार्थों को मिलती है। इससे डिब्बा बंद मांस (फ्रोजन छोड़कर), मछली, दही, पनीर, शहद, सूखा मखाना, सोयाबीन, मटर जैसे उत्पाद, गेहूं और अन्य अनाज, गेहूं का आटा, मूरी, गुड़, सभी वस्तुएं और जैविक खाद जैसे उत्पादों पर अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसी प्रकार, चेक जारी करने पर बैंकों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। एटलस समेत नक्शे और चार्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।


**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492 001 के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती रेहाना परवीन 2. श्री मोहम्मद जुहूर (प्रॉस्पेक्ट नंबर 840840) | 16–12–2020 रू. 8,33,122/– (रूपए आठ लाख तेतीस हजार एक सौ बाईस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति पीएच नंबर 81/2, खसरा नंबर 720/5, ब्लॉक–ई, प्लॉट नंबर 52, परिमाप 1000 वर्ग फीट, अरण्य रियल एस्टेट्स, मौजा पचेडा, आरएनएम मंदिर हसौड, तहसील आरंग, जिला– रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 | 21–12–2021 | रू. 8,47,600/– (रूपए आठ लाख सैंतालीस हजार छह सौ मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | 27–06–2022 तक कुल बकाया राशि | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
| | रू. 20,000/– (रूपए बीस हजार मात्र) | | रू. 10,37,895/– (रूपए दस लाख सैंतीस हजार आठ सौ पिच्यानवे मात्र) | रू. 84,760/– (रूपए चौरासी हजार सात सौ साठ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 29–07–2022 1100 बजे–1400 बजे | 02–08–2022 अप. 5 बजे तक | 04–08–2022 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : सभी भुगतान "आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड" के पक्ष में गुरूग्राम में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किये जाने चाहिए। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 53105066294, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036025 अथवा पेमेंट लिंक https://quickpay.iiflfinance.com के माध्यम से

नियम और शर्तें :–

1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.bankeauctions.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.bankeauctions.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : support@bankeauctions.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /7291981124/25/26 तथा किसी सम्पत्ति संबंधी पूछताछ के लिए श्री विवेक थापा /9815049704, ई–मेल आईडी :– vivek.thapa@iifl.com से सम्पर्क करें।
7. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
8. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
9. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
10. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर
तिथि : 30–06–2022

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड



**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

कार्पोरेट पहचान संख्या एल65110एमएच1985पीएलसी038137
पंजीकृत कार्यालय : 27–बीकेसी, सी–27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई–400051(महाराष्ट्र)
कार्पोरेट कार्यालय : कोटक इनफिनिटी, जोन–II, चतुर्थ तल, बिल्डिंग नंबर 21, इनफिनिटी पार्क, ऑफ डब्ल्यू.ई. हाईवे, गोरेगांव, मुंबई –400097
शाखा/आंचलिक कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, ब्लॉक बी–1, तृतीय तल, पुजारी चैम्बर्स, पचपेडी नाका, रायपुर–492 001 (छत्तीसगढ़)

**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर को सूचना दी जाती है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के पास बंधक निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अचल सम्पत्ति, जिसका विवरण नीचे दिया गया है, की बिक्री के लिए हमारे ई–नीलामी सर्विस पार्टनर, मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेबपोर्टल नामतः www.c1india.com के माध्यम से ऑनलाइन ऑफर आमंत्रित की जाती हैं :–

| कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्तियों का वर्णन |
|---|---|---|
| ऋण खाता सं. RHB 128811 तथा सीआरएन नंबर 100087797, 1) श्री भूपेन्द कुमार वर्मा पुत्र शिव कुमार वर्मा 2) श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र शिव कुमार वर्मा 3) श्रीमती दुपती वर्मा कर्जदार और सह–कर्जदार का साझा पता : 198, माडवाडी पारा निकट गर्ल्स छात्रावास नयागंट वार्ड, भाटपारा, बालोडा बाजार, रायपुर, छत्तीसगढ़– 493118 ........कर्जदार/सह–कर्जदार | मांग सूचना तिथि : 13–08–2019 रू. 23,82,294.39 (रू. तेईस लाख बयासी हजार दो सौ चौरानवे मात्र) | निम्न सम्पत्तियों पर बंधक : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : स्व–अधिवासित आवासीय सम्पत्ति मकान स्थित मौजा ग्राम अवार्थी पीएच नंबर 10, डायवर्टेड लैंड खाता नंबर 27017 क्षेत्रफल 1870 वर्ग फीट, तहसील भाटपारा, जिला बालोडा बाजार, छत्तीसगढ़ |

| सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|
| रू. 42,74,600.00/– (रू. बयालीस लाख चौहत्तर हजार छह सौ मात्र) | रू. 4,27,460/– (रू. चार लाख सत्ताईस हजार चार सौ साठ मात्र) |

| बोली वृद्धि राशि | अचल सम्पत्तियों के निरीक्षण की तिथि | नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| रू. 50,000/– | 22–07–2022 पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे तक | 05–08–2022 पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे तक |

ऑफर्स /ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि :– 04–08–2022 अप. 05.00 बजे तक

**बिक्री के महत्वपूर्ण नियम तथा शर्तें :**

(1) नीलामी का संचालन बोली प्रलेख के भावी नियमों तथा शर्तों और वहां उसमें निर्धारित प्रक्रियानुसार किया जाएगा। बोलीदाता बोली प्रलेखों, ई–नीलामी के लिए रखी गयी प्रतिभूत परिसम्पत्ति के विवरणों तथा बोली प्रपत्र, जिन्हें ऑनलाइन जमा किया जाना है, हेतु हमारे ई–नीलामी सेवा प्रदाता, मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट नामतः https://www.bankeauctions.com देख सकते हैं। (2) समस्त इच्छुक क्रेतागण/बोलीदाताओं से अपेक्षा है कि वे उपर्युक्त तिथि तथा समय पर होनेवाली ई–नीलामी में प्रतिभागिता करने के लिए ऊपर वर्णित वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com में अपने नाम का पंजीकरण स्वयं करें तथा अपना प्रयोक्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क सृजित कर लें। (3) ई–नीलामी के संबंध में किसी पूछताछ, जानकारी, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता हमारे ई–नीलामी सेवा साझीदार मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के विभाग दानिश उल्लाह खान +919826804343, एवं ई–मेल आईडी : mpcg@c1india.com एवं support@bankeauctions.com से सम्पर्क कर सकते हैं। (4) प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान तथा जानकारी के अनुसार यहां सम्पत्ति/सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीदातागण पूर्व नियुक्ति के साथ ऊपर वर्णितानुसार अथवा किसी अन्य तिथि एवं समय पर सम्पत्ति तथा इससे संबंधित प्रलेखों का निरीक्षण कर सकते हैं और उन्हें अपनी बोली जमा करने से पूर्व सम्पत्ति को प्रभावित करनेवाले दावों/अधिकार/बकायों तथा ई–नीलामीपर रखी गयी सम्पत्ति/सम्पत्तियों की हकदारी, भारग्रस्तता के संबंध में अपनी स्वयं की स्वतंत्र जांच–पड़ताल कर लेनी चाहिए। ई–नीलामी विज्ञापन केएमबीएल की किसी प्रतिबद्धता अथवा किसी अभिवेदन को संस्थापित नहीं करता। सम्पत्ति का विक्रय केएमबीएल को ज्ञात अथवा अज्ञात समस्त विद्यमान तथा भावी भारग्रस्तताओं के साथ किया जा रहा है। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी भी रूप में किसी तृतीय पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। (5) ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को वेब पोर्टल (https://www.bankeauctions.com) में ऊपर वर्णितानुसार प्रतिभूत परिसम्पत्ति की ब्याज–मुक्त प्रतिदेय धरोहर राशि जमा (ईएमडी) का 'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में दिल्ली में देय डिमांड ड्राट के माध्यम से भुगतान के विवरणों को पैन कार्ड, आधार कार्ड, आवास पता साक्ष्य, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन्स तथा ऊपर विनिर्दिष्टानुसार पता साक्ष्य के साथ जमा/अपलोड करना होगा।

कर्जदार(रों)/बन्धकदाता(ओं)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सरफासी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) तथा 9(1) के अधीन 30 दिन का कानूनी नोटिस दिया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह दिन के अंदर अद्यतन ब्याज एवं व्ययों के साथ ऊपर वर्णितानुसार बकाया देयराशियों का भुगतान करें तथा अपने दायित्व का पूर्ण निर्वहन करें। ऐसा करने में विफल होने पर प्रतिभूत परिसम्पत्ति की ऊपर वर्णित नियमों तथा शर्तों के अनुसार बिक्री कर दी जाएगी। यदि यहां अंग्रेजी तथा देशी समाचारपत्रों में प्रकाशित विक्रय सूचना के प्रकाशनों के बीच कोई अंतर उत्पन्न होता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी समाचारपत्र देशी समाचार पत्रों का अधिक्रमण करेगा अर्थात अंग्रेजी में छपी सामग्री सही मानी जाएगी और इसे अंतिम प्रति माना जाएगा, इस प्रकार विज्ञापन से संबंधित अस्पष्टता समाप्त हो जाएगी। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बन्धककर्ता विक्रय की तिथि से पूर्व किसी तिथि को बैंक की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान कर देते हैं तो नीलामी रोक दी जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिए, कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html देखें अथवा प्राधिकृत अधिकारी रवीन्द्र द्विवेदी/7208051081 तथा श्री अशोक मोटवानी / 9873737351 से बैंक के उपरिवर्णित आंचलिक कार्यालय में सम्पर्क करें।

विशेष अनुदेश :– ई–नीलामी का संचालन कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) की ओर से हमारे सेवा प्रदाता, मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व–विनिर्दिष्ट तिथि पर किया जाएगा, जबकि बोलीदाता अपनी इच्छा के अनुसार अपने घर/कार्यालय/स्थान से बोली प्रस्तुत कर सकते हैं, जो सुरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा अन्य निजी–सामग्री की आवश्यकताओं को बोलीदाताओं को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान रखें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारणवश, चाहे यह कुछ भी हो) की जिम्मेदारी केवल और केवल बोलीदाताओं की होगी तथा ऐसी अपरिहार्य परिस्थितियों हेतु न तो केएमबीएल और न ही सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उत्तरदायी होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से सुरक्षित रहने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे समस्त अनिवार्य व्यवस्थाओं/विकल्पों, जो कुछ भी आवश्यक हो, को तैयार रखें ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में समर्थ हों और ई–नीलामी में सफलतापूर्वक भागीदार कर सकें। हालांकि बोलीदाता(दाताओं) से यह अनुरोध किया जाता है कि ऐसी जटिल स्थितियों से बचने के लिए अपनी बोली प्रस्तुत करने/बढ़ाने हेतु अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थान : बालोडा बाजार, छत्तीसगढ़, दिनांक : 30–06–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

# ब्लैक आऊट होने पर 38 मिनट में चालू हो सकेंगे बिजलीघर

## रायपुर के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से किया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुनर्संचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु लगभग 38 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। 29 जून 2022 को यह मॉक ड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः उज्जवला बघेल तथा एनके बिजौरा की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ ।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में संपादित इस ''ब्लेक स्टार्ट मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर स्काडा सिस्टम से कर रहे थे। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व के. एस. मनोठिया, पी.सी. पारधी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता शारदा सोनवानी, आर.सी. अग्रवाल, आर. अरविंद, अधीक्षण अभियंता संजय चैधरी, जी. के. मण्डावी, मनोज राय, एम.एस. सिंह, अनिल अग्रवाल कार्यपालन अभियंता प्रसाद, जी.पी.सिंह, एस. सूर्यप्रकाश, नमिता विभा लकरा, सहायक अभियंता केतन मिश्रा, रेशमा सेतपाल, जुवेना गोम्स। उत्पादन संकाय से कार्यपालन अभियंता अमिता बारा, चन्दर्प्रभा ठाकुर, अवनीश जोशी, देवेन्द्र खिलवार, हितेन्द्र मार्कन्डे, सहायक अभियन्ता एस.सी. भट्ट, सविता चक्रवर्ती, संध्या देवागंन आदि उपस्थित थे ।

राज्य भार प्रेषण केन्द्र के नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता मनोज रावटे एवं सहायक अभियंता प्रीति गुप्ता की मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही । इसी तरह बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता पी.के. पंड्या एवं उनकी टीम, विद्युत गृह कोरबा पूर्व में ए.एस.मरावी एवं उनकी टीम, कोरबा पश्चिम में व्ही.के. पांडे एवं उनकी टीम, पारेषण संकाय से कोरबा पूर्व, जमनीपाली, छुरीखुर्द एवं खरमोरा विद्युत उपकेन्द्रों से डी.एस. पटेल, अधीक्षण अभियंता एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से एस.के. चक्रवर्ती अधीक्षण अभियंता कोरबा एवं उनकी टीम का कोरबा पूर्व, जमनीपाली एवं छुरीखुर्द तथा संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से अजय कंवर कार्यपालन यंत्री, उरांव एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका इस मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में रही है। ऐसे पूरी हुई मॉकड्रिल की प्रक्रिया- मॉक ड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह, छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब-सिस्टम बनाया गया । इसके पश्चात् इस आईलैण्ड सब-सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई । इस तरह एक बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया । इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक-3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया ।

# बालको 'मोबाइल हेल्थ वैन' से लगभग 7000 शहरी जरूरतमंद लाभान्वित

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ∢ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने हेल्पएज इंडिया के सहयोग से चलित स्वास्थ्य इकाई संचालित की है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम की इस परियोजना से कोरबा के 45 ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लगभग 7000 नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। पूर्व निर्धारित तीन स्थानों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं जहां जरूरतमंदों का नि:शुल्क उपचार किया जाता है। बेला गांव में 28 जून, 2022 को वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में पंजीकृत लगभग 200 जरूरतमंदों का उपचार किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया और मधुमेह, रक्तचाप एवं रक्त संबंधी अनेक परीक्षण किए गए।


'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर संचालित चलित स्वास्थ्य इकाई में एमबीबीएस डॉक्टर के साथ अन्य प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी सेवाएं दे रहे हैं। जरूरतमंदों को निःशुल्क परामर्श और चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। मुधमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद है। सामान्य बीमारियों के लिए दवाइयां निःशुल्क दी जाती हैं। ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो बिस्तर से उठ पाने में असमर्थ हैं, उन्हें स्वास्थ्य इकाई में तैनात चिकित्सा दल द्वारा घर पर जाकर चिकित्सा मुहैया कराई जाती हैं। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को पोषाहार एवं स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत बेला की सरपंच जया राठिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता कम है। इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के बीमार होने की दर अपेक्षाकृत अधिक होती है। चूंकि उनके पास संसाधनों की कमी होती है इसलिए ज्यादातर वे नीम-हकीमों के प्रभाव में आकर गलत इलाज का शिकार बन जाते हैं।

# भाजपा से नाराज़ 100 पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

■ बालोद जिले में भाजपा की डूबती नैय्या

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में मानसून दस्तक के बाद भले ही रूठ गया हो लेकिन इस्तीफे की बौछार ने जिले की भाजपा को सराबोर कर दिया है। दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के इस्तीफे की पेशकश के बाद पार्टी में इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है। पार्टी के भीतर इस्तीफे की बौछार ने जिले से लेकर रायपुर तक खलबली मचा है। मंडल पदाधिकारियों के साथ दल्लीराजहरा के करीब 150 भाजपा नेताओं ने मंगलवार को अपना इस्तीफा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भेज दिया है। पार्टी के भीतर इस्तीफे की बौछार ने जिले से लेकर रायपुर तक खलबली मचा दी है। इस्तीफों की इस झड़ी पर कांग्रेस ने तंज किया है। कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि ऐसा कोई समय नहीं गुजर रहा कि भाजपा का कोई नेता पद न छोड़े। लोगो का कहना है कि यह पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की हवा है। लोगों का भाजपा से भी विश्वास उठ चुका है। पार्टी के नेता भी भाजपा से खुश नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी के लोग पद छोड़ रहे हैं। कुछ दिनों बाद पार्टी भी छोड़ देंगे।

**लगाए गए आरोप को साबित करने की चुनौती-** बता दे कि पार्टी के मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने यह कहते हुए इस्तीफे की पेशकश कर दी कि उनके ऊपर कुछ बड़े नेताओं के द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए है जो कि निराधार है। निराधार आरोपो से आहत होकर वो पार्टी को अपना त्यागपत्र दे रहे है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोप को साबित करने की चुनौती भी दी है।

**24 घंटे के भीतर धड़ाधड़ इस्तीफे से पार्टी में हड़कंप -** मंडल अध्यक्ष के पद से त्यागपत्र के बाद दल्लीराजहरा भाजपा पार्टी संगठन की मंडल कार्यकारिणी, युवा मोर्चा कार्यकारिणी, महिला मोर्चा कार्यकारिणी सहित अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने पद छोड़ने की पेशकश आला नेताओ से कर दी है। पिछले 24 घंटे के भीतर धड़ाधड़ इस्तीफे से पार्टी में हड़कंप मच गया है।

**पार्टी के जिलाध्यक्ष से असंतुष्ट व जबरदस्त नाराजगी-** गौरतलब हो कि इस्तीफे की पेशकश करने वाले भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के जिलाध्यक्ष से असंतुष्ट व जबरदस्त नाराज हैं। वह खुलकर जिलाध्यक्ष के खिलाफबगावती तेवर दिखा रहे हैं। इस बगावती बयार की वजह से कहीं न कहीं भाजपा को नुकसान झेलना पड़ सकता है। हालांकि, जिलाध्यक्ष के खिलाफ बगावती तान के सुर मुखर होने के बाद से ही भाजपा के नेता डैमेज कंट्रोल में जुटे हुए हैं। लेकिन लगातार इस्तीफे के बाद से ही पार्टी के अंदरखाने जबरदस्त खलबली मची हुई है।

**सैंकड़ों भाजपा नेताओं ने की इस्तीफे की पेशकश -** दल्लीराजहरा में भाजपा के रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, उपाध्यक्ष विशाल मोटवानी, मंजीत कौर, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, मंत्री विजयभान सिंह, मीडिया प्रभारी आशीष लालवानी, मंत्री जनार्दन सिंगरौल, रमेश गुर्जर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता मरकाम, महामंत्री उषा आष्टिकर, रानू ठाकुर, उपाध्यक्ष विम्मी शर्मा, सुचित्रा दास, मंत्री डाली सिंह, कोषाध्यक्ष दुलेश्वरी साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर अध्यक्ष सोमेश जायसवाल, अनुसूचित जाति शहर मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत चोपड़े, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष संजीव सिंह, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका बॉबी छतवाल सहित सैंकड़ो भाजपा नेताओं ने इस्तीफे की पेशकश की है।

**जिन्हें संगठन की परिभाषा नहीं आती उनकी बात सुन रही पार्टी -** पार्टी के आला पदाधिकारियो के नाम लिखे गए त्यागपत्र में कहा गया है कि पहले की तरह भाजपा की रीति, नीति और सिद्धांत के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के सम्मान देने की जो परंपरा थी, वह अब समाप्त हो चुकी है। उससे भी अधिक दुःखद यह है कि संगठन भी जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे लोगों की बात न सुनकर ऐसे लोगों की बातें सुन रही हैं, जिन्हें संगठन की भी परिभाषा नहीं आती।

**प्रोटोकॉल भूल चुका है जिले का पार्टी नेतृत्व -** ज्यादातर भाजपा नेताओं ने अपने पत्र में कहा है,यह दुख सिर्फ उनका नहीं है, बल्कि कई जिलों की और भी कार्यकर्ताओ का है। जिले में पार्टी का नेतृत्व प्रोटोकॉल को भूल चुका है। पार्टी के पद से इस्तीफा देते हुए भाजपाइयों ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को यह भी लिखा है,हम बाहरी लोगों से तो लड़ सकते हैं, मगर पार्टी के भीतर और अपने लोगों से नहीं।

**दिल्ली दरबार पहुंची जिला भाजपा में मची अंतर्कलह -** जिले में भाजपा की अंतर्कलह दिल्ली दरबार पहुंच गई है। जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार से नाराज कुछ नेता प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी से मिलने दिल्ली गए हैं। पुख्ता सूत्रों के मुताबिक जिले के नाराज भाजपा नेताओ ने बुधवार को दिल्ली में प्रदेश प्रभारी से मुलाकात कर इस मामले पर उनसे बातचीत की। बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज भाजपाइयों के तेवर कड़े हैं। सियासी लिहाज से संवेदनशील दौर में प्रदेश प्रभारी कोई कठोर कदम उठा सकती है। जिले की भाजपा की राजनीति में यह पहली बार है कि पार्टी जिलाध्यक्ष के खिलाफबड़ी संख्या में पदाधिकारी खुलकर सामने आ गए हैं।

> सोशल मीडिया में चल रहा है, लेकिन मेरे तक कोई इस्तीफा आया नहीं है। जब आएगा तब बात करेंगे। अभी प्रेस कांफ्रेंस से फ्री हुआ हूं अब देखता हूं कौन इस्तीफा दे रहा है, फिर बात करेंगे।
> **- कृष्णकांत पवार** जिलाध्यक्ष, भाजपा

# पीसीसी अध्यक्ष मरकाम के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भर में किया अनेक आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के अध्यक्षीय कार्यकाल के तीन वर्ष पूरा होने पर कांग्रेस जनो ने प्रदेश भर में अनेक आयोजन किया। प्रदेश के सभी जिलों और ब्लॉकों में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य, श्रमदान कर, मिष्ठान वितरण, भोजन वितरण, फल वितरण जैसे आयोजन कर तीन वर्ष के कार्यकाल पूरा होने का जश्न मनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम दिनभर राजधानी रायपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये तथा दिनभर कांग्रेस जनों से मेल मुलाकात कर बधाइयां, शुभकामनाएं स्वीकार किया। सुबह रायपुर के बैरन बाजार में हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के बाद मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में शामिल हुये।

### साप्ताहिक बाजार में बिजली गिरने से 11 वर्षीय बालक समेत चार की मौत, तीन झुलसे

**बिलासपुर ।** जशपुर जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो अलग अलग जगह चार की मौत हो गई तो वही तीन गम्भीर रूप से झुलस गए। पहली घटना में सन्ना साप्ताहिक बाजार में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में 5 लोग आ गए। चपेट में आये लोगो मे से एक 11 वर्षीय बालक व दो अन्य की मौत हो गई वही दो गम्भीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को सन्ना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। वही दूसरी घटना फऱसाबहार की है जहां एक मौत व एक झुलसा है। मिली जानकारी के अनुसार सन्ना में साप्ताहिक बाजार था। आज सुबह से तेज धूप थी। दोपहर को अचानक मौसम बदला और आंधी व तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई।






# पुलिस ने हर बार समझौता कराया, नहीं लिखी रिपोर्ट नतीजन रिश्तों का हो गया कत्ल

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पारिवारिक विवाद की रपट लिखाने पीड़ित परिवार अनेकों बार थाने गए, मगर हर बार पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय समझौता कराकर भेज दिया जिसका अंजाम इतना घातक होगा किसी ने सोचा नहीं था । पीड़ित छोटे भाई ने अपने परिवार और नाबालिग पुत्रियों के साथ मिलकर अपने बड़े भाई और भाभी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी । सभी आरोपी गिरफ्तार हो गए है मगर सवाल यह उठता है कि आईजी से लेकर एसपी तक सारे थानेदारों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था और पेंडिंग मामले की समीक्षा करते है, मगर जमीन संबंधी और पारिवारिक विवादों को शीघ्र निपटाने का निर्देश क्यों नहीं देते ? पुलिस लापरवाही के चलते कल जरहा भाटा में रिश्तों का कत्ल हो गया ।

मंगलवार रात जमीन विवाद के चलते परिवार में खूनी संघर्ष हो गया। छोटे भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर बड़े भाई के परिवार पर तलवार, कुल्हाड़ी और रॉड से हमला कर दिया। भाई और भाभी की हत्या कर दी। दो भतीजियां गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी, उसकी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि विवाद सुबह से ही चल रहा था। इसको लेकर सकरी थाने में शिकायत की गई थी, पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जरहाभाठा ओमनगर के बैदु गैरेज के पास रहने वाले दीपक गढ़ेवाल (42) चार भाई थे। इसमें एक भाई ने शादी नहीं की, जबकि एक छोटे भाई की मौत हो चुकी है। दीपक अपनी पत्नी पुष्पा (40), बेटी हर्षिता (20) व रोशनी गढ़ेवाल (23) के साथ रहता था। पड़ोस में ही उसका सबसे छोटा भाई ओम प्रकाश गढ़ेवाल (40) अपनी पत्नी संगीता गढ़ेवाल (39) व दो नाबालिग बेटियों के साथ रहता है। परिवार की सकरी के ग्राम पांड़ में 7 एकड़ पैतृक जमीन है। इसे ही लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा है। दीपक के छोटे भाई की पत्नी नीलम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह उसके जेठ-जेठानी अपने हिस्से के खेत में धान की बुआई करने के लिए पांड़ गए थे। वहां ओम प्रकाश पहले से गुंडे लेकर पहुंचा था। उन लोगों ने जेठ-जेठानी को दोपहर में ही खेत से भगा दिया। वहां से लौटने के बाद जेठ दीपक अपनी पुष्पा के साथ सकरी थाने शिकायत करने पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया, पर किया कुछ नहीं। इसके चलते वह घर लौट आए। नीलम ने पुलिस को बताया कि घर लौटते ही ओम प्रकाश उसकी पत्नी संगीता व उनकी नाबालिग बेटियों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते चारों ने मिलकर तलवार, कुल्हाड़ी और रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने दीपक व पुष्पा की हत्या कर दी। वहीं उनकी दो बेटियां हर्षिता और रोशनी घायल हो गई हैं। उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। नीलम ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके एक जेठ और हैं, जो दीपक के ही परिवार के साथ रहते थे। ओम प्रकाश अपने भाइयों की जमीन हड़पना चाहता था।

### हमले में आरोपी भाई व पत्नी भी घायल

जमीन विवाद के चलते हुई इस खूनी संघर्ष में आरोपी ओम प्रकाश और उसकी पत्नी भी घायल हो गई हैं। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद ओम प्रकाश व उसकी पत्नी व बेटियां थाने पहुंच गईं। मोहल्लेवालों ने हत्या की जानकारी दी, तब पुलिस घटनास्थल पहुंची। इस बीच दोनों शव के साथ ही घायल लड़कियों को सिम्स भेजा गया। पुलिस ने मामले में आरोपी ओमप्रकाश, संगीता व उनकी दो नाबालिग लड़कियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ओम प्रकाश बोला-ऑटो में तोड़फोड़ कर रहा था बड़ा भाई

इधर, पुलिस गिरफ्त में आए ओम प्रकाश ने बताया कि उसका बड़ा भाई दीपक उसकी ऑटो में तोड़फोड़ कर रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी संगीता व बेटियां उन्हें मना करने पहुंचीं, तब दीपक ने संगीता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गिर गई। पत्नी को गिरते देखकर ओमप्रकाश आया और दीपक से कुल्हाड़ी लेकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403